**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

रविवार, 15 जून, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 161, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संस्थागत मध्यस्थता की वकालत करते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। } 14

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। } 16



## द.अफ्रीका ने 27 साल बाद जीती विश्व टेस्ट चैंपियनशिप




एजेंसी

लंदन। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए जरूरी 69 रन बनाकर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत ली। दक्षिण अफ्रीका ने 27 वर्षों में अपना पहला बड़ा क्रिकेट खिताब जीता जिसके बाद लॉर्ड्स मैदान पर टीम के खिलाड़ी और प्रशंसकों ने जम कर जश्न मनाया। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। **(विस्तृत खबर भीतर)**

## ब्लैक बॉक्स को किया जा रहा 'डिकोड', जल्द खुलेंगे राज

### केन्द्र ने बनायी जांच समिति तीन महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

एजेंसी





अहमदाबाद/नयी दिल्ली। अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 270 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है।

जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर (एआई171) के बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान एआई 171 में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य थे जिनमें से एक को छोड़कर सभी की मौत हो गई है। वहीं, विमान मेडिकल कॉलेज परिसर पर गिरा जिससे जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्रों सहित 29 अन्य लोगों की भी जान चली गई। विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अब 19 जून को होगा एक्सिओम मिशन

नयी दिल्ली। स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक्सिओम अंतरिक्ष मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। इसरो ने कहा एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है। नासा की भूतपूर्व अंतरिक्ष यात्री एवं एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पैगी व्हिटसन वाणिज्यिक मिशन की कमान संभालेंगी।

### प्रयागराज : डंपर पलटने से तीन लोगों की मौत

प्रयागराज (उप्र)। प्रयागराज जिले में गंगा नगर के हंडिया थानाक्षेत्र में सैदाबाद बाजार के पास शनिवार दोपहर बालू लदा एक डंपर एक ऑटो पर पलट गया जिससे ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गई एवं तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि शनिवार दोपहर सैदाबाद बाजार के पास एक डंपर एक ऑटो पर पलट गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई, एवं तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हाइड्रोलिक फेल हो जाने के कारण डंपर बगल से गुजर रहे ऑटो पर पलट गया जिसके बाद वहां मौजूद लोगों और पुलिस ने ऑटो में दबे लोगों को बाहर निकाला लेकिन उनमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# इजरायल-ईरान में हमले तेज, वर्ल्ड वार की आहट

## दोनों देशों ने एक-दूसरे पर दागीं सैकड़ों मिसाइलें व ड्रोन से किया अटैक, कई लोगों की हुई मौत

एजेंसी





दुबई। ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। इजराइल ने साथ ही देश में पहले से गोपनीय तरीके से लाए गए ड्रोनों का भी इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है। बाघेई ने कहा, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिये आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। हालांकि, उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है। ईरान की न्यायपालिका ...शेष पृष्ठ 14 पर

### इजरायल और ईरान युद्ध को लेकर भारत अपने रुख पर कायम

नयी दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्वारा इजराइल के सैन्य हमलों की आलोचना करते हुए जारी किए गए बयान के बाद भारत ने शनिवार को कहा कि इजराइल-ईरान स्थिति पर उसका रुख पहले की तरह ही है और उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तनाव कम करने के लिए वार्ता और कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग करने का आग्रह किया।

भारत ने शुक्रवार को कहा था कि वह ईरान और इजराइल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बेहद चिंतित है और उभरती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है, हालांकि नयी दिल्ली ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचने का आग्रह किया था। एससीओ द्वारा 14 जून को जारी बयान में कहा गया, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देश पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और 13 जून को इस्लामी गणतंत्र ईरान के क्षेत्र पर इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। वर्तमान में चीन एससीओ की अध्यक्षता कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नीट-यूजी परिणाम : शीर्ष पर राजस्थान के महेश कुमार

### सबसे अधिक यूपी के छात्र उत्तीर्ण, मध्य प्रदेश का उत्कर्ष दूसरे पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया। अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किये हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किये हैं। एनटीए के निदेशक (परीक्षा) कर्नल बी विजय कुमार ने कहा एनटीए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर परीक्षा आयोजित करती है और परिणाम घोषित करती है। प्रवेश प्राधिकारी अब अपने अधिकार क्षेत्र में उपलब्ध एमबीबीएस और बीडीएस सीटों के लिए अखिल भारतीय रैंक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत

सिद्धार्थनगर/हमीरपुर (उप्र)। सिद्धार्थनगर जिले के बांसी थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

वहीं, हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला ने दम तोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक आकाशीय बिजली गिरने से बांसी क्षेत्र के गोहर गांव की सड़क पर फेरी के लिए जा रहे एक व्यक्ति की जान चली गई। अभी उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उड़वलिया निवासी इरशाद अहमद (23) अपनी शादी के लिए खरीदारी करने जा रहा था, तभी बाजारडीह के पास आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी। उसके साथ मोटरसाइकिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमित शाह आज बांटेंगे नियुक्ति-पत्र

### सीएम योगी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को रविवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि

❍ **लखनऊ में 60,244 सिपाहियों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम से पूर्व डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में भव्य समारोह की तैयारी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए। सीएम के साथ प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद व पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने भी वृन्दावन स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान बुनियादी सुविधाओं से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक का जायजा लिया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने पत्रकारों को बताया कि डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.04 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 32.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ ऑटो मोड में अब एक दिन में हो रहा व्यापार पंजीयन (पृष्ठ-02)
❍ आईटीबीपी राष्ट्र की संप्रभुता का सजग प्रहरी (पृष्ठ-02)
❍ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली ढेर (पृष्ठ-14)
❍ मनोहर लाल ने की परमाणु ऊर्जा परियोजना की समीक्षा (पृष्ठ-14)
❍ अब तक 11 लोगों की डीएनए से हुई पहचान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — 15 से पश्चिम व पूरब में बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार

# भीषण गर्मी और लू की चपेट में पूरा उत्तर भारत

विशेष संवाददाता



लखनऊ। पूरा उत्तर भारत इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। गर्मी, लू और उमस से लोग बेहाल हैं। सुबह 8 बजे से शाम तक धूप तन झुलसा रही है। इस बीच चली धूल भरी तेज हवा भी तापमान नहीं गिरा सकी। गर्मी के मीटर में आगरा फिर पहले स्थान पर रहा।

अधिकतम तापमान बृहस्पतिवार की तुलना में 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी के साथ आगरा 45 डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान के साथ गर्मी में प्रदेश में फिर पहले स्थान पर रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी 31.2 डिग्री सेल्सियस के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और आर्द्रता बढ़ने से लोगों को ज्यादा गर्मी सता रही है। बृहस्पतिवार की रात न्यूनतम तापमान सबसे अधिक रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा। आर्द्रता का स्तर रात साढ़े 8.30 बजे 69 तक पहुंचने के कारण उमस ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार मध्य क्षोभ मंडल में आ रहे पश्चिमी विक्षोभ और निचले क्षोभ मंडल में द्रोणी के प्रभाव से पुरवा हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा। इसके बाद 14-15 जून से तेज धूल भरी हवा, हल्की वर्षा के चलते तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि गर्मी और उमस से छुटकारा नहीं मिलेगा। 19 जून से प्रदेश में मानसून सक्रिय होने से लू की स्थिति से छुटकारा मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चलने ऑरेंज अलर्ट और अन्य 14 जिलों में लू के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी यूपी में 14 जून तक इस प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत की उम्मीद नहीं है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 14 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है। इसके बाद 15 जून से पश्चिम व पूरब दोनों संभागों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं।

## अमेरिका में दो सांसदों पर घर में घुसकर गोलीबारी

एजेंसी

ब्लेन। मिनेसोटा प्रांतीय सदन की पूर्व स्पीकर मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति की राजनीतिक रूप से प्रेरित गोलीबारी में हत्या कर दी गई जबकि एक दूसरे जनप्रतिनिधि और उनकी पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया गया। यह जानकारी मिनेसोटा गवर्नर टिम वाल्ज ने दी।

इन लक्षित हत्याओं के बाद अधिकारी एक संदिग्ध की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं। वाल्ज ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मिनेसोटा और पूरे देश में हम सभी को, सभी प्रकार की राजनीतिक हिंसा के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। घायल जनप्रतिनिधि की पहचान प्रांतीय सीनेटर जॉन हॉफमैन के रूप में की गई है, जो डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और पहली बार 2012 में निर्वाचित हुए थे। इससे पहले वे एनोका हेन्नेपिन स्कूल बोर्ड के उपाध्यक्ष रह चुके हैं, जो मिनेसोटा के सबसे बड़े स्कूल जिले का प्रबंधन करता है। हॉफमैन विवाहित हैं और उनकी एक बेटी है। हॉर्टमैन प्रांतीय विधानमंडल में शीर्ष सदन डेमोक्रेटिक नेता और पूर्व सदन अध्यक्ष थीं। वह पहली बार 2004 में निर्वाचित हुई थीं। आपराधिक जांच ब्यूरो के अधीक्षक ड्रू इवांस ने कहा कि अधिकारी सक्रिय रूप से संदिग्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# ऑटो मोड में अब एक दिन में हो रहा व्यापार पंजीयन

## न नवीनीकरण का झंझट, न कर्मचारियों के बिना पंजीयन का झोल, यूपी में योगी मॉडल से व्यापार हुआ आसान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में व्यापार करना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए नीतिगत सुधारों ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को नई गति दी है। दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 के अंतर्गत की गई व्यापक बदलावों ने न केवल व्यापारियों का विश्वास जीता है, बल्कि पंजीकरण और संचालन में पारदर्शिता, सरलता और गति सुनिश्चित की है। योगी सरकार की नीतियों से प्रदेश में सरल प्रक्रिया, सुरक्षित वातावरण और तेज प्रगति के साथ उत्तर प्रदेश 'नए भारत' के आर्थिक नक्शे पर चमकता सितारा बना रहा है।

- सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बना उद्यमियों की पहली पसंद
- आईटी कंपनियों को 24Ø7 काम की छूट, महिलाएं भी रात्रिकालीन शिफ्ट में काम करने को तैयार
- राजस्व में तीन साल में दोगुनी बढ़त, हर साल पंजीकृत इकाइयों की संख्या में नया रिकॉर्ड
- छोटे व्यापारियों को मिल रही है सुरक्षा, सरलता और सुविधा, यूपी में बढ़ रहा है व्यापारियों का भरोसा



**ऑटो मोड प्रणाली से एक दिन में हो रहा पंजीकरण :** योगी सरकार द्वारा लागू की गई ऑटो मोड प्रणाली के तहत अब व्यापारी बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एक ही दिन में अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण करा सकते हैं। इस क्रांतिकारी व्यवस्था ने जहां लंबी प्रक्रियाओं और कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाई, वहीं नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर व्यापारियों को साल-दर-साल लगने वाली औपचारिकताओं से भी राहत दी है।

यही नहीं, ऐसे प्रतिष्ठान जिनमें कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं है, उन्हें अब पंजीकरण की बाध्यता से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। इससे छोटे कारोबारियों और स्वरोजगार करने वालों को सीधी राहत मिली है। योगी सरकार ने प्रदेश में आईटी सेक्टर को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24गुणे 7 कार्य की अनुमति दे दी है, बशर्ते सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इससे स्टार्टअप्स, बीपीओ, और सॉफ्टवेयर कंपनियों को रात-दिन संचालित रहने का अवसर मिल रहा है, जो राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

**महिलाओं को रात्रिकालीन पाली में कार्य करने की अनुमति :** महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से रात्रिकालीन पाली में कार्य करने की अनुमति भी दी गई है। इसके लिए प्रतिष्ठानों को परिवहन और सुरक्षा से संबंधित शर्तों का पालन करना होगा। यह कदम महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ श्रमबल में विविधता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय पहल है। राज्य सरकार की इन पहलों का प्रत्यक्ष प्रभाव भी सामने आया है।

**हर साल पंजीकृत इकाइयों की संख्या में नया रिकॉर्ड :** वित्तीय वर्ष 2022-23 (अगस्त 2022 से मार्च 2023) में जहां 27,014 इकाइयों का पंजीकरण हुआ और ?1856.42 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ, वहीं 2023-24 में पंजीकृत इकाइयों की संख्या बढ़कर 44,091 हो गई और राजस्व ?3496.94 लाख तक पहुँच गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 45,551 इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, जिससे 3770.50 लाख का राजस्व अर्जित हुआ है। ये आंकड़े दशार्ते हैं कि किस तरह ये सुधार न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति दे रहे हैं, बल्कि राजस्व में भी अभूतपूर्व वृद्धि कर रहे हैं। इन नीतिगत बदलावों के साथ उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी व्यापारिक राज्यों की पंक्ति में मजबूती से खड़ा हो रहा है।

## 76 सेतु परियोजनाओं को पूरा करने में लगा सिर्फ साल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार नए प्रतिमान गढ़ रही है। सीएम योगी के विजन का असर है कि प्रदेश में मात्र एक साल में 76 सेतु परियोजनाओं का निर्माण उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए पूरा कर लिया गया है। लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस उपलब्धि को हासिल किया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा जिन 76 सेतु परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया उनमें 43 नदी सेतु, 28 आरओबी व 5 फ्लाईओवर शामिल हैं। खास बात यह है कि यह उपलब्धियां केवल एक वर्ष की अवधि तक सीमित नहीं है। सीएम योगी के अब तक के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्य प्रदेश की भविष्य की जरूरतों अनुसार उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले 8 वर्षों में सीएम योगी के निर्देश व मार्गदर्शन में उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने कुल 471 सेतु परियोजनाओं के उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण में सफलता प्राप्त की है। इसमें 313 नदी सेतु, 143 आरओबी तथा 15 फ्लाइओवर शामिल हैं।

- सीएम योगी के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 76 सेतु परियोजनाएं पूर्ण
- 43 नदी सेतु, 28 आरओबी व 5 फ्लाईओवर के उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण में सफल रही योगी सरकार
- सीएम योगी के अब तक के कार्यकाल में कुल 471 सेतु परियोजनाओं को पूर्ण करने में मिली सफलता

लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के अनुसार, उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड के टर्नओवर में भी सीएम योगी के अब तक के कार्यकाल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक ओर, वित्तीय वर्ष 2017-18 में जहां कुल टर्नओवर 1013.74 करोड़ था, वहीं वित्तीय वर्ष 2018-19 में यह बढ़कर 1360.34 करोड़ पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 में भी वृद्धि दर्ज करते हुए टर्नओवर क्रमशः 1511.18 करोड़, 1936.92 करोड़ तथा 1959.33 करोड़ रहा। वर्ष 2022-23 में हालांकि टर्नओवर में कुछ कमी आई और वह 1946 करोड़ के स्तर पर रहा। इसके बाद वर्षों में टर्नओवर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2023-24 में टर्नओवर बढ़कर 2376 करोड़ हो गया जबकि 2024-25 में यह 2583 करोड़ रुपए हो गया। यानी, वित्तीय वर्ष 2017-18 से लेकर 2024-25 तक उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड के टर्नओवर में 2.5 गुना वृद्धि हुई है।

## 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना में खेत तालाब निर्माण पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि में जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के उपघटक 'अदर इंटरवेंशन' के तहत वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2017-18 से अब तक प्रदेश में 37,403 खेत तालाब निर्मित किए जा चुके हैं, जो हमारे किसानों के अथक प्रयासों और सरकार की नीतियों का परिणाम है।



किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने और भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से, वर्ष 2025-26 में भी खेत तालाब निर्माण का कार्य जारी रहेगा। इसके लिए किसानों के ऑनलाइन चयन की प्रक्रिया 3 जून से शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि लघु तालाब के लिए आकार 22 गुणा 20 गुणा 3 मीटर। इसकी निर्धारित लागत 1,05,000 है, जिस पर प्रति इकाई 52,500 का अनुदान देय होगा। शेष 52,500 कृषक अंश होगा। अनुदान पर खेत तालाब की बुकिंग के लिए विभागीय वेबसाइट पर विभागीय पोर्टल में पंजीकृत कृषक पहले आओ, पहले पाओ सिद्धांत पर 3 जून से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। पोर्टल से कन्फर्म टोकन की सूचना कृषक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। साथ ही, पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करने की अंतिम तिथि भी प्रदर्शित होगी। किसी कारणवश मोबाइल पर एसएमएस न पहुंचने पर पोर्टल पर प्रदर्शित अंतिम तिथि ही मान्य होगी। खेत तालाब के लिए टोकन मनी 1,000 होगी, जिसे कृषक द्वारा बुकिंग करते समय ऑनलाइन जमा किया जाएगा। जिस खेत में तालाब खुदवाना है, उसकी खसरा, खतौनी तथा निर्धारित घोषणा पत्र पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर बुकिंग स्वतः निरस्त हो जाएगी और टोकन मनी जब्त कर प्रतीक्षा सूची से अगले किसान का टोकन कन्फर्म किया जाएगा। पंपसेट अनुदान के लिए वही लाभार्थी कृषक पात्र होंगे जिन्होंने पंजीकरण की तिथि तक उद्यान विभाग के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित कर ली है एवं खेत तालाब योजनांतर्गत तालाब निर्माण का कार्य भी पूर्ण कर लिया है। इस संबंध में कृषि मंत्री से सुविधा आप सही ने किसानों से अपील की है कि प्रदेश के सभी पात्र किसान इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और जल संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान में अपना योगदान दें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने जनपद के कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संपर्क करें।

## प्रेरणा कैन्टीन के जरिये लखपति बनेगी समूहों की दीदियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देंशो के क्रम मे लखपति दीदी के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में समूहों की दीदियो को नयी-नयी गतिविधियों से जोडने के कार्य किये गये हैं। इसी कड़ी मे प्रेरणा कैन्टीन महिला स्वावलम्बन व सशक्तिकरण के सरकारी प्रयासों मे यह एक महत्वपूर्ण कडी जुडी हुयी है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित प्रेरणा कैन्टीनो के जरिए समूहों की दीदियों की आमदनी बढ़ाने के प्रयासो को और अधिक धार देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व मे ही ग्राम्य विकास विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रदेश में प्रेरणा कैंटीन के द्वारा समूह के सदस्यों को आर्थिक आय का एक प्रबल आधार मिल रहा है। समूह की सदस्य रुचि से यह उद्यम कर रही है। समूह की महिलाओ द्वारा प्रदेश मे 1876 से अधिक प्रेरणा कैन्टीन का संचालन किया जा रहा है, जिसमे 832 प्रेरणा कैन्टीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हैं। प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, विकास भवनों, चयनित महाविद्यालयो आदि में यह प्रेरणा कैन्टीन समूह की 5628 दीदियों द्वारा संचालित की जा रही हैं। इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ साथ, आमदनी बढ़ने से अपने घर-परिवार का आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक विकास अच्छी तरीके से कर रही हैं और लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन से शिष्टाचार मुलाकात कर पुस्तिका भेंट की

## गांव और पंचायतें ही देश की असली ताकत : सुनील सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन सहारनपुर में शनिवार को लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह की अगुवाई में हुआ। इस दौरान उनका स्वागत जोरदार तरीके से संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान सुनील सिंह ने कहा कि गांव और पंचायतें ही देश की असली ताकत हैं। जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, देश प्रगति नहीं कर सकता। आज जरूरत है पंचायतों को अधिकार, सम्मान और संसाधन देने की। उन्होंने वर्तमान सरकार पर पंचायतों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले वर्षों में ग्राम प्रधानों, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों को केवल 'कागजी अधिकार' दिए गए हैं, जबकि असल में प्रशासनिक तंत्र उनकी बातों को नजरअंदाज करता है। सम्मेलन में सैकड़ों पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लोकदल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पार्टी की तरफ से आगामी पंचायत चुनावों के लिए संगठनात्मक दिशा-निर्देश भी जारी किये गये।




## रक्तदान दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**लखनऊ।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शनिवार शाम अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा समिति के पदाधिकारी व संयोजक अंकित पाण्डेय के नेतृत्व में नहर अवध चौराहे से संत आशुदाराम आश्रम तक पैदल रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिटायर्ड आई जी राजा राम सहित स्थानीय लोगों में संतराम चांदवानी, मुकेश केसरवानी, सुशील चांदवानी, दर्शन लाल, गीता पल्ली वार्ड पार्षद रिचा आदर्श मिश्रा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान हाथों में तख्तियां बैनर लेकर अवध चौराहे से संत आशुदाराम आश्रम तक रक्तदाताओं ने जागरूकता रैली निकाल रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## आईटीबीपी राष्ट्र की संप्रभुता का सजग प्रहरी है : धामी

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** आईटीबीपी का यह अनूठा अभियान केवल साहसिक ट्रैकिंग तक सीमित नहीं, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक निगरानी, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान, तथा स्थानीय परंपराओं के संरक्षण का भी संवाहक है।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

- सीएम धामी ने आईटीबीपी के 'हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025' को दिखाई हरी झंडी
- आईटीबीपी देश की संप्रभुता का प्रहरी : सीएम धामी ने सेवा भावना को किया नमन



आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल उत्तराखंड से हिमाचल होते हुए लद्दाख तक 1,032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के वीर जवान सेना व अर्धसैनिक बलों में सेवा कर देश की रक्षा में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने 1962 से अब तक आईटीबीपी द्वारा निभायी गयी सीमाओं की रक्षा, आपदाओं में राहत कार्य और सेवा भावना को नमन करते हुए कहा कि यह बल राष्ट्र की संप्रभुता का प्रहरी है। मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों और बलिदानियों के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शहीदों की अनुग्रह राशि 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख की गयी है। सरकारी नौकरी में समायोजन की अवधि 2 से बढ़ाकर 5 वर्ष की गयी है। निःशुल्क बस यात्रा, स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बेटियों के विवाह के लिए अनुदान जैसी पहल शुरू की गयी है। आईटीबीपी के आईजी संजय गुंज्याल ने बताया कि इस अभियान के तहत 27 घाटियों व 27 दर्रों को पार करते हुए दल 84 वाइब्रेंट विलेज से गुजरेगा। इस दौरान 3.5 लाख फलदार पौधे स्थानीय निवासियों को वितरित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करना और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव गृह शैलेश बगौली, डीजीपी दीपम सेठ, आईजी आईटीबीपी गिरीश चंद्र उपाध्याय समेत आईटीबीपी के कई अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है : अविनाश पांडे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग विभाग उप्र कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज यादव के संयोजन में शनिवार को भागीदारी न्याय महासम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं राष्ट्रय सचिव, सह प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रदीप नरवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भागीदारी न्याय महासम्मेलन का संचालन जितेन्द्र पटेल ने किया।

- राहुल गांधी के मिशन जितनी आबादी उतना हक के लिए मिलकर करेंगे संघर्ष : अजय राय
- आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी देने का वक्त आ गया : डॉ. अनिल जयहिन्द




सम्मेलन में डॉ. अनिल जयहिन्द संबोधित करते हुए कहा कि देशभर के 90 प्रतिशत पिछड़े, दलित आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। उनके शोषण का प्रमुख कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी न होना। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निश्चित रूप से बहुजन समाज के लोगों को हिस्सेदारी और न्याय मिलेगा। आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी का वक्त अब आ चुका है जिसे अब दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक सकती है।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि 2025 का वर्ष कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन का वर्ष है। सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। प्रदेश में कांग्रेस प्रदेशभर में शोषित, वंचित समाज के लोगों की आवाज बनेगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित है जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि हम सब मिलकर संविधान को मजबूत करें ताकि देशभर में फैले आर्थिक असामानता, जातीय शोषण, सांप्रादायिकता को जड़ से समाप्त किया जा सके। कार्यक्रम में मनोज यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग विभाग भाजपा की पक्षपाती सरकार द्वारा प्रदेशभर में प्रतिदिन पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अन्याय के हर मुद्दे पर उनकी आवाज बनेगी और शीर्ष नेतृत्व तक हर शोषण भेदभाव से अवगत करायेगी। इस मौके पर उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उप्र प्रदीप नरवाल, सुशील पासी, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव जी ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, विश्वविजय सिंह, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, देवेन्द्र निषाद, राहुल राय प्रजापति, सुनीता सिंह पटेल सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फरूर्खाबाद में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में लूट-खसोट है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट से स्थिति भयावह है। गर्मी से लोग बेहाल है। बिजली नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार ने नौ साल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया गया। बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा है।

किसान संकट में है। फसलों की खरीद में भी भ्रष्टाचार हो रहा है।अखिलेश यादव ने कहा कि नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार सरकारी विभागों को



निजी हाथों में बेंच दे रही है। आरक्षण खत्म कर रही है। उत्तर प्रदेश में तमाम सवाल है। इन सवालों को लेकर समाजवादी पार्टी जनता के बीच है।

## अखिलेश ने पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज से पूर्व सांसद रहे छोटे सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक जताया। छोटे सिंह यादव का शुक्रवार को लखनऊ में मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। अखिलेश यादव ने शनिवार को फरूर्खाबाद स्थित छोटे सिंह यादव के आवास पर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा है कि छोटे सिंह यादव पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। उनका नेताजी का वर्षों का साथ था छोटे सिंह यादव का साथ राजनीतिक सम्बंधों से आगे का था।

# हैदर कैनाल के किनारे बनेगी ग्रीन वैली

## कैफेटेरिया संग तैयार होगा इंटरटेनमेंट जोन, 1090 चौराहा (बालू अड्डा) से डीजीपी आवास के बीच यातायात होगा सुगम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कालीदास चौराहे से डीजीपी आवास के बीच हैदर कैनाल के किनारे ग्रीन वैली बनेगी। यहां देसी प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाये जाएंगे। टहलने के लिए दोनों तरफ पाथ-वे बनेगा। साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए कैफेटेरिया व इंटरटेन्मेंट जोन विकसित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को जोन-6 में कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए इस बाबत निर्देश दिये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि कालीदास चौराहे से डीजीपी आवास के मध्य 950 मीटर लंबाई में हैदर कैनाल का सुदृढ़ीकरण लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। इसमें आर0सी0सी0 नाले का निर्माण, स्लोप पर स्टोन पिचिंग का कार्य, सुरक्षा के दृष्टिगत रेलिंग की स्थापना व नाले के दोनों तरफ पाथ-वे का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में यह जगह लोगों के मनोरंजन का केन्द्र बन सके, इसके लिए कैनाल के किनारे रिक्त भूमि को ग्रीन स्पेस में तब्दील किया जाएगा। जिसके लिए वहां देसी प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाने के साथ हॉर्टीकल्चर के आकर्षक कार्य कराये जाएंगे। स्थल पर गार्ड रूम, ट्रायलेट ब्लॉक, सिटिंग एरिया आदि विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा यहां लोगों की सुविधा के लिए कैफेटेरिया व इंटरटेन्मेंट जोन विकसित किया जाएगा, जिसके लिए आर0एफ0पी0 तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।



- 10 दिन में तैयार हो जायेगी 920 मीटर लंबी बंधा रोड

### बटलर झील में एसटीपी से आयेगा पानी

उपाध्यक्ष ने बटलर झील का भी निरीक्षण किया। यहां कैफेटेरिया, गजीबो, पेडेस्ट्रियन ब्रिज, व्यूइंग डेक, पाथ-वे, लाइटिंग, हॉर्टीकल्चर आदि के समस्त कार्य पूर्ण हो गये हैं। झील में डालीबाग एसटीपी से ट्रीटेड वॉटर की आपूर्ति होनी है, जिसके लिए एसटीपी से झील तक पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। उपाध्यक्ष ने इसका निरीक्षण करके निर्देश दिये कि 10 दिन के अंदर पाइप लाइन कनेक्ट करते हुए झील में जलापूर्ति शुरू करा दी जाए।

### 10 दिन में तैयार हो जायेगी बंधा रोड

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने 1090 चौराहा (बालू अड्डा) से डीजीपी आवास के मध्य लगभग 3.6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही 920 मीटर लंबी बंधा रोड के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10 दिन के अंदर रोड का काम पूर्ण करा लिया जाए। नयी रोड चालू होने से लोगों को आवागमन के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। इससे 1090 चौराहे पर ट्रैफिक का लोड कम होगा और यातायात सुगम बनेगा।

### कर्मचारियों की हाजिरी चेक की

- उन्होंने बटलर पैलेस में कराये जा रहे फसाड व सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया। प्रथम चरण का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराकर दूसरे चरण का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये गये। इसके बाद उपाध्यक्ष ने गोमती नगर स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने फेस रेकेग्निशन मशीन व रजिस्टर से कर्मचारियों की हाजिरी का मिलान कराया, जिसमें उपस्थिति संतोषजनक पायी गयी। निरीक्षण में मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा व जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।



गोमती नदी में बच्चों की टोलियां तपिश से राहत पाने के लिए उतरीं, कोई हवा में कलाबाजी करता नजर आया तो कोई पानी में डुबकी लगाकर तैराकी का मजा लेते दिखा। फोटो-अमित वर्मा

## बिजली संविदा कर्मियों ने काम बंद कर मांगा वेतन

**लखनऊ।** गर्मी में समय पर बिजली फाल्ट हो सही किया जा रहा है। लेकिन संविदाकर्मियों को समय पर वेतन नही मिलने से नाराज चौक डिवीजन से जुड़े पांच बिजली उपकेंद्र के संविदा कर्मियों ने शनिवार को दो घंटे तक काम बंद रखा। एसडीओ के आश्वासन के बाद काम पर लौट आए। चौक डिवीजन से जुड़े नादान महल रोड, विक्टोरिया, महताब बाग, घंटाघर और मेडिकल कॉलेज सब स्टेशन के लगभग 40 संविदा कर्मचारियों ने दोपहर 12 बजे काम बंद कर दिया। जानकारी मिलने पर जेई और एई ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने कहा कि मई महीने का वेतन अब तक नहीं आया है।

# स्वैच्छिक रक्तदान को मिले बढ़ावा : प्रमुख सचिव

## आरएसएम संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ में मना विश्व रक्तदाता दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने

विश्व रक्तदाता दिवस₹ पर आयोजित वृहद रक्तदान शिविर का उदघाटन किया। इस मौके पर प्रमुख सचिव, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य व सीएमएस ने सबसे पहले रक्तदान किया। आरएसएस हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रमुख सचिव ने कहा कि 14 जून को पूरे विश्व में स्वैच्छिक रूप से नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान कर उन्हें धन्यवाद दिया जाता है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस का नारा है- ₹रक्त दें, आशा दें:साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।₹ हम सबको इस स्लोगन का सम्मान करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना होगा।




- प्रधानमंत्री की 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत रोपा चंदन का पौधा

इस मौके को खास बनाने के लिए मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री की मुहिम ₹एक पेड़ मां के नाम₹ के तहत लाल चंदन का पौधा रोप कर प्रत्येक मां को अपना सम्मान समर्पित किया। प्रमुख सचिव ने हॉस्पिटल का भ्रमण भी किया गया। उन्होंने नए एमएनसीयू वार्ड की प्रशंसा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर विशेष अतिथि अपर निदेशक डॉ जी पी गुप्ता, चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ यूएस लाल, डॉ एसके सिंह, डॉ गिरीश पांडे, डॉ मुनीश कुमार, डॉ अशोक, डॉ अजीत, डॉ नमिता अवस्थी, डॉ मोना श्रीवास्तव, डॉ स्नेह लता त्रिपाठी, डॉ उबैद, डॉ अजित, चीफ फार्मासिस्ट राजेश झा, दिलीप, आलोक सिंह, महेश वर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ अभिषेक सहित अन्य चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित थे ' आरएसएम हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी. के. शर्मा ने बताया कि रक्तदान-रक्तकोष का कार्य बलरामपुर चिकित्सालय की टीम के द्वारा किया गया। आज 150 लोगों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया। इसमें से 74 लोगों को रक्तदान के लिए चुना गया। इन सबने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसमें राम सागर मिश्र हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों, राजेन्द्र नर्सिंग कॉलेज, बोरा नर्सिंग कॉलेज, समर्पण नर्सिंग कॉलेज व एसएम नर्सिंग कॉलेज के बच्चों ने भी रक्तदान किया।

# लेसा के तारों को मौसम का इंतजार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर से लेकर नादरगंज तक बिजली कटौती जारी है। कही एक घण्टे के कटौती हो रही है तो कही 12 घण्टे तक बिजली कटौती हो रही है। गर्मी का आलम यह है कि पुरानी एबीसी लाईन पोल पर ही जलना शुरु हो जा रही है। जबकी ट्रांसफार्मर में तेल कम और क्षमता से अधिक लोड़ होने के कारण आग लग जा रही है। ट्रांसफार्मर को बदलने में भी घण्टो बिजली कटौती हो रही है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि लेसा के तारो को अब मौसम का ही सहारा रह गया है। जब तक पानी नही गिरेगा तब तक ट्रांसफार्मर और एबीसी तार जलना कम नही होगा। जब पानी ट्रांसफार्मर पर गिर जायेगा तो गर्मी कम हो जायेगी।

दुबग्गा मुख्य सड़क के किनारे कामर्शियल दुकाने होने के कारण बिजली की आवश्यकता ज्यादा रहती है लेकिन गुरुवार को दोपहर में बिजली कटौती से दुकानदार परेशान होकर बिजली घर पहुंचे जहां अधिकारियों द्वारा बताया गया कि एबीसी लाईन जलने के वजह से बिजली कटौती हुई है जल्द ही बिजली चालू कर दिया जायेगा। दुकानदार रामअशोक ने बताया कि गर्मी ज्यादा होने के कारण ग्राहक दुकान के अन्दर नही आते है।

जबकि कामर्शियल कनेक्शन का दाम आम उपभोक्ता से दो गुना बिल देना पड़ता है। चन्दर नगर बिजली उपकेन्द्र पर सर्वर स्लो होने के कारण घण्टो बिजली बिल नही जमा हो सका। जबकी उपभोक्ता गर्मी में लाईन लगाकर बिल जमा करने के लिए खड़े रहे। विशाल खण्ड में शांम होते ही बिजली कटौती शुरु हो जाती है। जेई ने बताया कि पेड़ तार पर लगने के कारण बिजली ट्रिप हो जाती है। पेड़ की छटाई कराने तक कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद करना पड़ता है।

## सीएम योगी ने मंत्री की जुड़वा नातिनों को स्नेहपूर्वक खिलाया

- मंत्री नरेंद्र कश्यप ने परिवार सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की भेंट



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिवार सहित भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मीयता पूर्वक मंत्री नरेंद्र कश्यप के परिवार के साथ सौहार्द्रपूर्ण संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंत्री कश्यप की जुड़वा नातिनों को गोद में उठाकर स्नेहपूर्वक खिलाया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मेरे परिवार को अपने स्नेह और आशीर्वाद से अभिसिंचित किया। मुख्यमंत्री का यह आशीर्वाद हमारे लिए गौरव, ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

# बसों के समय पर नहीं चलने से यात्री परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** परिवहन निगम की बस प्रदेश भर में चल रही है। कुछ जिलो में सीट से ज्यादा सवारी मिल रही है तो कुछ जिलो में सवारी कम होने के कारण परिवहन निगम को घाटा भी हो रहा है। ऐसे में बसों को सवारी के हिसाब से चलाने का निर्देश क्षेत्रिय परिहवन निगम के अधिकारी चालक को दे रहे है। सवारी के हिसाब से बस चलाने पर बस का समय बदल गया है। समय बदलने से गांव से शहर आने वाले सैकड़ो की संख्या मे यात्री घण्टों सड़क पर बैठकर बस का इंतजार कर रहे है।

परिहवन निगम की अनुबधिंत बस मालिक अभी अपने बकाये के लिए एमडी राजशेखर के सामने अपनी बात रख रहे है। ऐसे में परिहवन की बसों को यात्रियों को लाने- ले जाने की जिम्मेदारी है।

यात्री कम होने पर बस को समय पर नही चलाया जा रहा है। यात्रियों की संख्या पूरी होने पर ही बस को चलाया जा रहा है। समय पर बस नही चलाने से गांव के यात्री प्राइवेट गाड़िया कर दो गुना पैसा देकर शहर आ पा रहे है। चारबाग बस स्टेशन से भटनी जाने वाली बस के इंतजार में बैठी रामरती ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चों को लेकर घण्टों से बैठी हूं पर कोई भी बस नही जा रही है। उन्होंने कहा कि और जगह की बसे जा रही है पर गांव की तरफ जाने वाली बसों को घण्टो बाद भी नही जाने दिया जा रहा है जब इस बात की शिकायत परिवहन निगम के अधिकारियों से किया जा रहा है तो उनका एक ही जवाब मिलता है कि सवारी कम होने के कारण गांव की बसे कम भेजी जा रही है। लगभग 20 से 25 सवारी होने पर ही गाड़ियो को गांव तक भेजा जायेंगा। वहीं आलमबाग बस स्टेशन पर पिपरसंड जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे सर्वेश ने घण्टो इंतजार करने के बाद अधिकारियों ने बताया कि पिपरसंड जाने वाली रूट की बस मंगलवार को निरस्त रहेगी। लखनऊ के आरएम आरके त्रिपाठी का कहना है कि की राजस्व कम आने के कारण कुछ बसों को निरस्त किया गया है। लेकिन सवारी होने पर बस को भेजा जायेंगा।

# संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री से पूछे पांच सवाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निजीकरण के विरोध में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत संघर्ष समिति ने सप्ताहांत में निजीकरण को लेकर ऊर्जा मंत्री और पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच नए सवाल पूछे हैं। पिछले सप्ताह भी शनिवार को संघर्ष समिति ने पांच पांच प्रश्न किए थे। 22 जून को लखनऊ में हो रही बिजली महापंचायत में बिजली कर्मियों के साथ उनके परिवार माता, पिता, पत्नी और बच्चे भी सम्मिलित होंगे। प्रदेश भर में बिजली की आवासीय कॉलोनियों में आम सभाओं का दौर चलता रहा। चंद्रलोक स्थित हाइडिल कॉलोनी में संघर्ष समिति की आम सभा हुई। इस आम सभा में बिजली अभियंता और उनके परिवारजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। रविवार के दिन इन्द्र लोक हाइडिल कॉलोनी में आम सभा का आयोजन किया गया है। प्रदेश के अन्य जनपदों और परियोजनाओं पर भी आज आवासीय कॉलोनियों में आम सभा कर बिजली कर्मियों के साथ उनके परिवारों को भी निजीकरण से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। संघर्ष समिति ने पिछले सप्ताह शनिवार को निजीकरण के बाबत ऊर्जा मंत्री और पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच पांच सवाल पूछे थे। संघर्ष समिति ने सप्ताहांत में प्रश्न पूछने के इसी क्रम में ऊर्जा मंत्री और पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच नए सवाल पूछे।

घाटे के नाम पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है। पहला प्रश्न है - क्या यह सच है कि वर्ष 2024 - 25 में पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन ने कई निजी घरानों के उत्पादन घरों से एक भी यूनिट बिजली नहीं खरीदी और इन निजी घरानों को फिक्स कॉस्ट के एवज में 6761 करोड रुपए का भुगतान किया है ? यदि यह सच है तो इतने बड़े घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है। सरकारी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन निगम से 04 रुपए 26 पैसे प्रति यूनिट की दर पर बिजली मिलती है और जल विद्युत की बिजली मात्र 01रुपए प्रति यूनिट की दर पर मिलती है। सरकार ने बिजली उत्पादन के लिए उत्पादन निगम और जल विद्युत निगम में नए बिजली घरों की स्थापना नहीं की इस कारण बिजली की मांग को पूरा करने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर निजी घरानों से काफी महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। दूसरा प्रश्न है- क्या यह सच है कि के एस के महानंदी से 11 रुपए 58 पैसे प्रति यूनिट, बजाज के छोटे बिजली घरों से 10 रुपए प्रति यूनिट, ललितपुर से 06.50 रुपए प्रति यूनिट, रोजा से 06.05 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है ? यदि यह सच है तो इससे होने वाले हजारों करोड़ रुपए के घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है।

## अलीगढ़ फिर भेजे गये मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

**लखनऊ।** शनिवार को नगर विकास विभाग का ट्रांसफर आदेश चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) राजस्व सेवा के अशोक सिंह को लखनऊ में मुख्यकर निर्धारण अधिकारी के पद पर तैनात अशोक सिंह को एक बार फिर अलीगढ़ नगर निगम भेज दिया गया है। इससे पहले अशोक सिंह पूर्व में भी लखनऊ में रहे हैं, जबकि बाद में उनको अलीगढ़ तबादला कर दिया गया था। वर्ष 2023 में अशोक सिंह का लखनऊ से अलीगढ़ तबादला किया गया था। फिर इस आदेश के एक साल के बाद ही अशोक सिंह को लखनऊ वापसी हो गई थी। हालांकि, एक बार फिर उनका तबादला अलीगढ़ कर दिया गया है। बता दें अशोक सिंह का 15 महीने बाद रिटायरमेंट है इसी शर्त पर उनका तबादला लखनऊ हुआ था, मगर एक साल बाद ही दोबारा अलीगढ़ में ही तबादला करने के पीछे कोई बड़ी वजह मानी जा रही है। लखनऊ नगर निगम में विनीत कुमार राय को मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के पद पर भेजा गया है।

## एलडीए ने अपार्टमेंट में कैम्प लगाकर जमा किया 31.58 लाख रुपए अनुरक्षण शुल्क

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण फ्लैटों का अनुरक्षण शुल्क जमा करने के लिए अपार्टमेंट्स में कैम्प लगा रहा है। इस क्रम में शनिवार को गोमती नगर स्थित पारिजात अपार्टमेंट व जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-जे स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में कैम्प लगाया गया। जिसमें आवंटियों ने लगभग 31.58 लाख रुपए अनुरक्षण शुल्क जमा कराया। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि आवंटियों ने मांग की थी कि अनुरक्षण शुल्क जमा कराने के लिए अपार्टमेंट्स में ही कैम्प आयोजित किया जाए। जिस पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा जनहित में निर्णय लेते हुए स्थल पर ही कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गये थे। इसके अनुपालन में पारिजात एवं सृष्टि अपार्टमेंट में शनिवार को सुबह 11 बजे से शाम 5:00 बजे तक कैम्प लगाया गया। इसमें प्राधिकरण के अभियंत्रण व लेखा एवं वित्त अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सफाई में लापरवाही जोनल अधिकारी समेत सफाई कर्मियों का कटेगा वेतन

## प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को औचक निरीक्षण में मिलीं गंदगी, कूड़े के ढेर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः लखनऊ नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे साफ सफाई कार्यो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे नगर निगम क्षेत्र के दो जोनों के चार वार्डो में गए। मंत्री जी सफाई व्यवस्था को लेकर काफी नाराज दिखे और जिम्मेदार लोगों को फटकार लगाई। उन्होंने जोनल अधिकारी, सफाई निरीक्षक सहित क्षेत्र के संबंधित सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मियों का वेतन काटने का निर्देश दिया।

प्रभारी मंत्री ने जोन एक के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के अमीनाबाद में घंटाघर पार्क, जोन 3 में डालीगंज निराला नगर वार्ड, अयोध्या दास द्वितीय वार्ड एवं फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री को सभी वार्डों में सफाई कार्य में लापरवाही दिखी, विशेष कर नालियों की सफाई। अधिकांश क्षेत्रों में नालियों में जल जमाव की स्थिति थी। उन्होंने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाएं।

प्रभारी मंत्री ने अमीनाबाद में घंटाघर वाले पार्क में कूड़े का ढेर देखकर नाराजगी जाहिर की उन्होंने निर्देश दिया कि पार्क की जमीन पर वृक्षारोपण और इसका सौंदरीकरण कराया जाए। इस क्षेत्र में उन्होंने एक सीसी रोड के निर्माण के भी निर्देश दिए। यहां पर बन रही पानी की टंकी के संबंध में उन्होंने जानकारी ली और निर्देश दिया कि जल निगम के साथ समन्वय बनाकर इसके निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ का अमीनाबाद क्षेत्र पूरे देश में प्रसिद्ध है। उन्होंने अतिक्रमण एवं रोड पर कूड़ा जमाव को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने जोनल अधिकारी से लेकर सफाईकर्मी तक सभी जिम्मेदार कार्मिकों के एक-एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिये।

सुरेश कुमार खन्ना को निरीक्षण के दौरान डालीगंज निराला नगर वार्ड के स्थानीय लोगों ने बताया कि कूड़े की गाड़ी कभी-कभी आती है। यद्यपि डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य हो रहा है। पीने के पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है। नालियों की सफाई काफी दिनों से नहीं हुई थी। उन्होंने जोनल अधिकारी एवं अन्य सफाई से संबंधित सभी लोगों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इस क्षेत्र में 90 सफाई कर्मी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सभी लोग ईमानदारी से कार्य करें तो यहां पर कोई दिक्कत नहीं होगी।

इसके उपरांत मंत्री अयोध्या दास वार्ड पहुंचे जहां पर गंदगी एवं चोक नालियों को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने यहां के जोनल अधिकारी सफाई निरीक्षक एवं अन्य संबंधित सफाई कर्मियों का एक-एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की सफाई व्यवस्था के कार्य से जुड़े सभी जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें।



अंत में प्रभारी मंत्री फैजुल्लागंज वार्ड पहुंचे जहां पर उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर अत्यंत असंतुष्ट हुए। उन्होंने जोनल अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई। इस क्षेत्र में 75 सफाई कर्मी कार्यरत हैं। इस क्षेत्र के जोनल अधिकारी से लेकर सफाई कर्मी तक जितने लोग सफाई कार्य से जुड़े हुए हैं सभी का दो-दो दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जोनल अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक नियमित क्षेत्र का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करें एवं उसे दुरुस्त कराएं। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करें। नियमित परिवीक्षण से बेहतर परिणाम मिलते हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नालियों इत्यादी की सफाई समय से करा ली जाये, ताकि किसी भी क्षेत्र में जल जमाव की समस्या ना हो।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि भी अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि जितनी अधिक मॉनिटरिंग होगी परिणाम भी उतने अच्छे होंगे।

सफाई प्रतिदिन किया जाने वाला कार्य है। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों की भी व्यवस्थित सफाई हो, यह तभी संभव होगा जब नियमित मॉनिटरिंग होगी। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर निगम के अधिकारी एवं क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि तथा स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र एवं अन्य उपस्थित थे।

## लविवि में आवेदन फार्म भरने की तिथि बढ़ी



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत समर्थ पोर्टल पर आनलाइन स्नातक पाठ्यक्रमों की विभिन्न छात्र एवं छात्र समूहों की मांग पर आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15-06-2025 से बढ़ाकर 25-06-2025 कर दी गई है। इसी प्रकार परास्नातक, डिप्लोमा, सर्टीफिकेट पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 15-06-2025 से बढ़ा कर 30-06-2025 कर दी गई है ।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# रेलवे में नौकरी के बदले 40 लाख के जेवर ऐंठ कर थमाये फर्जी नियुक्ति पत्र




विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विभूतिखंड कोतवाली में दो युवकों ने रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 40 लाख के जेवर हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपितों ने गोमतीनगर स्थित एक महंगे होटल में युवकों को मुलाकात के लिए बुलाया था। जहां नगद रुपयों की जगह जेवर लेने के बाद युवकों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा कर आरोपित भाग निकले। जयपुर रेलवे स्टेशन पर हुई थी मुलाकात बलिया मुदियारी निवासी संजय कुमार पाण्डेय दोस्त प्रमोद कुमार के साथ राजस्थान घूमने गए थे। जयपुर रेलवे स्टेशन से वापस आते वक्त ट्रेन में अमित झुनझुनवाला और उसकी पत्नी खुशी से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान अमित ने बताया कि वह कई नेताओं के सम्पर्क में रहता है। भरोसा जीतने के लिए आरोपित ने मोबाइल में कई नेताओं के साथ खिंचाई गई फोटो भी दिखाई। खुशी ने पति के प्रभावशाली लोगों से सम्पर्क होने का जिक्र किया। बातचीत के दौरान ही दम्पति ने संजय और प्रमोद से कहा कि रेलवे में नौकरी निकलने वाली है। अगर किसी की नियुक्ति करानी हो तो बता देना। इसके बाद अमित ने अपना नम्बर देने के साथ संजय और प्रमोद का नम्बर ले लिया। घर आने के बाद आई कॉल संजय के मुताबिक बलिया वापस पहुंचने के बाद कुछ दिन बाद ही दोस्त प्रमोद को अमित ने कॉल की। बोला कि तुमने कुछ बताया नहीं। अभी रेलवे में भर्तियां होनी है। जल्दी बताओ। वरन मौका हाथ से निकल जाएगा। प्रमोद ने संजय को कॉल कर पूरी बात बताई। इसके बाद दोनों लोगों को लखनऊ बुलाया गया। अमित ने अपने साथी नवनीत पाण्डेय और रुचि पाण्डेय को भेजा था। जिन्होंने बताया कि ग्रेड तीन में नियुक्ति होगी। इसके लिए 20 लाख रुपये का खर्च आएगा। अगर रुपये नगद नहीं दे सकते तो जेवर भी चल जाएंगे। यह बात सुन कर संजय और प्रमोद बलिया वापस चले गए और परिवार से पूरी बात बताई। फिर दोनों ने एक-एक लाख रुपये दिए। इसके बाद प्रयागराज बुला कर इंटरव्यू कराया गया। प्रभाव जमाने के लिए महंगे होटल में मुलाकात पीड़ित के मुताबिक इंटरव्यू के कुछ दिन बाद ही आरोपित ने फोन कर विभूतिखंड स्थित एक होटल में बुलाया। जहां संजय और प्रमोद से जेवर लिए गए। पीड़ित के मुताबिक दोनों ने मिला कर करीब 40 लाख के गहने दिए थे। जिसके बाद उन्हें नियुक्ति पत्र मिले। संजय के मुताबिक ज्वाइनिंग लेटर में कई गलतियां थी। संदेह होने पर परिचित रेलवे कर्मी को उन्होंने लेटर दिखाया। जिसके बाद पता चला कि जाली लेटर थमा कर रुपये लिए गए हैं।

**जमीन दिलाने का झांसा देकर महिला समेत दो से 12 लाख हड़पे :** चिनहट कोतवाली में महिला ने अण्डा व्यापारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने मकान बेचने के बदले छह लाख रुपये लिए थे। उधर, विभूतिखंड कोतवाली में रियल एस्टेट फर्म संचालक और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। चिनहट कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी शाहीन बानो ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता के मुताबिक अगस्त 2021 में मकान खरीदने के लिए अण्डा व्यापारी मो. रफीक व उसके परिवार से सम्पर्क हुआ था। आरोपित ने मकान बेचने का सौदा करते हुए करीब छह लाख रुपये एडवांस लिए थे। एक महीने में रजिस्ट्री होनी थी। पीड़िता के मुताबिक एडवांस देते वक्त एग्रीमेंट हुआ था। जिसके रजिस्ट्री नहीं करने पर बयाना वापस करने की शर्त शामिल थी। शाहीन के मुताबिक कई बार कहने पर भी आरोपितों ने रजिस्ट्री नहीं की। इस बीच रफीक और उसके परिवार ने ठिकाना बदल लिया। वह लोग कैंट के हाता रामदास में रहने लगे। यह जानकारी होने पर पीड़िता ने परिचितों की मदद से रुपये वापस करने का दबाव डाला। इसके बाद से ही आरोपित गाली गलौज करने गले। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, विभूतिखंड कोतवाली में पीजीआई पटेलनगर निवासी रवि प्रताप सिंह ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। रवि के मुताबिक विभूतिखंड स्थित एलपीडा होम्स से उन्होंने बाराबंकी में एक प्लॉट खरीदा था। जिसके लिए छह लाख 82 हजार रुपये अदा किए थे। इसके बाद प्लाट पर कब्जा नहीं दिया गया। दबाव डालने पर डेवलपमेंट के नाम पर डेढ़ लाख रुपये और मांगे गए। कई बार कहने के बाद भी रियल एस्टेट फर्म संचालक उद्देश्य तिवारी, आशीष मिश्र और सुमित ने रुपये वापस नहीं लौटाए।

## प्रॉपर्टी डीलरों ने डॉक्टर को 31 लाख में बेच दी सरकारी जमीन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर कोतवाली में डॉक्टर ने प्रापर्टी डीलरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपितों ने दो हजार वर्ग फिट जमीन बेच कर 31 लाख रुपये। इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री डॉक्टर की पत्नी के नाम पर की गई। कब्जा लेकर डॉक्टर ने डेढ़ करोड़ रुपये खर्च कर मकान का निर्माण कराया।

26 मई को नगर निगम से एक नोटिस मिला। जिसमें मकान सरकारी जमीन पर बना होने की बात लिखी थी। नोटिस पढ़ कर डॉक्टर के होश उड़ गए। प्रापर्टी डीलर से सम्पर्क करने पर धमकी मिली। फर्जी कागजों के सहारे जमीन बेचने वालों के खिलाफ पीड़ित ने डीजीपी मुख्यालय में शिकायत की। जिसके बाद बिजनौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। पांच साल पहले खरीदा था प्लॉट रत्नाकरखंड निवासी डॉ. संतोष कुमार प्राइवेट क्लीनिक चलाते हैं। वर्ष 2020 में पड़ोसी उमाकांत शर्मा के जरिए प्रापर्टी डीलर विकास उर्फ गगन के बारे में पता चला था। जो सरवन नगर में नई कॉलोनी विकसित कर रहा था। उमाकांत भी विकास के साथ पार्टनर थे। ऐसे में आरोपितों ने डॉ. संतोष कुमार को जमीन दिखाई। जगह पर पसंद आने पर डॉक्टर ने दो हजार वर्ग फिट का सौदा किया। पीड़ित के मुताबिक करीब 31 लाख रुपये में प्लॉट की बात तय हुई थी। 12 दिसंबर 2020 को उमाकांत, विकास और उनके साथी राम औतार ने रजिस्ट्री डॉ. संतोष की पत्नी गीता के नाम पर की थी। डेढ़ करोड़ रुपये लगा कर बनवाया मकान, तब मिला नोटिस पत्नी के नाम पर प्लॉट की रजिस्ट्री होने के बाद डॉ. संतोष ने मकान का निर्माण शुरू कराया। काम पूरा होने में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च हुए थे। पीड़ित के मुताबिक 26 मई को उन्हें नोटिस मिला। जिसमें लिखा था कि मकान सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया गया है। ऐसे में इसे क्यों न गिराया जाए। नोटिस पढ़ कर डॉ. संतोष घबरा गए। जमापूंजी पर खर्च कर बनवाया गया मकान गिरने के डर से उन्होंने उमाकांत, विकास और राम औतार से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी। इस पर आरोपितों ने डॉक्टर को धमकी देकर भगा दिया। सरकारी जमीन के बनवा डाले फर्जी कागज बिजनौर के सरवन नगर में प्रापर्टी डीलरों ने बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर कब्जा किया। फर्जी कागज बना कर प्लॉट बेचे गए। यह आरोप डॉ. संतोष ने लगाया। उन्होंने डीजीपी मुख्यालय में आरोपितों के खिलाफ शिकायत की थी। जिसके बाद बिजनौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।

# लखनऊ में अलग-अलग जगहों पर महिला समेत पांच की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर के अलग- अलग इलाके में 24 घंटे के अंदर महिला समेत पांच लोगों के शव मिले। इनमें से एक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किसी की भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शुक्रवार को भी शहर में अलग-अलग जगह सात लोगों के शव मिले थे। गोसाईंगंज के बल्दीखेड़ा निवासी शशांक वर्मा पत्नी संध्या (22) और सात माह की बिटिया के साथ बाराबंकी के बांदीपुर स्थित ससुराल गए थे। शुक्रवार को वापसी में दोपहर करीब तीन बजे गोसाईंगंज के महुरा कला पहुंचे थे, तभी संध्या अचानक गश खाकर बाइक से गिर गईं। संध्या के सिर में गंभीर चोट आ गई। वहीं, बच्ची को मामूली चोट आई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आनन- फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया जहां संध्या की मौत हो गई। बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

**दोस्त के घर पर दवा व्यापारी की मौत :** इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास दोस्त के घर पर रह रहे दवा व्यापारी अतुल किचलू (58) की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। मड़ियांव के श्रीनगर कॉलोनी निवासी भाई शिव मोहन किचलू ने बताया कि अतुल मुंबई में दवा का व्यापार करते थे। पत्नी से उनका कई वर्ष पहले तलाक हो चुका है। एक महीने पहले अतुल मुंबई से लखनऊ आए थे। कुछ दिन से वह जानकीपुरम स्थित अपने दोस्त के यहां रह रहे थे। शुक्रवार को अतुल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम के मुताबिक परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव :** श्रृंगारनगर में शुक्रवार को सड़क किनारे संजय त्रिपाठी (55) का शव मिला। श्रृंगारनगर निवासी संजय त्रिपाठी हाईकोर्ट की लाइब्रेरी में प्राइवेट काम करते थे। संजय शुक्रवार को किसी काम से निकले थे। घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे वह मृत हालत में मिले। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने लोकबंधु अस्पताल भेजवाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी निशा त्रिपाठी व दो बेटियां थी। इंस्पेक्टर आलमबाग के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़क किनारे मिला रिक्शा ड्राइवर का शव श्रीराम टावर के पास शनिवार के रिक्शा ड्राइवर का शव मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। इंस्पेक्टर हजरतगंज के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**हथियारों से लैस दबंगों ने महिलाओं को पीटा, मुकदमा दर्ज:** राजधानी के सआदतगंज इलाके में शुक्रवार देर रात हथियार से लैस 15 से ज्यादा हमलावरों ने एक युवक पर हमला कर दिया। युवक के गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महबूबगंज मोहम्मदिया मस्जिद निवासी शाहिद पुत्र सलीम ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की बीच रात करीब 1.30 बजे इलाके में रहने वाले राजा, फरदीन, दाऊद, गुड्डू, शाहमान और अन्य 15-20 लड़कों ने उन पर हमला कर दिया। सभी आरोपी तलवार और लाठी डंडे से लैस थे। बीच बचाव करने आए भाई रहीम और नईम को भी गंभीर चोट आई। आरोपियों ने घर में मौजूद महिलाओं से भी मारपीट की। पूरी घटना के घर के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें कई लड़के झुंड में आते हुए दिखते हैं। इसके बाद एक लड़के पर हमला कर देते हैं। लाठी डंडे से बुरी तरह पीटत हैं। तभी परिवार के अन्य लोग आ जाते हैं, तो लड़के उनके साथ भी मारपीट करते हैं।

## संविदा कर्मी की अचानक तबियत बिगड़ी, मौत

आशियाना पावर हाउस में संविदा पर तैनात लाइनमैन सोनू (40) की तबीयत शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान अचानक बिगड़ गई। साथी उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। बंगलाबाजार निवासी मोनू के मुताबिक भाई सोनू आशियाना पावर हाउस पर संविदा पर कार्यरत थे। मोनू ने बताया कि सोनू की शुक्रवार को नाइट ड्यूटी थी। शाम चार बजे वह ड्यूटी के लिए निकला था। रात नौ बजे उन्होंने फोन मिलाया तो उसका फोन नहीं उठा। आधे घंटे बाद सोनू के साथी कर्मचारी ने भतीजे यश को फोन कर बताया कि सोनू की तबियत खराब हो गई है। उसे लोकबंधु अस्पताल ले जा रहे हैं। वह लोग भागकर अस्पताल पहुंचे तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। सोनू का पत्नी से कई वर्ष से अलगाव चल रहा है। इंस्पेक्टर आशियाना के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल चोरी के आरोप में युवक की पिटाई, बनाया बंधक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार में मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर चाय विक्रेता को बंधन बनाकर बुरी तरह पीटा गया। क्रेटा कार से आए अज्ञात युवकों ने बहाने से चाय विक्रेता को गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद एक गैराज में ले जाकर बेल्ट और तार से हमला किया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

त्रिलोक मंदा बलिया निवासी अनिल कुमार वर्मा साथी रामेश्वर मौर्य के साथ मिलकर हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के सामने चाय की दुकान चलाते हैं। गुरुवार को उनकी दुकान पर कुछ लोग चाय पीने आए। इस दौरान उनका मोबाइल किसी अज्ञात व्यक्ति ने गायब कर दिया। उन लोगों ने दुकानदार पर चोरी का आरोप लगाते हुए चेकिंग की लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद चले गए। रात करीब 8.30 बजे क्रेटा कार से एक व्यक्ति आया। उसने फिर से मोबाइल मांगा। मना करने पर अपने साथ चलकर बयान दर्ज करवाने के लिए कहा। उसकी बातों में आकर अनिल गाड़ी में बैठकर साथ चला गया। अज्ञात व्यक्ति उसको एक गैराज में लेकर पहुंचा। जहां दो अन्य लोग आए और मोबाइल के बारे में पूछते हुए गैराज में बंधक बनाकर बुरी तरह तार और बेल्ट से पीटने लगे। जिसकी वजह से उसके शरीर पर गंभीर चोट आई। किसी तरह उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चाय विक्रेता को छुड़ाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

**पड़ोसी दंपती से परिवार को जान का खतरा:** बिजनौर स्थित डिफेंस कॉलोनी में एक परिवार पड़ोसी दंपती की धमकियों से परेशान है। शिव शंकर पाठक ने बिजनौर थाने में अपने पड़ोसी अरविंद यादव और उनकी पत्नी नीलम यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

घटना 12 जून की शाम 6:15 बजे की है। शिव शंकर जब अपनी कार का पंचर ठीक कर रहे थे, तब नीलम यादव ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की पत्नी के विरोध करने पर उन्हें भी धमकाया गया। पीड़ित का कहना है कि पिछले 6 महीनों से नीलम यादव उनके घर पर पत्थर फेंक रही हैं। वह उनकी पत्नी और बेटी को आग लगाकर मारने की धमकी दे रही हैं।

## माह-ए-गर्व में दो फिल्मों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ बायोस्कोप ने गर्व के महीने को माह-ए-गर्व के रूप में मनाया और फिल्मिस्तान नाम से दो दिन का फिल्म फेस्टिवल किया। कैसरबाग स्थित कार्यालय में हुए फेस्टिवलके दूसरे दिन दो फिल्मो का प्रदर्शन किया गया। कृति फिल्म कल्ब के सहयोग से फेस्टिवल के अन्तिम दिन आलिंगन और मालवा खुशां फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। दोनों ही फिल्में बहुत संवेदनशीलता के साथ हमें उन युवाओं की जिंदगी में ले जाती हैं, जो एक पितृ सत्तात्मक और दोहरेपन वाले समाज में अपनी पहचान और सेक्सुएलिटी को समझने की कोशिश कर रहे हैं। ये फिल्में हमें उनके साथ उस सफर पर ले जाती हैं, जिसमें वे अपने परिवार और समाज के साथ अपने रिश्तों को संभालते हुए अपनी सच्चाई को स्वीकारने और अपनाने का हौसला जुटाते हैं। इस मौके क्लब की संस्थापक और क्यूरेटर आंचल कपूर, सनतकदा की माधवी कुकरेजा, रित्विक दास समेत अन्य मौजूद रहे।

## बंद मकान से जेवरात चोरी

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में एक बंद मकान से ज्वैलरी चोरी का मामला सामने आया है। पटवारी मोहल्ला निवासी शालू वर्मा ने अपनी जेठानी और उसके भाई पर चोरी का आरोप लगाया है। शालू वर्मा 6 जून को अपने परिवार के साथ इंदौर गई थीं। उन्होंने घर में ताला लगा दिया था। 9 जून को उनकी सास ने फोन कर बताया कि घर के ताले खुले पड़े हैं। 10 जून को जब शालू घर लौटीं, तो उन्होंने देखा कि अलमारी और संदूक के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखी उनकी और उनकी ननद लक्ष्मी की सारी ज्वैलरी गायब थी।

## सूचना

प्रार्थिनी शिया लली पत्नी श्री गौतम का नाम आधार में त्रुटि वश शिवकली लिख दिया गया है मुझे शिया लली के नाम से जाना जाए। शिया लली पत्नी श्री गौतम ग्राम व पोस्ट ठेंगहा विकास खंड संग्रामपुर तहसील व जिला अमेठी

# मोबाइल लूट के दो आरोपित गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस ने मोबाइल लूट के दो मामलों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पहला मामला 11 जून 2025 का है। आशीष श्रीवास्तव से रात 12:30 बजे सेंट्रम होटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने सैमसंग मोबाइल छीन लिया था। दूसरी घटना 3 जून 2025 को हुई, जब अक्षय यादव से रात 9:05 बजे तीन बाइक सवारों ने सैमसंग मोबाइल लूट लिया था।

14 मई को उप-निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा की टीम ने कैंसर चौराहे पर तीन संदिग्धों को मोटरसाइकिल पर देखा। रोकने का इशारा करने पर वे भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पहले आरोपी की पहचान गोलू रावत के रूप में हुई। वह सौनई कजेहरा का रहने वाला है। उससे सैमसंग अ33 मोबाइल बरामद हुआ। दूसरे आरोपी अभिषेक कश्यप से ठङ्गॅ्रल्लॅ कंपनी का अ142 मॉडल का मोबाइल मिला। दोनों आरोपी 20 वर्ष के हैं। पूछताछ में गोलू ने




बताया कि सेंट्रम होटल के पास राहगीर से मोबाइल छीना था। वहीं अभिषेक ने स्वीकार किया कि अमूल डेयरी के पास एक राहगीर से मोबाइल लूटा था। घटना के सम्बन्ध मे पूछा गया तो बताया कि मोबाइल छीनने की घटना हम पांच दोस्त मिलकर करते है, जिससे तीन लोग मोटर साइकिल पर रहते और दो लोग खड़े होकर आने जाने वाले लोगो के बारे में रेकी कर बताते थे।

**जेल के बाहर से अपाचे बाइक चोरी दो चोर गिरफ्तार:** जिला कारागार गोसाईगंज के बाहर से चोरी हुई अपाचे मोटरसाइकिल को पुलिस ने महज 6 घंटे में बरामद कर लिया। पुलिस ने दो चोरों को भी गिरफ्तार किया है। घटना 13 जून की है। नीरज रावत सुबह 11 बजे जिला कारागार में किसी बंदी से मिलने गए थे।

उन्होंने अपनी अपाचे बाइक जेल के गेट के बाहर खड़ी की थी। मुलाकात के बाद जब वे बाहर निकले तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली। इस पर नीरज ने रात करीब 10 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम सेमरापीतपुर के पास सड़क पर एक मोटरसाइकिल को धक्का दे रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दोपहर में बाइक चोरी कर झाड़ियों में छिपा दी थी। रात में वे बाइक को लखनऊ शहर में बेचने ले जा रहे थे। रास्ते में बाइक की चैन टूट गई। इसलिए वे बाइक को धक्का दे रहे थे। पुलिस ने रात करीब 2:30 बजे दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## 6 साल की बच्ची से रेप के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में एक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने 81 वर्षीय आरोपी देवान रावत को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 8 जून की है। आरोपी ने कक्षा 2 में पढ़ने वाली 6 वर्षीय बच्ची को आम खिलाने का लालच देकर और 20 रुपए देकर अपने पुराने घर ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं। घटना के दिन बच्ची की मां रिश्तेदारी में गई हुई थी। घर पर बच्ची अपने 4 वर्षीय बहन और ढाई वर्षीय भाई के साथ थी। शाम को जब मां वापस लौटी, तब बच्ची ने पूरी घटना के बारे में बताया। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार सुबह आरोपी को औरावां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बच्ची को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## इंडियन ऑयल ने कहा कि टैंकर हमारे नहीं, अन्य कंपनी के थे

**लखनऊ।** इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक कार्पोरेट संचार उत्तरी क्षेत्र धर्मेंद्र सिंह ने 'इंडियन ऑयल के टैंकरो में लगी भीषण आग, क्षेत्र में अफरातफरी' शीर्षक से छपे समाचार के वास्तविक तथ्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह अग्निकांड नायरा एनर्जी लिमिटेड के अनुबंधित टैंकरों में हुआ है, न कि इंडियन ऑयल के किसी टैंकर में। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह घटना एक निजी पार्किंग स्थल पर हुई जिसका इंडियन ऑयल लिमिटेड के टर्मिनल अथवा प्लांट से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इंडियन ऑयल का टर्मिनल और प्लांट पूरी तरह से सुरक्षित है और सामान्य रूप से कार्यरत है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल की तरफ से सभी बाजारों में निर्बाध रूप से आपूर्ति भी जारी है। गौरतलब है कि बीते दिन सरोजनीनगर में शुभम पैलेस के सामने पार्किंग एरिया में खड़े तीन तेल टैंकरों में भीषण आग लग गयी थी। मौके पर पहुंचे मुख्य शमन अधिकारी, सरोजनीनगर फायर टेंडर और अग्निशमन यूनिट के लोगों ने एक घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## महिला से किया दुराचार

लखनऊ। मड़ियांव पुलिस ने महिला से दुराचार करने के आरोप में अधिवक्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने नशीला पदार्थ देकर महिला के साथ रेप किया। जिसके बाद महिला को धमकाने लगा। वहीं, बंथरा पुलिस ने कक्षा दो की छात्रा से दुराचार करने के आरोप में वृद्ध को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया शनिवार को अहलादपुर निवासी अधिवक्ता मानवेंद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि महिला का पति से पारिवारिक विवाद का केस चल रहा है। मानवेंद्र सिंह मुकदमा लड़ रहा था। इसके चलते महिला से अक्सर मुलाकात होती थी। आरोपित ने केस की बात करने के सिलसिले में महिला को बुलाया था। जिसके बाद धोखे से नशीली दवा खिला दी। महिला के बेसुध होने के बाद आरोपित ने दुराचार किया। विरोध करने पर जल्द शादी करने की बात कही। कई बार कहने के बाद भी मानवेंद्र शादी करने को तैयार नहीं हुआ। जिसके बाद महिला ने 28 मार्च को मड़ियांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस से बचने के लिए अधिवक्ता ने जमानत अर्जी भी दायर की थी। जो 12 जून को खारिज हो गई।

## प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग में शामिल सातवां आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस ने प्रापर्टी डीलर पर फायरिंग करने की वारदात में शामिल सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि बाराबंकी निवासी अनिमेष लविवि से एलएलबी कर रहा है। शुक्रवार देर रात सर्विलांस की मदद से आरोपित को पकड़ा गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्वोदयनगर में प्रापर्टी डीलर मुर्सलीन पर फायरिंग की गई थी। जिसमें अर्शल गाजी, फरमान अली, कौशल, समृद्ध सिंह, फैज रिजवी, कौशल और अनिकेत को जेल भेजा गया था। वहीं, अनिमेष घटना के बाद से ही फरार था। जिसे शुक्रवार को पकड़ा गया।

## डीजी आदित्य मिश्रा के विरुद्ध होगी विभागीय जांच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भेजा नोटिस

**लखनऊ।** डीजी फायर सर्विस आदित्य मिश्रा के विरुद्ध विभागीय जांच होगी। 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी आदित्य मिश्रा कई बार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात रहे हैं। वह लैंड पोर्ट्स अथारिटी आफ इंडिया में भी तैनात थे। बीते दिनों वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आए थे और इसी माह 30 जून को सेवाकाल पूरा हो रहा है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती के दौरान एक मामले में उनके विरुद्ध विभागीय जांच की तैयारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने डीजी आदित्य मिश्रा को नोटिस भेजा है। गृह विभाग उन्हें नोटिस रिसीव कराएगा। विभागीय जांच व आगे की कार्यवाही केंद्रीय गृह मंत्रालय के स्तर से होगी। उनके विरुद्ध किस मामले में जांच का निर्देश दिया गया है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## प्रबिसि नगर कीजे सब काजा... सुंदरकांड की चौपाइयां सुन लोग हुए भाव विभोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र गेट नंबर सात के पास शनिवार को भजन संध्या के आयोजन में आईएएस डॉ. अखिलेश मिश्र ने सुंदरकांड की चौपाइयां सुनाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने हनुमान जी का राम को याद करने की चौपाई प्रभु राम के नाम जपत हनुमाना, श्रीराम के चरणों में है मन समाना... सुनाया। गोमती नगर विस्तार कावेरी क्लब, कावेरी अपार्टमेंट व आसपास के लोगों ने भजन संध्या में पहुंचकर सुंदरकांड पढ़ा। शिक्षिका रहीं श्रद्धेय मंजुल बाजपेई की याद में भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। संगीतमयी सुंदरकांड की पंक्ति मानसकिंकर डॉ. अखिलेश मिश्र ने प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कोसलपुर राजा..., रामचंद्र गुन बरनैं लागा, सुनतहिं सीता कर दुख भागा.., जासु नाम जपि सुनहु भवानी, राम नाम बिनु गिरा न सोहा..., गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सितलाई... समेत तमाम चौपाइयों को गाकर लोगों को भक्ति रूपी नाव में डुबा दिया। इस मौके पर डॉ. पीपी बाजपेई, जितेंद्र बाजपेई, प्रभा त्रिवेदी, विभा शुक्ला, डॉ. सुधा बाजपेई आदि प्रमुख रूप से रहे। यहां विशाल भंडारे में लोगों ने पूड़ी सब्जी समेत अन्य व्यंजन का प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा चौपटिया रोड यादव पैलेस के बाहर बाला जी महाराज के भंडारे में प्रसाद वितरित हुआ। साथ ही इंदिरा नगर नीलगिरि चौराहे पर विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ईद-ए-गदीर आज, शायरों से कलाम से बतायी गदीर वाकिए की अजमत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईद-ए-गदीर की पूर्व संध्या पर शनिवार को जगह जगह महफिलों का आयोजन किया गया। रौजाए काजमैन में 'जश्ने एलाने गदीरऱ का आयोजन मौलाना शेर की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर मौलाना मीसम जैदी व मौलाना यासूब अब्बास ने महफिल को खिताब किया। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया। गदीर अकादमी की ओर से हुई महफिल में उलमा ने गदीर के वाकिये और उसकी अजमत को बयान किया। महफिल में शायरों ने गदीर पर अपने कलाम पेश किए। शायर बेताब हल्लौरी, फखरी मेरठी, गौहर सुल्तानपुरी, चंदन फैजाबादी, फय्याज रायबरेलवी, वकार सुल्तानपुरी, इफहाम उतरौलवी, फरहान बनारसी, जुगनू औरंगाबाद, शुमूम आरफी, जकी भारती, हसन फराज ने अपने कलामों से रू-ब-रू कराया। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में जश्ने ईदे गदीर मनाया गया। जश्न में मौलाना एजाज अतहर और मौलाना हैदर अब्बास रिजवी ने तकरीर की। रौजाए बैतुल हुज्न में रूस्तम नगर में जश्ने इस्तकबाले ईदे गदीर शीषर्क से महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया।

इसके साथ ही गदीर की पूर्व संध्या पर शनिवार को पुराने शहर में देर रात तक तैयारियां होती रही। गदीर में पहननें के लिए नये कपड़ों, जूता-चप्पल और सिवई व मिठाइयों की खरीदारी की गयी। पुराने शहर में गदीर को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। -110 मस्जिदों में होगी नमाज मस्जिदे कूफा काजमैन 11 बजे, दरगाह हजरत अब्बास 10 बजे, अब्बासिया मस्जिद हसनपुरिया 9.30 बजे, हैदरी मस्जिद मुफ्तीगंज में 10 बजे, मस्जिद इमामे जमाना वजीरबाग 11 बजे, मस्जिदे मोहम्मदी 10 बजे, मस्जिद मोलसिरी नक्खास 10.30 बजे, इमामबाड़ा आगा बाकर चौक 9 बजे, मस्जिदे मोहम्मदी देहली दरवाजा सुबह 10.30 बजे, रौजाए जैनबया 10.30 बजे, मस्जिद बाहरे आलम मंसूर नगर में 9.30 बजे, मस्जिद लालकोठी मंसूर नगर 10 बजे, मस्जिद डॉ जफर हुसैन पुराना चबूतरा 10.30 बजे सहित शहर की 110 मस्जिदों में गदीर की नमाज अदा की जाएगी।

# मैं अपने शो ऑडियो-विजुअल कांसेप्ट के आधार पर चुनता हूं : शब्बीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टेलीविजन के सुपरस्टार कहे जाने वाले मशहूर एक्टर शब्बीर अहलूवालिया जिन्होंने क्योंकि सास भी कभी बहू थी, क्या हादसा क्या हकीकत, कहीं तो मिलेंगे, काव्यांजलि, कसम से, कसौटी जिंदगी की, कयामत, लागी तुझसे लगन और कुमकुम भाग्य जैसे शो किए हैं। सोनी सब के फुल हाउस मीडिया द्वारा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी शो उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में दिखाई दे रहे हैं। इस शो में वे युग सिन्हा की भूमिका निभा रहे हैं।

**यह आपकी पहली बार सोनी चैनल के साथ साझेदारी है, आप इस बारे में क्या कहना चाहेंगे ?**

जी हाँ, यह मेरा सोनी के साथ पहला शो है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह एक बेहद क्रिएटिव टीम है, सभी मिलकर एक नया और अलग शो बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं जो कुछ भी देख रहा हूँ, वो मुझे अच्छा लग रहा है। मैं जो कर रहा हूँ, उसमें मुझे मजा आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि जैसे हमें इसे करने में मजा आ रहा है, वैसे ही दर्शकों को भी इसे देखने में उतना ही आनंद आएगा।

**इस शो में आपका किरदार थोड़ा सख्त और अलग है क्या कहेंगे ?**

टेलीविजन में बहुत कम मौके मिलते हैं जब आप वर्तमान और अतीत को एकसाथ लेकर कोई कहानी इस तरह से पेश कर सकें, और वो भी न्यायपूर्ण तरीके से। हम इस शो को नॉन-लिनियर फॉर्मेट में पेश कर रहे हैं। यह किरदार ऐसा है जिसे तुरंत पसंद नहीं किया जा सकता, ये धीरे-धीरे आपके दिल में जगह बनाएगा। अगर फिर भी आपको यह पसंद नहीं आया, तो मतलब कुछ कमी रह गई। यह किरदार सनकी है, उसमें बहुत नखरे हैं, लेकिन हमारी कोशिश है कि आप इस सफर में इसे प्यार करने लगें।

**शो के प्रोमो में युग का महिलाओं के प्रति थोड़ा नफरत भरा रवैया दिखाया गया है, क्या इसका संबंध किसी पुराने अनुभव से है ?**

हाँ, बिल्कुल है. लेकिन इसके लिए आपको शो देखना पड़ेगा। जैसे-जैसे शो आगे बढ़ेगा, आपको धीरे-धीरे सारी बातें पता चलेंगी। यह एक बहुत मजेदार और ड्रामेटिक प्रेम कहानी है।

**आजकल कई शो बहुत जल्दी बंद हो जाते हैं, ऐसा क्या देखते हैं आप स्क्रिप्ट में ?**

मैं दिल से चीजें चुनता हूं। अगर मुझे कहानी सुनने में मजा आ रहा है, तो दिखाने में और भी मजा आएगा। यह एक ऑडियो-विजुअल माध्यम है। जब मुझे ऑडियो अच्छा लग रहा है, तो सोचिए विजुअल कितना मजेदार होगा। मैं कोशिश करता हूँ कि जो भी किरदार करूं, वो पिछले शो से अलग हो और दर्शकों को कुछ नया देखने को मिले. लेकिन इसका असली श्रेय भगवान और दर्शकों को जाता है। अगर उन्होंने प्यार दिया, तभी आपका काम सराहा जाएगा।

**युग के लिए प्यार मुश्किल है, लेकिन शब्बीर के लिए प्यार क्या है ?**

मेरे लिए प्यार बहुत आसान है। मुझे इसमें कोई मुश्किल नहीं लगती, मैं मानता हूँ कि जितनी अहमियत आप प्यार को देते हैं, उतना ही प्यार आपको वापस मिलता है। बचपन में किसी ने हमें प्यार करना नहीं सिखाया, लेकिन हमने खुद ही माता-पिता, दोस्तों, पत्नी और बच्चों से प्यार करना सीखा। प्यार एक स्वाभाविक भावना है – जितना देंगे, उतना पाएंगे। मैं एक आसान और सुलझा हुआ इंसान हूँ, इसलिए प्यार को लेकर भी मेरा रवैया बहुत सरल है।

**प्यार का पहला नामः राधा मोहन के बाद आपकी ओर से यह नया शो दर्शकों के लिए है, अपने फैंस और दर्शकों को आप क्या कहना चाहेंगे ?**

मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहता हूँ कि आपने हमेशा मुझे इतना प्यार दिया। आप सभी ने इतने सालों से हर तरह का प्यार दिया है। यह एक नया किरदार है, जो शायद आपको शुरूआत में उतना पसंद न आए, लेकिन मैं वादा करता हूँ कि धीरे-धीरे आप इससे जरूर जुड़ेंगे और इसे पसंद करेंगे।

## प्रह्लाद जैसे भक्तों की रक्षा करते हैं भगवान : अनंताचार्य जी महाराज

**लखनऊ।** राजाजीपुरम के श्री घंटेश्वर शनिदेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रीमद् जगद्गुरूत्तर रामानुजाचार्य उत्तरतोताद्रिमठ पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने भक्ति की पराकाष्ठा के प्रतीक प्रह्लाद की कथा सुनाई गई। कथा में कहा कि प्रह्लाद के पिता हिरण्य कश्यप ने ईश्वर को न मानने का आदेश दिया, लेकिन प्रह्लाद सदैव नारायण-नारायण का जप करते रहे। अंत में भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर प्रह्लाद की रक्षा की और अधर्म का नाश किया। यह कथा सत्य, भक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। समुद्र मंथन, राजा बलि और वामन अवतार का प्रसंग भी सुनाया। कथा के मुख्य यजमान नरेंद्र प्रसाद उपाध्याय, आरती, अभय उपाध्याय, विकास आदि रहे। कथा में मुख्य रूप से आयुर्वेद बोर्ड पूर्व उपनिदेशक वीके वर्मा, गजेंद्र प्रसाद, अनूप शुक्ला, करुणेश पाठक, राघव सिंह, अजय जायसवाल, रजनीश आदि रहे।

## योग जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली

**लखनऊ।** भारतीय योग संस्थान की ओर से इंदिरा नगर ए ब्लॉक के पीपल योग पार्क से लोगों ने प्रभात फेरी निकाली। लोगों को योग के प्रति जागरुक किया। लोगों से अपील की कि वह योग को दिनचर्या में शामिल करें। योग दिवस के दिन अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल हो या घरों पर ही योग जरुर करें। यहां पर प्रमुख रूप से हीरालाल विश्वकर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, जगदीश दयाल, अरुण जैन, सुनील त्यागी, नीलम प्रकाश, अखिलेश दयाल, गोपेंद्र वर्मा, सरोज वर्मा आदि रहे।

## प्रो. आसिफा जमानी के निधन पर उर्दू अकादमी में हुई शोक सभा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की पूर्व अध्यक्ष, प्रख्यात लेखिका, बुद्धिजीवी, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर एमेरिटस आसिफा जमानी के निधन पर उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें यूपी उर्दू अकादमी और अकादमी के मीडिया सेंटर के के ड्रामा कक्षाओं के कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया और दिवंगत को श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान, अकादमी के सचिव शौकत अली ने कहा कि स्वर्गीय जमानी उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्री सैयद मुहम्मद ऐजाज रिजवी की पत्नी और उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री और यूपी उर्दू अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ शीमा रिजवी की माँ थीं। वह लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर थीं और फारसी विभाग की अध्यक्ष रह चुकी थीं। श्री शौकत अली ने सुश्री आसिफा जमानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शैक्षणिक और साहित्यिक सेवाओं और यूपी उर्दू अकादमी को याद किया। उन्होंने कहा कि यूपी उर्दू अकादमी की अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनकी सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। अकादमी के अधीक्षक मुमताज अहमद ने दिवंगत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सुश्री आसिफा जमानी की सेवाएं अविस्मरणीय हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारतीय सभ्यता, साहित्य और फारसी भाषा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने विभिन्न देशों में अकादमिक और साहित्यिक लेख प्रस्तुत किए।

# बाबा नीम करौरी का स्थापना दिवस आज, तैयारियां पूरी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के जानमाने लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में रविवार 15 जून को बाबा नीम करौरी का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

नीम करोली बाबा के भक्त जून के महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योकि इस माह में कैंची धाम का स्थापना दिवस मनाया जाता है। नीम करोली बाबा का आश्रम में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है। यहां दूर-दूर से भक्त अधिक संख्या में नीम करोली बाबा के दर्शनों के लिए आते हैं। नीम करोली बाबा को नीब करौरी के नाम से भी जाना जाता है।

लखनऊ के गोमती नदी के किनारे स्थित हनुमान सेतु को भी नीम करौली बाबा से जुड़ा माना जाता है, जहां लोग बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर कैंची धाम में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। हर साल लाखों श्रद्धालु कैंची धाम में स्थापना दिवस पर बाबा के दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने आते हैं।

बता दें, कैंची धाम के स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस खास उत्सव में दूर-दूर से श्रद्धालु आश्रम पहुंचते हैं। इस दौरान बेहद भव्य नजारा देखने को मिलता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हर साल की तरह इस वर्ष भी 15 जून को कैंची धाम स्थापना दिवस मनाया जाएगा। ऐसा बताया जाता है कि नीम करौली बाबा ने स्वयं कैंची धाम की प्रतिष्ठा के लिए 15 जून का दिन तय किया गया है। तभी से हर साल कैंची धाम का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस बार 61वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

**बाबा के स्पर्श मात्र से पानी 'घी' में बदल गया:** कहते हैं कि एक बार बाबा के आश्रम में भोज चल रहा था. भक्तों के लिए भोजन बन रहा था, लेकिन घी की कमी थी। घी के बिना भोजन बनाना मुश्किल था और आयोजक परेशान हो गए थे। इसके बाद बाबा ने आयोजकों से पास में बह रही शिप्रा नदी से एक बर्तन में जल भरने को कहा, उनकी आज्ञा का पालन करते हुए भक्तों ने पात्र में जल भर कर ले आए। इसके बाद बाबा ने अपने दिव्य स्पर्श से पात्र के जल को घी में बदल दिया. यह घी पर्याप्त था और भंडार में सभी भक्तों को पर्याप्त मात्रा में भोजन परोसा गया। यह घटना बाबा की दिव्य शक्तियों और करुणा का उदाहरण है, जिसे उनके अनुयायी चमत्कार मानते हैं। ऐसी कहानियां बाबा के प्रति उनके भक्तों की गहरी आस्था और भक्ति को दर्शाती हैं। कैंची आश्रम में हनुमानजी और अन्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अलग-अलग वर्षों में 15 जून को की गई थी। इस तरह से हर साल 15 जून को प्रतिष्ठा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नीम करोली बाबा ने स्वयं भी कैंची धाम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 15 जून का दिन तय किया था। नीम करोली बाबा ने 10 सितंबर 1973 को महासमाधि ली और भौतिक शरीर छोड़ दिया। उनकी अस्थियों को कैंची धाम में स्थापित किया गया और इस तरह 1974 में बाबा के मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। सभी ने नीम करोली बाबा की भौतिक उपस्थिति को महसूस किया। फिर वैदिक मंत्रों के साथ बाबा की मूर्ति स्थापित की गई और नीम करोली बाबा को गुरु मूर्ति के रूप में कैंची धाम में विराजमान किया गया।

**बाबा को हिमालय से अटूट प्रेमः** बाबा को हिमालय से अटूट प्रेम था. बाबा 20वीं सदी के तीसरे दशक में उत्तराखंड आए थे। यहीं पर 1942 में जब वे पहली बार कैंची गांव आए, तो उनकी मुलाकात स्थानीय ग्रामीण पूर्णानंद तिवारी से हुई। उन्होंने बाबा से पूछा था कि वे अगली बार कब दर्शन करेंगे। इस पर बाबा ने कहा था कि वे 20 साल बाद फिर कैंची आएंगे। 1962 में वे फिर कैंची आए। कैंची मंदिर व आश्रम के प्रभारी विनोद जोशी ने बताया कि उनके द्वारा लिया गया संकल्प जल्द ही मूर्त रूप ले गया। 1965 में हनुमान मंदिर बनकर तैयार हुआ और उसी वर्ष 15 जून को पहला भंडारा आयोजित किया गया, जिसके बाद से हर साल इसी तिथि को मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होता है।

### लखनऊ के कैंची धाम दूर-दूर से आते हैं भक्त

लखनऊ शहर के पक्का पुल स्थित प्राचीन लेटे हुए हनुमान मंदिर के शिखर ऊपर ही कैंची धाम है। इसकों को देखने के लिए भक्तों की लंबी कतार लगती है। यहां पर बाबा की बैठे हुए मुद्रा में खूबसूरत मूर्ति स्थापित की गई है, जहां पर अब भक्तों को दर्शन भी दिए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में यहां पर दूर दराज से ऐसे लोग जो कैंची धाम नहीं जा पाते वो यहां पर दर्शन करने पहुंच रहे हैं। नीम करौली बाबा के भक्त यहां पर भजन कीर्तन भी कर रहे हैं। उनको पुष्प अर्पित कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां पर बड़े बुजुर्ग भी आकर दर्शन कर रहे हैं जो उतनी दूर जाने में सक्षम नहीं है। यह मंदिर सुबह 5:00 बजे खुल जाती है फिर दोपहर में 12:00 बजे बंद हो जाती है, फिर शाम को 4:00 बजे खुलती है और रात में 10:00 बजे बंद होती है।

# बच्चों ने मंच पर श्री कृष्ण की महिमा का किया सुंदर बखान

- संगीत नाटक अकादमी द्वारा लोकनृत्य कार्यशाला आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** एमएलएम इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ ( संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ) द्वारा 21 मइ 2025 से 14 जून 2025 तक आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रस्तुतिपरक लोकनृत्य कार्यशाला में तैयार प्रस्तुतियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीरज बोरा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण करके उन्हें सम्मानित किया सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना वक्रतुंड महाकाय सूर्य कोटी समप्रभ से हुआ जिसमें अरनव एवं प्रदीप्त ने प्रस्तुत किया इसके पश्चात छवि, जानवी, आरुषि, अनुकृति, वीर, राजा, अनम आदि बच्चों द्वारा राम जन्मोत्सव की सुंदर प्रस्तुति की गई इसके पश्चात बच्चों द्वारा गंगा माता की प्रार्थना प्रस्तुत की गई इसमें अनम, छवि, जानवी, आरुषि प्रमुख थे तत्पश्चात बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुति श्री कृष्ण की वंदना की गई जिसमें बच्चों ने श्री कृष्ण की महिमा का सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे वर्णिका ने प्रस्तुत किया हरियाली तीज की मान्यता बताते हुए बच्चों द्वारा कजरी नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई और साथ ही हिंदुस्तान के पहाड़ी क्षेत्र की अद्भुत सुंदरता का वर्णन करते हुए पहाड़ी नृत्य का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात पंजाबी संस्कृति का महत्व बताते हुए बच्चों द्वारा प्रसिद्ध लोक नृत्य भांगड़ा प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात श्री कृष्ण राधा संग गोपियों का सुंदर महारास प्रस्तुत किया गया जिसे सभी अतिथियों द्वारा बहुत ही सराहा गया कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा बच्चों को आशीष वचन दिए गए जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयास तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को आशीष वचन दिए गए प्रधानाचार्य ने सभी मुख्य अतिथियों नीरज बोरा , वी के गुप्ता, एसपी श्रीवास्तव, शिव चरण प्रसाद का उ.प्र.संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर जी का धन्यवाद किया तथा आगे भी इसी प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन किए जाने हेतु अनुरोध भी किया।

## भोजपुरी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग शुरू

**लखनऊ।** भोजपुरी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं जिस पर लिखा है 'जेठानी'। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, 'मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किये है लेकिन पहली बार मैं उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है।" अयाज की इस पोस्ट पर रानी ने स्माइली दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। वहीं भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने कमेंट में लिखा, 'भाई अब आप अ में आ जाओगे। शुभकामनाएं।' एक फैन ने लिखा, 'सर शूटिंग लोकेशन क्या है', एक और फैन ने लिखा, 'मुझे बिहार पसंद है मुझे भोजपुरी पसंद है', एक और फैन ने लिखा, 'रानी जी एक भोजपुरी की लाजवाब हीरोइन है ऐसी कोई भी नहीं', एक और फैन ने लिखा, 'सुपर रानी चटर्जी', एक और फैन ने लिखा, 'खूबसूरत जोड़ा।

# दिव्यांगों की अंतर्निहित शक्तियों का संवर्धन जरूरी : बिन्दू बोरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राधा स्नेह दरबार की सखियों ने अध्यक्ष बिन्दू बोरा के नेतृत्व में दिव्यांग बच्चों को उपयोगी सामग्री भेंट की। शनिवार को जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर सात स्थित दृष्टि सामाजिक संस्था परिसर में बेडशीट, कपड़े, फल आदि अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

राधा स्नेह दरबार की अध्यक्ष बिन्दू बोरा ने कहा कि दिव्यांग जनों का आत्मविश्वास बढ़ाकर उनकी अंतर्निहित शक्तियों के संवर्धन के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समर्थ लोगों को समय समय पर इनके बीच पहुंचकर हरसंभव सहयोग करना चाहिए। दृष्टि सामाजिक संस्था के प्रबंधक धीरेश बहादुर ने राधा स्नेह दरबार की सखियों का स्वागत किया तथा सहयोग के लिए आभार जताते हुए बताया कि यहां 265 दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने और उनके जीवन स्तर को सुधारने के उपक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इस मौके पर बीना गोयल, अंशु अग्रवाल, सीमा गोयल, सुमन अग्रवाल, नीलू गोयल, राखी अग्रवाल, विभा जालान, नमिता, मृदुला अग्रवाल, दीपाली मित्तल, मीना मित्तल, आभा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, किरन जैन, मीरा गोयल, अंजना अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, विमला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, स्वाती अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# लोकनृत्य व मुशायरे से सजा समर कॉर्निवल का मंच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर लखनऊ में चल रहे समर कार्निवल में स्थानीय और अन्य राज्यों के कलाकारों के लिए निशुल्क मंच की व्यवस्था की गई है। कलाकारों को सर्टिफिकेट और मोमेंटम देकर प्रतिदिन उपाध्यक्ष एन बी सिंह द्वारा सम्मानित किया जाता है। पंजाबी, राजस्थानी, बंगाली ,मराठी, गुजराती, उत्तराखंडी, आसामी, बिहारी झारखंडी सहित सभी राज्यों के कलाकारों को अवसर प्रदान किया जाता है 30 मई से 30 जून तक चलने वाले समर कार्निवल 2025 में जनता का उत्साह भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सच कहा जाए तो लखनऊ में यदि कोई चर्चा है तो वह है यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवल 2025 की।

सांस्कृतिक मंच से आज हिंदी साहित्य अकादमी भारत के बैनर तले कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया गया। लखनऊ शहर की पहचान यूं तो कई खूबियों से है परंतु जहां मुशायरों का नाम हो वहां लखनऊ सबसे पहले आता है और मुशायरा के कदरदान भी लखनऊ में ही पाए जाते हैं। हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा शिखा श्रीवास्तव और रश्मि श्रीवास्तव के नेतृत्व में समर कार्निवल 2025 में कवियों ने खूब रंग दिखा। त्रिवेणी कला संगम के बच्चों द्वारा अद्भुत नृत्य प्रस्तुत करके सब का मन मोह लिया। हिंदी साहित्य अकादमी भारत डॉ वंदना श्रीवास्तव मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की आयोजक तथा शिखा श्रीवास्तव संभागा अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में आमंत्रित कवियों में रश्मि श्रीवास्तव शफक श्रृंगार कवित्री, रविंद्र श्रीवास्तव रवि लखनऊ से, निर्भय निश्चल अयोध्या से, शिखर शर्मा लखनऊ, गौरव गौरवान्वित, देवांशु लखनऊ, डॉ तारिका सिंह लखनऊ, जाह्नवी श्रीवास्तव लखनऊ और अंकुर पाठक अयोध्या शामिल रहे जिन्होंने हो अपनी रचनाओं से समा बांध दिया। संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट और मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। यूपी दर्शन पार्क एक तरफ जहां प्राकृतिक जंगल ,गोमती का किनारा ,वोटिंग का मजा, रोपवे, का आनंद मैक्स द्वारा निशुल्क बीपी और शुगर की जांच प्रगति इवेंट और जेटेक संस्था द्वारा मनोरंजन के बहुत सारे संसाधनों की व्यवस्था। प्रगति इवेंट द्वारा झूला मस्ती फूड स्टॉल सभी राज्यों के उत्पाद, पिज्जा, कुल्फी, आइसक्रीम, बर्गर, चटपटी चाट, गोलगप्पे, टेराकोटा, फर्नीचर, क्रोकरी, बेड शीट, कुर्ती, हर आयु वर्ग के लिए सभी रेंज के कपड़े उपलब्ध कराए गए हैं।

# सूर्य का मिथुन गोचर आज से, 5 राशियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। ग्रहों के राजा मिथुन राशि में प्रवेश करने वाले हैं। सूर्य का मिथुन गोचर 15 जून 2025 को सुबह 06 बजकर 52 मिनट पर होगा। सूर्य राशि परिवर्तन से सभी 12 राशियां प्रभावित होंगी। सूर्य गोचर के प्रभाव से कुछ राशियों को शुभ फल मिलेंगे, जबकि कुछ राशियों को वित्त, परिवार व व्यवसाय के मामले में सतर्क रहने की जरूरत है। जानें सूर्य गोचर से किन राशियों के लिए रहने वाला है अशुभ।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों को सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। खर्च की अधिकता रहेगी। कारोबार में थोड़ी सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों की सामाजिक मान-प्रतिष्ठा पर आंच आ सकती है। धन कमाने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक जीवन में संकट आ सकता है, भाई-बहन के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। इस अवधि में आपका कोई काम अटक सकता है।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि वालों को इस अवधि में वाहन प्रयोग में सावधानी बरतनी चाहिए। संपत्ति से जुड़ा विवाद सामने आ सकता है। सेहत को लेकर सतर्क रहें। जीवन में प्रतिकूल परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। धन संचय में दिक्कतें आ सकती हैं।

**मकर राशि–** मकर राशि वालों को सूर्य के मिथुन गोचर की अवधि में सतर्क रहने की जरूरत है। इस अवधि में शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश करेंगे, लेकिन अंत में जीत आपकी होगी। सेहत संबंधी परेशानियों पर ध्यान न देने से तकलीफ बढ़ सकती है। अगर आपने किसी से कर्ज लिया है तो उसे लौटाना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों वाहन व स्वास्थ्य पर धन खर्च करना पड़ सकता है। माता-पिता के साथ रिश्तों में बिगाड़ आ सकता है। किसी भी नए काम की शुरूआत करना चाहते हैं, तो कुछ समय के लिए टाल दें। भावुकता में आकर कोई फैसला न लें। रिश्तों में अनबन हो सकती है।

# कई ट्रेनों के मार्ग बदले, कई नियंत्रित होकर चलेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल अन्तर्गत उतरेटिया-रायबरेली रेल खण्ड के मध्य स्थित समपार संख्या-190 एवं 171 पर सीमित ऊँचाई के सब-वे निर्माण हेतु यातायात एवं पावर ब्लाक लिए जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत बनारस से 15 जून को चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-सुल्तानपुर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी चिलबिला, माँ चण्डिका देवी धाम अंतू, मिसरौली, अमेठी, गौरीगंज, जायस, फुरसतगंज, रायबरेली, हरचन्दपुर, बछरावां स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। अमृतसर से 14 जून को चलने वाली 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-सुल्तानपुर-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी बछरावां, रायबरेली, जायस,गौरीगंज, अमेठी स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। हावड़ा से 14 जून को चलने वाली 13005 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-सुल्तानपुर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी अमेठी, गौरीगंज, जायस, रायबरेली, बछरावां स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। बठिण्डा से 14 जून को चलने वाली 04520 बठिण्डा जं.-वाराणसी विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग उतरेटिया- सुल्तानपुर-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. के रास्ते चलाई जायेगी। नियंत्रण के तहत आनन्द विहार टर्मिनस से 15 जून को चलने वाली 12876 आनन्द विहार टर्मिनस-पुरी एक्सप्रेस मार्ग में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। तो टनकपुर से 15 जून को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

## एनईआर के अधिकांश रेलवे स्टेशनों पर लगे लिफ्ट व एस्केलेटर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन यात्री सुविधाओं के प्रति संवेदनशील है। स्टेशनों के एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए सीढ़ियों के अतिरिक्त लिफ्ट एवं एस्केलेटर लगाये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर कुल 40 एस्केलेटर तथा 60 लिफ्ट उपलब्ध हैं।

यात्री सुविधा हेतु रेलवे ने इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगर स्टेशन पर 02, लखनऊ मंडल के गोरखपुर स्टेशन पर 04,लखनऊ जं. स्टेशन पर 02, गोण्डा स्टेशन पर 02, बस्ती स्टेशन पर 02, गोमतीनगर स्टेशन एवं स्टेशन काम्प्लैक्स पर 12, वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन पर 04, छपरा स्टेशन पर 02, मऊ स्टेशन पर 02, सीवान स्टेशन पर 02, गाजीपुर सिटी स्टेशन पर 02, बलिया स्टेशन पर 02, देवरिया स्टेशन पर 02, एस्केलेटर सहित कुल 40 एस्केलेटर उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगर स्टेशन पर 03, बरेली सिटी स्टेशन पर 02 लखनऊ मंडल के गोरखपुर स्टेशन पर 08, लखनऊ जं. स्टेशन पर 03, गोण्डा स्टेशन पर 02, बस्ती स्टेशन पर 02, खलीलाबाद स्टेशन पर 02, सीतापुर स्टेशन पर 02, ऐशबाग स्टेशन पर 02, गोमतीनगर स्टेशन एवं स्टेशन काम्प्लेक्स पर 09, सिद्धार्थनगर स्टेशन पर 02 तथा वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन पर 06, छपरा स्टेशन पर 03, मऊ स्टेशन पर 02, सीवान स्टेशन पर 01, गाजीपुर सिटी स्टेशन पर 02, वाराणसी सिटी स्टेशन पर 02, मैरवा स्टेशन पर 02, सुरेमनपुर स्टेशन पर 02, बलिया स्टेशन पर 02, प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 01 लिफ्ट सहित कुल 60 लिफ्ट उपलब्ध हैं।



लिफ्ट एवं एस्केलेटर्स उपलब्ध होने से यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने में सुगमता हुई है।

## स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व बताया




**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एक सार्थक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और नियमित रक्तदाताओं के योगदान को सम्मानित करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मेराज अहमद सीनियर डीएमओ ने आपातकालीन परिस्थितियों और सामान्य उपचारों में रक्तदान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनसाधारण में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. कमल किशोर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विशेष रूप से थैलेसीमिया, अन्य रक्त संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों और जिन्हें नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है, उनके लिए स्वैच्छिक रक्तदान के जीवनरक्षक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने समुदाय में अन्य लोगों को भी नियमित रक्तदाता बनने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में आरडीएसओ अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल रक्तदाताओं का आभार प्रकट करने और उन्हें सम्मानित करने के लिए था, बल्कि आमजन को रक्तदान के व्यक्तिगत और सामाजिक लाभों के बारे में जागरूक करने का भी माध्यम बना। सूचनात्मक सत्रों और जागरूकता संदेशों के माध्यम से आरडीएसओ अस्पताल ने यह संदेश दिया कि स्वैच्छिक रक्तदान एक महत्वपूर्ण सेवा कार्य है, जो एक मजबूत और संवेदनशील स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण में सहायक होता है।

# नीट-2025 में सीएमएस का रहा शानदार प्रदर्शन

### 7 छात्रों के 99 परसेंटाइल से अधिक अंक, 86 छात्रों को मिले कट-ऑफ परसेंटाइल से ज्यादा अंक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सीएमएस के मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट-2025) में एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस वर्ष सीएमएस के सर्वाधिक 7 छात्रों ने नीट-2025 में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि 86 छात्रों ने कट-ऑफ परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में अपने स्थान सुनिश्चित किया है। नीट परीक्षा में चयन के बाद सीएमएस के ये छात्र देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस कोर्स में एडमीशन लेकर डाक्टर की डिग्री प्राप्त करेंगे।

सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। डा. गांधी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतिभाशाली छात्र आगे चलकर विश्व मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने भी सीएमएस के मेधावी छात्रों का बधाई देते हुए इस अभूतपूर्व सफलता के लिए सीएमएस प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि नीट-2025 में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों में जोया खान ने 720 में से 578 अर्थात 99.82 परसेन्टाइल अंक अर्जित किया है जबकि इकरा फैजी ने 575 अंक (99.79 परसेन्टाइल), इब्राहिम मोहम्मद ने 565 (99.68 परसेन्टाइल), सारिया खान ने 564 (99.67 परसेन्टाइल), गौरिका लूथरा ने 558 (99.58 परसेन्टाइल), आतिफ अंसारी ने 555 (99.52 परसेन्टाइल) एवं आदित्य अवस्थी ने 549 (99.41 परसेन्टाइल) अंक अर्जित कर सफलता का परचम लहराया है। इसी प्रकार, युवराज मिश्रा (98.99 परसेन्टाइल), शिवांगी यादव (98.50 परसेन्टाइल), श्रेया वर्मा (98.37 परसेन्टाइल), अचिन्त्य पटेल (98.20 परसेन्टाइल) एवं सूर्य विक्रम सिंह (98.15 परसेन्टाइल) ने भी शानदार सफलता अर्जित की है। इन सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व सीएमएस के शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सीएमएस छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर सीएमएस परिवार गौरवान्वित है। सीएमएस अपने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग व मार्गदर्शन प्रदान करता है। यही कारण है कि विद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की विकास गाथा को देखकर पूरा विश्व हतप्रभ : डॉ. राजेश्वर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष उपलक्ष्य में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना स्थित आवास पर आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकताओंको संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास गाथा, और दूरदर्शी, सर्व समावेशी नीतियों को देखकर हतप्रभ है, आज ग्लोबल विलेज का दौर है, हर व्यक्ति एक दूसरे को देख रहा है। विधायक ने हाउस ऑफ लॉर्ड्स में प्राप्त 'राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्टता' सम्मान की ओर इशारा करते हुए कहा कि, लन्दन से लोग देख रहे हैं हिन्दुस्तान, यूपी और सरोजनीनगर में क्या हो रहा है, लोग सरोजनी नगर के विकास कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा पहले जिस ऐतिहासिक, चौदहवीं शताब्दी में बने हाउस हाउस ऑफ लॉर्ड्स में हिन्दुस्तान को गुलाम बनाने के कानून बनते थे आज वहां हमारे कार्यों की तारीफ की जा रही है, जो लोग पहले भारत पर शासन करने के कानून बनाते थे वे आज भारत के साथ अग्रीमेंट कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच सबसे बड़ा ट्रेड अग्रीमेंट साइन हुआ है, जिसके फलस्वरूप भारत और यूके के बीच ट्रेड 5 लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ होने जा रहा है। आज भारत और यूके बराबरी पर है, आज वे हतप्रभ हैं कि कैसे महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज में 65 करोड़ लोग आये, शान्तिपूर्वक, अपनी आस्था के अनुरूप स्नान करके चले गये, वे सनातन की शक्ति से आश्चर्य चकित हैं। केवल मई के महीने में देश में 19 लाख करोड़ का लेनदेन हुआ, वे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस बदलाव से हतप्रभ हैं, आज भारत यूके को पीछे छोड़ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# लोकायुक्त ने किया मलिहाबाद आम पट्टी का निरीक्षण

### आम की तमाम प्रजातियों के लजीज स्वाद का आनन्द लिया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**माल/लखनऊ।** प्रदेश की प्रसिद्ध आम फल पट्टी में स्थित माधव उद्यान में शनिवार को लोकायुक्त संजय मिश्रा ने बागवानी के अनुपम सौंदर्य का अवलोकन कर विश्व प्रसिद्ध आम की तमाम प्रजातियों के लजीज स्वाद का आनन्द लिया।

रविवार को इसी उद्यान में मैव मैंगो फेस्टिवल 2025 का आयोजन निर्धारित है।यह आयोजन क्राफ्ट मीड अर्थात शहद से बनी वाईन के निर्माण की कला को जोड़ता है।माधव उद्यान के सीईओ कुंवर माधवेन्द्र देव सिंह ने बताया कि आम प्रदर्शनी में चालीस से अधिक प्रजाति के आमों को प्रदर्शित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सोमवार को वाइनरी फैक्ट्री का उद्घाटन समारोह है।फैक्ट्री में मैव मीडरी का गाइडेड टूर,जो भारत की पहली लोकल उत्पाद आधारित मीड ब्रांड है। राज्य तथा केंद्र सरकार के सभी मानकों को पूरा कर फलों से बनने वाले उत्पाद को कम्पनी जल्द ही बाजार में उतारने जा रही है।आंधी तूफान में गिरे तथा पक्षियों द्वारा काट कर गिराए गए आम ,जामुन,शहतूत तथा अफरख,दालचीनी,पुदीना जैसी चीजों को शहद के संयोजन से तैयार की गई वाईन को संतुलित दामों में उपलब्ध कराया जाएगा। फलों के रस से बनाई जाने वाली वाइन की बीस टन की स्टोर कैपिसिटी के साथ कम्पनी अगली सम्भनाओं पर विचार कर रही है।आंधी में गिरे आम के दाम बाजारों में नाममात्र दाम देते हैं।वहीं छोटे तथा मंझोले साइज के फलो के अच्छे दाम मिलने की आशा में आम बागवान भी उत्साहित तथा आशान्वित हैं।

# सीएमओ ने किया सीएचसी गुडंबा का निरीक्षण

### गर्मी और लू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के भी दिये निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने गुडंबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) का भ्रमण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी का निरीक्षण कर इमरजेंसी का जायजा लिया।

उन्होंने सीएचसी पर रिकाड्र्स देखे और सीएचसी अधीक्षक को साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिए सीएचसी पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और इस तेज गर्मी और लू के चलते लोगों को इससे बचाव के लिए जागरूक करें।

समुदाय में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी का प्रचार प्रसार करें जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में लोग इनका लाभ उठा पायें। सीएचसी पर आने वाले लोगों के साथ संतुलित व्यवहार करें।



- सफाई सफाई दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी पर ओपीडी का निरीक्षण किया और तीमारदारों से वहां मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इसके अलावा ओटी का भी भ्रमण किया। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की भी जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने कहा कि सीएचसी पर स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों का रोस्टर वाइस ड्यूटी लगाकर 24 घटे स्वास्थ्य सेवायें देना सुनिश्चित करें।

## एक कोरोना का मरीज मिला

लखनऊ। लखनऊ में पिछले 24 घंटे में कॉविड का 01 धनात्मक पुरुष रोगी पाया गया है जो कि 30 वर्षीय अलीगंज निवासी है। लखनऊ में अब तक कुल 29 कोविड धनात्मक रोगी पाए गए। जनपद में एक्टिव कोविड केसेस की संख्या 18 है। उल्लेखनीय हो कि गत दिनों से लखनऊ में कोरोना मरीजों की संख्या फिर बढ़ने लगी है। चिकित्सकों का कहना है कि लोगों को भीड़ के जगह मास्क लगाकर आवागमन करना चाहिए तथा भीड़ में उचित दूरी बनाकर आना-जाना चाहिए।

# भाषा विवि में की गयी 'योग वाटिका' की स्थापना




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने एक प्रेरक पहल करते हुए परिसर में योग वाटिकाः प्रकृति और शांति का आशियाना की स्थापना की। योग वाटिका का उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय– शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों– के मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। यह स्थल केवल योगाभ्यास का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा प्राकृतिक और हरित परिवेश है जो ध्यान, संतुलन और आंतरिक शांति की अनुभूति कराता है।

प्रतिदिन प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक यहां नियमित रूप से योगशाला का संचालन किया जा रहा है।

इसका संयोजन डॉ. नलिनी मिश्रा (समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं डॉ. मोहम्मद शारिक (प्रभारी, शारीरिक शिक्षा विभाग) कर रहे हैं, जो योग और समग्र स्वास्थ्य के प्रति गहन प्रतिबद्धता के साथ प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान विधियों का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक, छात्र और प्रशासनिक कर्मचारी बड़ी संख्या में इसमें भाग ले रहे हैं और प्रतिदिन योगाभ्यास के माध्यम से तन, मन और आत्मा में संतुलन और ऊर्जा का संचार अनुभव कर रहे हैं।

हरियाली से परिपूर्ण यह योग वाटिका विश्वविद्यालय के परिसर में एक जीवंत ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने इस पहल को नवीन आरंभ की संज्ञा दी और कहा, योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, यह जीवन को संतुलन और उद्देश्य के साथ जीने की विद्या है। हमारा प्रयास रहेगा कि योग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संस्कृति का अभिन्न अंग बने। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह सतत प्रयास रहेगा कि योग वाटिका को भविष्य में एक मॉडल योग केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां स्वास्थ्य, अनुशासन और आंतरिक विकास की प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंच सके।

# सपा के प्रदेश सचिव ने ली रालोद की सदस्यता




**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर बागपत निवासी सपा के प्रदेश सचिव रहे अनुज यादव एवं उनके साथियों को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद अनुज यादव एवं उनके साथियों ने भारत रत्न एवं किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# षट्कर्म योग की विशेष प्रणाली : डॉ अमरजीत यादव

### लखनऊ विश्वविद्यालय के योग सभागार में षट्कर्म कार्यशाला का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन के क्रम में योग सभागार में षट्कर्म कार्यशाला का आयोजन किया गया। संकाय के कॉर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने योगाभ्यास में षट्कर्मों का महत्व बताते हुए कहा कि षट्कर्म योग की वह विशेष प्रणाली है, जो शरीर, मन और ऊर्जा-तंत्र की शुद्धि के लिए की जाती है। आज के तेज गति वाले और तनावपूर्ण जीवन में शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक प्रदूषण हमारी जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। अनियमित खानपान, प्रदूषित पर्यावरण, डिजिटल युग की अधिकता, मानसिक तनाव और रोगप्रतिरोधक क्षमता की गिरावट झ ये सभी समस्याएं हमारे शरीर और मन को विषाक्त बना रही हैं। ऐसे में योग के षट्कर्म, जो हठयोग की शुद्धि क्रियाएं हैं, आधुनिक समय में अत्यंत प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं। नेति और कपालभाति जैसे षट्कर्म वायु प्रदूषण से प्रभावित श्वसन तंत्र की सफाई करते हैं, जिससे दमा, एलर्जी, और साइनस जैसे रोगों से राहत मिलती है। त्राटक क्रिया आंखों को स्वस्थ रखने के साथ-साथ एकाग्रता और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाती है, जो आज के डिजिटल युग में अत्यंत आवश्यक है। षट्कर्म शरीर को विषाक्त तत्वों से मुक्त कर रोग प्रतिरक्षण प्रणाली को सशक्त करता है।

कार्यशाला में योगाचार्य अर्जुन कुमार श्रीवास्तव ने षट्कर्मों का अभ्यास कराया जैसे नेती, त्राटक, कपालभात आदि। साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जहां रोगों की संख्या बढ़ती जा रही है और मानसिक स्थिरता में कमी आती जा रही है, षट्कर्म उनका एक कारगर, वैज्ञानिक और प्राचीन समाधान प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त, लखनऊ विश्वविद्यालय के योग संकाय तथा केजीएमयू के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यागजनों के लिए योगाभ्यास शिविरइ का आयोजन,कृत्रिम अवयव एवं पुनर्वास केंद्र (लिंब सेन्टर) में किया गया, सफलता पूर्वक किया गया। शिविर में प्रोफेसर आरएएस कुशवाहा डीन स्टूडेंट वेलफेयर केजीएमयू, डॉ अनिल कुमार गुप्ता एचओडी कृत्रिम अवयव एवं पुनर्वास केंद्र (लिंब सेंटर) केजीएमयू, तथा विभाग के अन्य कर्मचारी बलराम श्रीवास्तव, प्रदीप गंगवार, वीरेंद्र कुमार दीक्षित भी उपस्थित थे। प्रो. आरएएस कुशवाहा ने बताया कि इस योग शिविर का उद्देश्य दिव्यांग जनों को शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में सशक्त बनाना है तथा उन्हें योग के माध्यम से आत्मबल और आत्मविश्वास से भरपूर जीवन जीने की प्रेरणा देना है। डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि योग विद्या तो सभी के लिए है। दिव्यांग जन भी योग के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधार सकते हैं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर और गरिमामय जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। यह शिविर हमारी सामाजिक समावेशिता की दिशा में एक छोटा पर प्रभावशाली कदम है।

लखनऊ विश्वविद्यालय से योग प्रशिक्षक मोनिका सिंह, प्रीति मनुज तथा अर्चना वर्मा उपस्थित थीं, जिन्होंने दिव्यांग जानो को समग्र स्वास्थ्य में योग की भूमिका बताते हुए योगाभ्यास कराया।

संक्षेप

## टाउन एरिया कुमारगंज में सेड्यूल 22 घंटे आपूर्ति 12 घंटे

मिल्कीपुर-अयोध्या। आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज में बिजली आपूर्ति की स्थिति खराब है। करीब 20,000 की आबादी वाले इस क्षेत्र में सरकार के 22 घंटे बिजली आपूर्ति के सेड्यूल वादे के विपरीत मात्र 10-12 घंटे ही निरंतर ट्रिपिंग, लो वोल्टेज बिजली मिल रही है। बिजली आपूर्ति भी अनियमित है 10 मिनट आने के बाद लाइन ट्रिप हो जाती है। आधे घंटे बाद फिर आती है। कई बार तो बिजली आती ही नहीं है। अकेले नगर पंचायत में 90 किलोवाट का विद्युत कनेक्शन है।

स्ट्रीट लाइट और चैराहों पर हाई मास्क लाइट की बिजली का बिल प्रतिमाह करीब 2.25 लाख रुपये है ।बिजली की कमी से किसानों की फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या है कि नगर पंचायत की विद्युत व्यवस्था अलग है फिर भी अकमा, नेमा का पुरवा, रतापुर नगरीय क्षेत्र में होने के बावजूद वहां ग्रामीण क्षेत्र के तर्ज पर बिजली मिल रही है।

लो-वोल्टेज की समस्या से उपकरण काम नहीं करते। उमस भारी गर्मी में कूलर और पंखे ठीक से नहीं चल पा रहे हैं, रात में स्ट्रीट लाइट ना जलने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। लोगों की शिकायतों के बावजूद विद्युत व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है।

# इसरो के वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों ने की सफल रॉकेट लॉन्चिंग

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के सेवरही विकासखंड के ग्राम रकबा जंगली पट्टी में इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की उपस्थिति में रॉकेट लॉन्च का आयोजन किया गया। इसरो इन स्पेस और एनएसआईएल के दिशा-निदेर्शों पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र अपने द्वारा डिजाइन किए गए कैन साइज के उपग्रह का प्रक्षेपण किया गया।

- सेवरही के रकबा जंगली पट्टी में एपी तटबंध के निकट दो दिवसीय रॉकेट प्रक्षेपण का शुभारंभ

डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के अंतर्गत कार्यरत तीनों विंग इसरो, इन स्पेस और एनएसआईएल के दिशानिर्देश पर तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के रकबा जंगलीपट्टी में एपी तट बन्ध के समीप दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें कैन साइज के सैटेलाइट लांच किए गए, जो विद्यार्थियों द्वारा ही डिजाइन तथा बनाए गए हैं। स्पेस जागरूकता के साथ-साथ इसमें विद्यार्थियों का रुझान बढ़ाना इस प्रतियोगिता का असल उद्देश्य है। क्षेत्र में पहली बार ऐसे आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। शनिवार को विकास खण्ड सेवरही के रकबा दुलमा पट्टी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा रॉकेट लॉन्चिंग कार्यक्रम के बावत इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान अवगत कराया कि ₹इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024-25₹ का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है। इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया स्टूडेंट कॉम्पिटिशन 2024-25 में भारत भर के विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के छात्रों द्वारा लॉन्च साइट से 1000 मीटर की ऊँचाई पर मॉडल रॉकेट और कैन आकार के उपग्रह का डिजाइन, विकास और प्रक्षेपण शामिल है। उन्होंने बताया कि इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री, कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से किया जा रहा है। विभिन्न लॉन्चर विकल्पों के सावधानी पूर्वक मूल्यांकन के बाद, हमने इन कैनसैट के प्रक्षेपण के लिए थ्रस्ट टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया है। भारतीय प्रक्षेपण एजेंसी की क्षमताओं का आकलन करने के लिए, तुमकुही में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है ।डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के अंतर्गत कार्यरत तीनों विंग इसरो / इन स्पेस/



एन एस आई एल के दिशानिदेर्शों में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें कैन साइज के सैटेलाइट लॉच किए गए, जो विद्यार्थियों के द्वारा ही डिजाइन किए गए तथा बनाए गए है। स्पेस जागरूकता के दृष्टिगत एवं उसमें बच्चों का रुझान बढ़ाने हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि रॉकेट लांचिंग के दौरान लगभग 1 किलोमीटर तक ऊपर जाएगा। जिसमें एक छोटा सैटेलाइट बाहर आएगा। पांच मीटर नीचे आने पर उसका पैराशूट एक्टिव हो जाएगा और लगभग 400 मीटर नीचे आने पर धीरे-धीरे धरती के सतह पर आएगा। रॉकेट टोटल 15 किग्रा. का होगा और उसमें 2.26 किग्रा. का ईंधन लगा हुआ है। लॉन्चिंग के समय 2.6 सेकण्ड के लिए ईंधन जलेगा और रॉकेट सैटेलाइट को ऊपर लेकर जाएगा। वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि रॉकेट लॉन्चिंग मुख्यतः समुद्र के किनारे किया जाता है। इस जगह का चुनाव नदी का किनारा होने तथा काफी दूर तक आबादी नहीं होने को लेकर इसरो की टीम द्वारा 12 फरवरी 2025 को चयन स्थल किया गया था। इसका उद्देश्य इस क्षेत्र के युवाओं में स्पेस टेक्नोलॉजी में रुचि पैदा करना है। जिससे क्षेत्र के प्रतिभाओं को इससे जोड़ अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का अवसर प्रदान किया जा सके। इस दौरान शाम 5:11 पर रॉकेट लॉन्चिंग का सफल प्रक्षेपण किया गया जो लगभग 1.12 किलोमीटर आकाश में जाने के उपरांत पुनः धरती पर लौटने की प्रक्रिया में रॉकेट का पैराशूट एक्टिव हुआ तथा प्रक्षेपण स्थल से कुछ दूरी पर है खेत में जा कर उतरा। रॉकेट लॉन्चिंग के सफल प्रक्षेपण पर भारत मां के जयकारे और जोरदार तालिया के विवरण के बीच इसरो के वैज्ञानिकों को लोगों ने बधाइयां दी। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने इस आयोजन को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष के क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने की मंशा में महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह पूरी टीम को बधाई देते हुए आगामी अक्टूबर नवंबर माह में होने वाले रॉकेट लॉन्चिंग प्रतियोगिता हेतु शुभकामना व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला साइंस क्लब की तरफ से एक एमओयू भी साइन किया गया है ।इस प्रतियोगिता के माध्यम से जनपद के तथा प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं उभर कर सामने आएंगे जिला प्रशासन इस पूर्ण प्रतियोगिता के लिए पूर्ण मनोयोग से तत्पर रहा है अग्निशमन एंबुलेंस आदि अन्य व्यवस्थाएं सभी सुनिश्चित की गई हैं। आगे आने वाले पीढ़ियों के लिए यह एक प्रेरणादायक उदाहरण रहेगा। वर्तमान पीढ़ियों के लिए यह एक बहुत बड़ा संदेश है जो लोग स्पेस के क्षेत्र में अपना करियर देखते हैं जब वह यहां अपनी आंखों से यह लॉन्चिंग कार्यक्रम देखते है, तो उन्हें अपने जीवन में इस क्षेत्र में करियर बनाने हेतु मोटिवेशन मिलता है, सीखने को मिलता है। वही निदेशक डॉ विनोद कुमार ने क्षेत्रीय सांसद व जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया। रॉकेट लॉन्चिंग कार्यक्रम दौरान मुख्य रूप से एडीएम कुशीनगर वैभव मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी तमकुहीराज ऋषभ पुंडीर, सीओ राकेश प्रताप सिंह, इसरो इन स्पेस के निदेशक डॉ विनोद कुमार, इसरो वैज्ञानिक अभिषेक सिंह, केके त्रिपाठी, विजया श्री, आनन्द मधुकर, बृजेश सोनी, युधिष्ठिर, फ्रस्टेक इंडिया लिमिटेड के टेक्नीशियन अमन अग्रवाल, सुभद्र गुप्ता, भाजपा नेता विजय राय जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, ईओ सेवरही उत्तम वर्मा आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण परिषद की जिला इकाई गठित डॉ. मधुसूदन मणि अध्यक्ष चुने गए



देवरिया। सरयूपारीण ब्राह्मण परिषद्, काशी इकाई, देवरिया की नयी कार्यकारिणी के चुनाव हेतु परिषद् की बैठक परिषद् के संरक्षक एवं पेंशनर संघ के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र मणि त्रिपाठी के रामनाथ देवरिया स्थित आवास पर परिषद् के अध्यक्ष श्री आद्या प्रसाद शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। चुनाव पूर्व नए कार्यकारिणी के चुनाव की सभी औपचरिक्ताओ को पूर्ण करने के पश्चात सर्वसम्मत से संरक्षक मण्डल का गठन किया गया जिसके सदस्य डा केशव धर द्विवेदी, श्री देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, डा दिवाकर प्रसाद तिवारी, श्री बृजेश पांडेय प्रबंधक बनें। तत्पश्चात नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मत सम्पन्न हुआ, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य चुनें गए। अध्यक्ष के पद पर डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी कार्यकारी अध्यक्ष पं रमेश मिश्र उपाध्यक्ष पद पर पं रमेश चन्द्र त्रिपाठी, त्रिभुवन नाथ मिश्र और रवींद्र नाथ तिवारी साथ ही मंत्री के पद पर कौशल कुमार मिश्र सहमंत्री के पद पर शिव सहाय मणि त्रिपाठी मीडिया प्रभारी पं श्वेतांक करन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष पद पर भृगुदेव मिश्र और आय व्यय निरीक्षक हरे राम दीक्षित जी हुए सदस्य के रूप में आद्या प्रसाद शुक्ल, डॉ गोरखनाथ मिश्र, डॉ श्रीनाथ द्विवेदी, सतीश पती त्रिपाठी, सरोज पांडेय, अनिल कुमार त्रिपाठी, मधुसूदन मिश्र, ब्रजेश पांडेय, दुर्गा धर द्विवेदी, दिनेश कुमार त्रिपाठी, यशोदानंद तिवारी, सुधाकर मिश्र, शिवाकांत मिश्र, अभय कुमार द्विवेदी, श्याम शंकर मणि त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, अनिल मिश्र, रवि प्रकाश मिश्र, ज्ञानेश्वर मिश्र, देवकांत मणि पाठक, राकेश मिश्र पंकज, अखिलेश राम त्रिपाठी, नित्यानंद पांडेय, राजेश मिश्रा चुने गए।

## जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन



देवरिया। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 228 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 40 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए की गयी एक लाख की व्यवस्था

बहराइच। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ह्यह्यमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाह्लह्ल अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए पूर्व में स्वीकृत धनराशि को रू. 51,000=00. से बढ़ाकर रू. 01 लाख कर दी गई है। नवीन व्यवस्था के तहत कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्वी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप रू. 60,000=00 डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे वधू के खाते में अंतरित किये जायेंगे। जबकि रू. 25,000=00 से वैवाहिक उपहार सामग्री क्रय की जायेगी तथा रू. 15,000=00 विवाह की व्यवस्था पर व्यय किये जायेंगे।

नवीन व्यवस्था के तहत प्रत्येक बेटी को वैवाहिक उपहार सामग्री के रूप में 05 सेट साड़ी, ब्लाउज व पेटीकोट, 01 अदद चुनरी, 04 सेट पैंट व शर्ट का कपड़ा, 01 अदद फेंटा/गमछा, 30 ग्राम की एक जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया (जिसके साथ निमार्ता द्वारा प्रदत मात्रा व शुद्वता का प्रमाण-पत्र), स्टेनलेस स्टील का डिनर सेट, 5 ली. का प्रेशर कुकर, एल्मूनियम कढ़ाही, ट्राली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, 10 ली. का कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड की चादर, 02 अदद पिलो विद कवर, सिंगल बेड के 02 कम्बल डबल लेयर, गद्दा/मैट्रेस विद कवर, सिन्होग, लाल कांच की 02 दर्जन चूड़ी, 04 अदद लाख के कंगन के बेटी की विदाई होगी।

- डीबीटी के माध्यम से वधू के खाते में अंतरित किये 60 हजार रुपए
- आन-बान-शान के साथ उठेगी बेटी की डोलीं

विवाह की व्यवस्था अन्तर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए रखी गई रू. 15,000=00 की धनराशि से वधू को विवाह के पश्चात एलबम सहित 05 फोटो, विवाह हेतु 02 अदद गुलाब के फूल की जयमाला, निकाह हेतु बेला/चमेली का सेहरा, पगड़ी/साफा, विवाह सम्पन्न कराने हेतु पुजारी व मोलवी की दक्षिणा, मंच व पण्डाल की सजावट, कार्यक्रम सथल पर एल.ई.डी. स्क्रीन की स्थापना, बैनर, साउण्ड, माईक, वर-वधू व उनके पक्ष के 10-10 व्यक्तियों को नाश्ता तथा मौसम के अनुसार शरबत, शिकंजी, चाय व काफी की व्यवस्था। वर-वधू व उनके पक्ष के 10-10 व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था, वर-वधू के लिए अलग-अलग 05 कि.ग्रा. बूंदी के लड्डू एवं ड्राईफूट्स की टोकरी तथा विवाह प्रमाण-पत्र भेंट किया जायेगा।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के ऐसे जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन अभिभावक जिनकी अधिकतम वार्षिक आय रू. 3.00 लाख तक है अपनी अविवाहित कन्या अथवा विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री तथा ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। आवेदन में विवाह की तिथि को कन्या की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को आवेदन के साथ जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद हेतु 738 कन्याओं के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शुभ मुहूर्त तिथियों में विवाह सम्पन्न कराये जाने हेतु नगर निकायों व विकास खण्डों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट पर प्राप्त हुए आवेदन पत्रों का सत्यापन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के पोर्टल के माध्यम से अधिकाधिक संख्या आवेदन कर योजना का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित विकास खण्ड, नगर निकाय तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## योग पद्धति को अपना रहा पूरा विश्वः कुलपति

मिल्कीपुर-अयोध्या।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में ह्लयोगासन, ध्यान एवं योगिक क्रियाओंह्ल पर एक दिवसीय योग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। कुलपति ने कहा कि आज देश ही नहीं पूरी दुनिया हमारे योग पद्धति को अपना रही है। योग करने से हमारा तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है।

# ग्राम मांझा दरियाबुर्द एवं बाढ़ शरणालय का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

बहराइच। संभावित बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम मांझा दरियाबुर्द के निवासियों से मिलकर बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि घाघरा और सरयू नदियों संगम स्थल होने के कारण यहां पर बाढ़ सबसे पहले दस्तक देती है अतः सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत इस तरह से तैयारियों को अंजाम दे कि बाढ़ आने की स्थिति में ग्राम वासियों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

निरीक्षण के दौरान उन्होनें मौजूद खण्ड विकास अधिकाकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार, एमओआईसी, पशु चिकित्साधिकारी व सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों से की जा रही तैयारियों के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों से नियमित टीकाकरण तथा पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण तथा पूर्व में आयी बाढ़ के दौरान विभिन्न प्रकार की क्षति के सापेक्ष हुए भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव में टीकाकरण का कार्य किया गया है। वर्तमान समय पर एएनएम गांव में लक्षित वर्ग का टीकाकरण कर रही हैं। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के टीकाकरण समय से कराये जाने के भी निर्देश दिये। ग्राम मांझा दरियाबुर्द सरयू व घाघरा नदी का मिलाप स्थल होने के कारण बाढ़ के लिए अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्र है। डीएम ने बीडीओ व ग्रामवासियों से नदी के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में जलस्तर बिल्कुल सामान्य है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होनें बाढ़ शरणालय केवलपुर का भी निरीक्षण किया और बीडीओ व नायब तहसीलदार से शरणालय के निर्माण के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम मोनिका रानी ने एमओआईसी शिवपुर को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र की ऐसी गर्भवती महिलाओं जिनके यहां माह जून से लेकर अगस्त माह तक प्रसव की संभावना है, उनकी सूची तैयार कर लें ताकि बाढ़ के दौरान किसी प्रकार की आपात कालीन स्थिति में उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा अथवा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। डीएम ने ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में ही सुरक्षित स्थान पर अस्थाई बाढ़ राहत शिविर तथा प्रसाधन इत्यादि की मोबाइल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समस्त तैयारियां पूर्ण कर लें ताकि बाढ़ से प्रभाावित होने वालों को स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित ठिकाना मिल सके।

## मानवता को जीवंत रखा रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों ने मनाया




देवरिया। विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन आज स्थानीय गाँधी सभागार, विकास भवन मे बच्चों के बीच धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति रेड क्रॉस के संश्थापक जॉन हेनरी की जयंती 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप मे बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया गया ।उक्त आयोजन स्थानीय गाँधी सभागार विकास भवन मे रेडक्रॉस के सेवा, कार्यों एवं योगदान के चर्चा के साथ प्रारम्भ की गई साथ मे वर्षों पुराने रेडक्रॉस के डाक टिकटका संग्रह का प्रदर्शन हिमांशु कुमार सिंह ने बच्चों एवं अन्य अथिति के बीच किया ।इसी क्रम मे एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन एवं संचालन करते हुए बच्चों के बीच विषय ₹ मानवता के पक्ष मे₹ रेड क्रॉस का योगदान, दिया गया जिसमें विभिन्न विद्यालय से करीब 55 बच्चों ने भाग लिया। विषय पर प्रकाश डालते हुए हिमांशु सिंह ने कहा कि मानवता को रेडक्रॉस के लोगों ने आज भी जीवित्त रखा है ।जो आज भी विश्व की सबसे बड़ी गैर राजनैतिक संस्था है। अध्यक्षता कर रहे वकील सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस विपदा मे या अन्य विपरीत परिस्थिति मे मानव हित का कार्य करता है, वहाँ पर जाति, धर्म, सीमा आदि से ऊपर उठ कर मदद करता है। निर्णायक दल मे डॉ भावना सिन्हा एवं अभिनव सिंह ने निर्णय देतें हुए अर्श पराशर, प्रथम स्थान, साक्षी त्रिपाठी, सार्थक सिंह को सयुंक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं अंशिका पाण्डेय को तृतीय स्थान पर घोषित किया। इसके अतिरिक्त वैष्णवी राज, काव्या त्रिपाठी, स्वास्तिक पाण्डेय, आरोही सिंह, अवनि सिंह, अभिनव शुक्ला को संतावाना पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ संजय गुप्ता, साहू विशाल गुप्ता, सुजीत मिश्रा, अनिल तिवारी, देवव्रत पाण्डेय लाल जी गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# विब्रान्त अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत, फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के खड्डा नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर बने विब्रान्त हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर बड़ा लापरवाही का मामला सामने आया है। 25 वर्षीय महिला आसमा खातून पत्नी सिकंदर और उसके नवजात बच्चे की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना उस वक्त हुई जब प्रसव के दौरान डॉक्टरों ने कथित ऑपरेशन किया, कुछ ही देर में अस्पताल कर्मियों का व्यवहार बदल गया और बहानेबाजी शुरू हो गई। डॉक्टरों ने ब्लड की व्यवस्था जिला अस्पताल से करने की बात कही और पैसों की मांग शुरू कर दी ।जब आसमा की हालत और बिगड़ने लगी तो अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से कहा कि महिला को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाना होगा। लेकिन हकीकत में न तो उसे सही इलाज दिया गया, न ही ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर

- खड्डा नगर के महाराणा प्रताप चौक पर स्थित था विब्रान्त अस्पताल
- बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित था हॉस्पिटल

लेकिन ऑपरेशन के बाद ही मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई ।मृतका आसमा जो हनुमानगंज थाना क्षेत्र के रामपुर जंगल गांव की रहने वाली थी। शुक्रवार रात प्रसव पीड़ा के चलते खड्डा नगर के विब्रान्त हॉस्पिटल लाया गया था। परिजनों के अनुसार, रात करीब 11:00 बजे उसका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन सफल रहा है और मां-बच्चा दोनों ठीक हैं। लेकिन सैयद, जो स्वयं को हॉस्पिटल का चिकित्सक बता रहा था। ओर मृत आसमा और उसके बच्चे को जिंदा बताते हुए कुछ घंटे तक प्राइवेट वाहन में ही प्रसूता रखकर अस्पताल के आसपास के कबीर लगभग 10 किलोमीटर घुमाता रहा। परिजनों को लगातार झूठा दिलासा दिया जाता रहा कि ह्लमां और बच्चा दोनों ठीक हैं, चिंता की कोई बात नहीं। जब परिजनों को शक हुआ और उन्होंने सख्ती से




सवाल किया तो डॉक्टर सैयद खुद गाड़ी से उतरकर भागने की कोशिश करने लगा। इस पर परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर सैयद को हिरासत में ले लिया ।जांच में सामने आया है कि विब्रान्त हॉस्पिटल बिना किसी पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित हो रहा था। न तो वहां प्रशिक्षित डॉक्टर तैनात थे और न ही प्रसव जैसी गंभीर प्रक्रिया के लिए आवश्यक सुविधाएं मौजूद थीं ।यह घटना न केवल चिकित्सा लापरवाही की पराकाष्ठा है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि स्थानीय स्वास्थ्य प्रशासन की निगरानी व्यवस्था कितनी लचर है। बिना लाइसेंस के चल रहे इस हॉस्पिटल में रोजाना दर्जनों मरीजों का इलाज किया जाता रहा और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी ।शोक में डूबे परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि डॉक्टर सैयद और इस अवैध हॉस्पिटल के अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

फिलहाल खड्डा थाना पुलिस ने आरोपी डॉक्टर सैयद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हॉस्पिटल को सील किए जाने की प्रक्रिया भी चल रही है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे प्रकरण की गहन जांच करेगी।

### उप जिलाधिकारी खड्डा बोले

अस्पताल बिना पंजीकरण का संचालित हो रहा था और नियमानुसार अस्पताल के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मामले में दोषियों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा।

### सीएमओ बोले

इस संबंध में सीएमओ ने कहा कि आगे भी खड्डा क्षेत्र में संचालित अन्य अवैध अस्पतालों की जांच की जाएगी और जो भी अस्पताल नियमों के विरुद्ध पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बुलडोजर कार्रवाई के पीड़ितों से आप नेताओं ने की मुलाकात

अयोध्या। चैक के पास स्थित पुरानी सब्जी मंडी में हुई प्रशासनिक बुलडोजर कार्रवाई के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल प्रभावितों से मिलने पहुंचा। पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में टीम ने ध्वस्त मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया और पीड़ित व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों से मिलकर उनका हाल जाना वही प्रदेश महिला कार्यकारिणी सदस्य व मंडल प्रभारी, गुड़िया राईन ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में गरीबों के सिर से छत छीन लेना अमानवीयता की पराकाष्ठा है। सरकार ने मानवता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह कार्रवाई पूरी तरह तानाशाही और गरीब विरोधी हैह्ल उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान निकालने की मांग करेगी। प्रतिनिधिमंडल में गायत्री मिश्रा, यू.के. द्विवेदी, मोहम्मद इजराइल, कैप्टन इरशाद हसन, शारजाहा मास्टर, रघुनाथ प्रताप और निलेश चतुवेर्दी जैसे नेता भी मौजूद रहे।

## रक्तदान जीवन बचाने की महान परंपराः कुलपति

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पद्मश्री अरुणिमा सिन्हा क्रीड़ा संकुल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विश्व रक्तदान दिवस 14 जून 2025 का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कुलपति ने कहा कि विश्व रक्त दान दिवस को लगभग दो दशक पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई थी। इसका उद्देश्य रक्त सुरक्षा मानकों को सुसंगत बनाना रहा। विश्व रक्तदान दिवस को 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अपनाया गया। रक्तदान महादान है, देश में सुरक्षित रक्त जरूरतमंदों तक पहुंचे यही लक्ष्य होना चाहिए। रक्तदान से और लोगों के जीवन बचाने की यह महान परंपरा बनी रहे। कुलपति ने रक्तदाता को रक्तदान प्रमाण पत्र एवं पोषक आहार देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। है ह्लरक्त दें, आशा देंह्ल यह संदेश हमें जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान अमूल्य है।

संक्षेप

## चाचा की डांट से क्षुब्ध होकर किशोर ने खाया कीटनाशक

**सिधौली (सीतापुर)**। क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी एक 14 वर्षीय किशोर ने शनिवार को चाचा की डांट से आहत होकर कीटनाशक पी लिया। गंभीर हालत में उसे उसके दोस्तों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ। जानकारी के अनुसार, कम्हरिया गांव निवासी विवेक यादव पुत्र स्वर्गीय इंद्रजीत यादव अपने चाचा के साथ रहता है शनिवार को किसी बात को लेकर उसके चाचा ने उसे डांट दिया। इससे आहत होकर विवेक ने घर में रखा कोई कीटनाशक पी लिया। जब हालत बिगड़ी तो उसने अपने दोस्तों को जानकारी दी जब दोस्तों ने उसकी हालत बिगड़ते देखी तो घबराकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर आए।सीएचसी में लगभग चार घंटे तक चले इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी। बताया जा रहा है कि विवेक के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है और वह अपनी मां व छोटे भाई के साथ चाचा के घर पर ही रहता है।गनीमत रही कि समय रहते अस्पताल पहुंचने से उसकी जान बच गई। दोस्तो ने बताया कि कि घरवालों को सूचना दी लेकिन उन्होंने अस्पताल नही आये

## गंगा नहाने गये दो किशोर नदी में डूबे, एक को बचा लिया

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव**। स्थानीय क्षेत्र के गांव लवानी निवासी दो युवक अपने एक साथी समेत तीन लोग गंगा नहाने सरैया घाट कानपुर शिवराज पुर की तरफ गए थे जहां नहाते समय तीन किशोरों में दो डूब गए। एक को लोगों ने बचा लिया। दूसरे की तलाश जारी है। शनिवार को सबेरे बाइक से लवानी निवासी संजय का पुत्र अमन (18), राजू तिवारी के पुत्र अभय अपने साथी आलोक (18) पुत्र दिनेश कुमार द्विवेदी निवासी गंज जलालाबाद हरदोई के साथ गंगा नहाने सरैया घाट शिवराजपुर (कानपुर) की तरफ गए थे। गंगा नहाते समय आलोक व अभय गहरे पानी में डूब गए। आसपास के लोगों ने आलोक को बचा लिया, वहीं अभय की तलाश जारी है। आलोक का परिजन ने स्थानीय स्तर पर इलाज कराया है जबकि अमन की हालत ठीक बताई जा रही है।

## नदी में डूबी महिला

**सीतापुर**। तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतापुर में एक महिला शारदा नदी में डूब गई। बसंतापुर गांव की रहने वाली फूलमती (65) पत्नी कालिका रात करीब 2 बजे शारदा नदी के पास गईं थीं। वहां उनका पैर फिसल गया और वे तेज बहाव में बह गईं। खेतों में रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने महिला को नदी में गिरते देखा। उन्होंने तुरंत शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। तंबौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश शुरू की। कई घंटों की खोजबीन के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने बताया कि गोताखोरों के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। फूलमती के डूबने की खबर से परिवार में शोक छाया हुआ है। ग्रामीण भी बड़ी संख्या में शारदा नदी के किनारे एकत्र हैं और महिला के मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## अज्ञात चोरों ने किया लाखों पार

सीतापुर। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ पियूष पुत्र नागेन्द्र प्रकाश निवासी मोहल्ला सुभाष नगर में चैकी प्रभारी जेल रोड सीतापुर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया कि पीड़ित का मकान मोहल्ला सुभाष नगर बने मंदिर के सामने गली में है। 13 जून 25 की शाम वह परिवार के सदस्यों के साथ मकान के सभी कमरों मे तालडालकर अपने पैतृक गांव नौनेर गया था सुबह 14 जून 2025 को मोहल्ले के लोगो के द्वारा फोन से सूचना मिली कि पीड़ित के मकान का ताला टूटा हुआ है आकर देखने पर सभी कमरों व सेफ का ताला भी टूटा मिला। पीड़ित ने जब मकान में जाकर पूरी जानकारी ली तो पीड़ित का लगभग चार तोला सोना अस्सी हजार रुपए नगद आदि अज्ञात चोरों द्वारा पार किया जा चुका था। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# भूमाफियागिरी और गुंडागर्दी किसी हालत में बर्दाश्त नहीं : दीपक भूकर



जिला संवाददाता

**पाटन, उन्नाव**। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत थाना बिहार परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान एसपी ने पूर्व में आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा के साथ-साथ मौके पर उपस्थित फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। थाना दिवस के मौके पर कुल 20 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से दो राजस्व संबंधी मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया। एसपी दीपक भूकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भू-माफियागिरी और गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लेखपाल द्वारा की गई मेंड़बंदी के बाद भी दबंगों द्वारा मेंड़ काटने की शिकायत पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। यह शिकायत ग्राम पकरा खुर्द निवासी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा दी गई थी। ग्राम जमीपुर निवासी बच्चा सिंह ने रास्ते के विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जबकि ग्राम रघुनाथ खेड़ा निवासी बजरंगी ने विपक्षी द्वारा आवाज कब्जे की शिकायत की, जिस पर एसपी ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी बीच एसपी ने थाना परिसर, आवास तथा बैरिक का निरीक्षण भी किया और उमश भरी गर्मी के चलते बिहार थाने के लिए दो कूलर तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिषद के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण के लिए बजट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। ग्राम असई खेड़ा निवासी सरोजनी देवी द्वारा गाटा संख्या 29 को लेकर की गई शिकायत पर हुए विवाद में अधिवक्ता व लेखपाल में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर एसपी ने अधिवक्ता समेत सरोजनी देवी को हिरासत में लिया। हालांकि दो घंटे बाद अधिवक्ता को छोड़ दिया गया, जबकि सरोजनी देवी पर शांति भंग की कार्यवाही की गई। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी राहुल सिंह ने की। थाना समाधान दिवस के मौके पर तहसीलदार मनीष द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

- समाधान दिवस पर एसपी ने सुनी समस्याएं

## थाना दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को थाना दिवस सम्पन्न हुआ जहां सर्वाधिक मामले मौरावां थाने में आए। एसडीएम ने सभी फरियादियों को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण हेतु मातहतों को निर्देशित किया। मौरावां थाना दिवस एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुआ। एसडीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित कर्मचारियों को शीघ्र निराकरण हेतु दिशा निर्देश दिए। मौरावां में कुल 31 मामले आए जिसमें तीन प्रकरणों का निस्तारण मौके पर कराया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। पुरवा कोतवाली में तहसीलदार रामशंकर की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें मात्र 4 प्रकरण ही प्रकाश में आए। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं असोहा थाना में नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जहां मात्र 5 फरियादियों ने अपनी समस्याएं बताई। मौके पर दो प्रकरणों का निराकरण कराया गया। थाना प्रभारी समेत राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि थाना समाधान दिवस में आई समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा।



# हाल-ए-जिला अस्पताल, साहब का जलवा कायम, ठेंगे पर ओपीडी और मरीज!

**उन्नाव**। जिला अस्पताल में आंख का इलाज कराना है तो इत्मीनान से सोंच विचार कर लीजिए क्योंकि इसके लिए आपको घंटों लंबा इंतजार करना पड़ सकता या फिर मायूस होकर लौटना भी पड़ सकता है। ऐसा इसलिए है कि यहां तैनात दो नेत्र चिकित्सकों में से एक अस्पताल के छोटे साहब जो ठहरे। उनका मन हुआ तो ओपीडी में पहुंचे, नहीं तो उनसे कौन सवाल जवाब करने की हिमाकत करेगा। सूत्र बताते है कि साहब की मूल ड्यूटी यूं ही कागजों पर चल रही है। पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों की समस्या बढ़ती चली जा रही हैं। सबसे ज्यादा समस्या यहां नेत्र रोगियों को झेलनी पड़ती है। जिला अस्पताल में दो नेत्र चिकित्सक डॉ फैजल जुबैर और डॉ संजीव कुमार तैनात है। दूर दराज से आने वाले आंख रोगी मरीजों को डॉक्टर फैजल जुबैर नियमित रूप से ओपीडी करते है साथ ही जरूरतमंदों का आपरेशन भी करते हैं। वहीं दूसरे नेत्र चिकित्सक संजीव कुमार न सिर्फ अपने कर्तव्य से विमुख है बल्कि परोक्ष रूप से मरीज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उनके पास अस्पताल के डिप्टी सीएमएस का चार्ज होने के चलते उनकी मनमानी पूरे सबाब पर है। मन हुआ तो ओपीडी आए और कुछ मरीजों को देख लिया नहीं तो उनसे पूछने वाला कौन है? जिसका नतीजा यह है कि डा फैसल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। पहले नंबर आ जाए इसके लिए मरीजों में अक्सर धक्कामुक्की की स्थिति बन जाती है। यही नहीं कई बार तो ऐसा हो जाता है कि मरीजों की भीड़ लगी रहती है और ओपीडी के निर्धारित समय बीत जाता है। ऐसे में दूर दराज क्षेत्रों से आए मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ता है।

- तैनात है दो नेत्र चिकित्सक, ओपीडी में मिलते है एक
- भीषण गर्मी में परेशान हो रहे मरीज, लगा रहे चक्कर



मरीजों को देखते नेत्र चिकित्सक डॉक्टर फैजल जुबैर।

### चहेतों पर साहब का रहता है वरद हस्त!

यही नहीं अपने डिप्टी सीएमएस वाले काम में भी इनकी मनमानी चरम पर है। अपने चहेतों पर इनका वरद हस्त बना रहता है। ऐसा इसलिए भी बताया जाता है कि यही इनके चाहते एमआर डॉक्टरों के पास बैठकर मरीजों को अपनी महंगी दवा लिखने वाले भ्रष्टाचार को बढावा देते हैं।

### अपने सहकर्मी के सापेक्ष साहब ने देखे महज 16 फीसदी मरीज

छोटे साहब की कर्मठता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी से जून माह में अब तक उन्होंने अपने साथी डाक्टर के सापेक्ष महज 16 फीसदी मरीज ही देखे। आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी से 13 जून तक डॉक्टर फैजल जुबैर ने कुल 33001 मरीज देखे। जिनमें से कई का आपरेशन भी किया। वहीं डॉ संजीव कुमार अभी तक महज 5283 मरीज ही देखे हैं

## बिजली सप्लाई न मिलने से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान

**मानपुर(सीतापुर)**। खैराबाद ग्रामीण पावर हाउस से संचालित बिद्दुत लाइन खराब होने से करीब 50 गाँवो के लोग इस भीषण गर्मी से निजात नही पा रहे हैं। इन गांवों के ग्रामीणों को करीब दो दिन से बिजली के दर्शन नही हुये हैं। किसानों की फसलें सूख रही हैं। किसान धान की पौध नही बो पा रहा है। जिन्होंने पौध बो दी है वह बिना पानी के सूख रही है। किसान विनोद यादवने बताया तीन दिन से बिजली नही आई है जिससे धान की पौध सूख रही है। यदि बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज से ट्यूबवेल नही चल पाता है। इस साल जब से गर्मी शुरू हुई है ट्यूबवेल के लिए पर्याप्त वोल्टेज नही मिल पाया है। बिजली विभाग के कर्मचारी लोड अधिक होने का बहाना बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। मुंडेरी निवासी लखन जी का कहना है। तीन दिन से बिजली खराब है , जिससे इस भीषण गर्मी में बहुत परेशानी होती है। घरेलू बिजली उपकरण महज शो पीस बनकर रह गए हैं। दिवाकर का कहना है कि लाइनमैन फोन नही उठाते। जिससे बिजली के बारे में कोई जानकारी नही मिल पाती। कटरा निवासी पंकज अवस्थी ने बताया इस लाइन पर बिजली की समस्या काफी गंभीर बनी हुई है। हैं। प्राइवेट कर्मी जान बूझ कर लाइन ठीक नही करते हैं। लाइन फाल्ट पर लोगों से मनमाना पैसा वसूलते हैं।

## लखनऊ में आरक्षी नागरिक पुलिस नियुक्ति समारोह को लेकर प्रशासन सतर्क, रूट डायवर्जन लागू

जिलासंवाददाता

**सिधौली(सीतापुर)**। राजधानी लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड वृंदावन में आरक्षी नागरिक पुलिस में चयनित 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी चाक-चैबंद कर दिया है।कार्यक्रम के मद्देनजर निर्बाध और त्रुटिरहित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु रूट डायवर्जन लागू किया गया है। सिधौली से महमूदाबाद चैराहे की ओर आने वाले भारी वाहनों को महमूदाबाद होते हुए बहराइच, बाराबंकी और गोंडा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान भारी वाहनों का प्रवेश निर्धारित मार्गों से ही किया जाएगा ताकि राजधानी की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग अवरुद्ध न हो। ट्रेफिक इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया कि दिशा निर्देशों के अनुसार की।यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी। शासन ने इस पूरे आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निगरानी के लिए क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारियों की तैनाती के आदेश भी जारी किए गए हैं।

# बिना एनओसी के संचालित हो रहे बार मिनीबार और मॉडलशॉप

जिलासंवाददाता

सीतापुर। नगर सहित जिले के जितने भी शराब के ठेके है वह चाहे देशी शराब का बड़ा ठेका हो या फिर अंग्रेजी शराब का ठेका सभी बिना फायर बिग्रेड की एनोसी पर चलकर खतरे की घण्टी बजा रहे है। जबकि कायदे में अग्निशमन यंत्र हर व्यापारी की दुकान पर लगना जरूरी है ताकि अचानक आये खतरे से समय उसका उपयोग किया जा सके।

फिर शराब ठेको से लेकर मॉडलशांप और बियरबार पर तो अग्निशम यंत्रों का लगना जरूरी है क्योंकि आमूनन देख जा रहा है कि मॉडल शाप और बियरबार और बारों में एक ही आने व जाने का रास्ता होता है उसी रास्ते के जरिये शराबी शराब पीने जाते है और आते भी है केवल नजूल भूमि पर बनी गजानन मार्केट में सार्वजनिक स्थान पर स्थित मॉडल शॉप में दोनो तरफ का रास्ता है तो वहीं एक ही पास में दो शराब के ठेके होने से भीड़ भाड़ रहती है।

जिला अग्निशमन अधिकारी के अनुसार किसी भी बार, मॉडलशाप और शराब के ठेका को उन्होने एनओसी जारी नही की है यानि कि सभी के सभी ठेके बिना विभाग के एनओसी के चल रहे है जबकि सीएम योगी आये दिन निर्देश दिया करते है कि हर प्रतिष्ठान पर अग्निशमन यंत्र होने चाहिए इसके बाद भी शराब जैसे ज्वलनशील अलकोहल के ठेको पर अग्निशमन सम्बन्धी कोई भी यंत्र नही लगा है।

यहां पर जो व्यक्ति बैठकर शराब पी रहा है तो एक समय ऐसा जरूर आयेगा कि वह नशे में हो जायेगा अगर ऐसे हालातों में की आग लग गई तो इनका शराब पिलाने वाले अडडो और शराब पी रहे लोगो का क्या हाल होगा अंदाजा लगाने से ही रोगटे खड़े हो रहे है कि क्योकि इससे मिलती जुलती कई घटनाऐ सुनी जा चुकी है और इन्ही घटनाओं को लेकर सीएम योगी द्वारा सभी दुकानों पर अग्निशमन यंत्रों को लगना जरूरी बताया था इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

# चौपाल में समय से नहीं पहुंचे प्रधान व सचिव , विकास कार्यों पर ग्रामीणों ने उठाये सवाल

जिला संवाददाता

**मछरेहटा सीतापुर**।विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दलेलनगरके पँचायत भवन मे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम चैपाल का आयोजन ग्राम प्रधान व सचिव की संयुक्त अध्यक्षता में होना तय था।जिसमे नोडल अधिकारी व अन्य विभागीय जिम्मेदार अधिकारी पहुचने थे।

- विकास कार्यो का आईना दिखाने पर रफूचक्कर हुए प्रधान व सचिव

ग्राम विकास पर चर्चा जानकारी शिकायत कार्य व विकास हेतु निर्धारित समय से ग्रामीण एकत्र हुए लगभग बारह बजे तक पंचायत भवन पर अध्यक्षता कर रहे प्रधान व सचिव सचिव श्वेता यादव नोडल अधिकारी सहित अन्य विभागीय जिम्मेदार अधिकारी न पहुचने पर जागरूक ग्रामीणों द्वारा जिम्मेदारो के न पहुचने की जानकारी खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी को दी गई खण्ड विकास अधिकारी की सूचना के बाद कागजपूर्ती करने के लिए संयुक्त अध्यक्ष प्रधान व सचिव पहुचे तो लेकिन ग्रामीणों व मुद्दों पर चर्चा न करके थोड़ी ही देर में निकल लिए ग्रामीण उदित, ने बताया कि जन समस्याओ से किसी का कोई वास्ता नही सभी कागजपूर्ती कर रहे है, और सरकारी धन का दुरूपयोग करने में लगे है पंचायत भवन जर्जर हालत मे है। लाइब्रेरी के नाम पर अलमारियां दिखाई दे रही है लेकिन पुस्तकें नदारद हैं। विकास की गुणवत्ता फर्श में लगी टाइल्स से ही दिखाई दे रही है जो जगह-जगह उखड गए हैं, राकेश ने बताया कि ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के चारों ओर लगी जाली जगह-जगह टूटी हुई है और खम्भे गिरे हुए हैं। इतनी भीषण गर्मी के बावजूद उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद भी जिम्मेदारों ने तालाबो में पानी भराने की भी जहमत नहीं उठा रहे ।लाली ने बताया सचिव कभी दिखाई नही देती है विकास कागज पर होते होंगे धरातल पर तो यह है कि गांव के अंदर नालियां जर्जर हालत मे हैं। ग्रामीण बरसात के मौसम मे जलभराव होने से ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो जाता है । आदि ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी लेकिन बिडम्बना कहा जा सकता है कि जिम्मेदार के पास समय ही नही की वह ग्रामीणों के दर्द को सुन सके व वास्तविकता से आँख मिला सके चैपाल भी कागजपूर्ती साबित हो रही ।

-सचिव श्वेता यादव जालेपारा मे जीरो पावर्टी लाइन से संबंधित कार्य कर रही थीं इसलिए चैपाल मे विलंब से पहुंची। अन्य अव्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जांच टीम बनाई जायेगी और तदनुसार आवश्यक कार्रवाई होगी **–राजेश तिवारी खण्ड विकास अधिकारी मछरेहटा सीतापुर**

## भारत ने विश्व में बनायी अपनी अलग पहचान- विधायक रामकृष्ण

**सीतापुर**। विकसित भारत संकल्प सभा मोदी सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर भाजपा मंडल मछरेहटा इकाई ब्लाक सभागार में शनिवार को मंडल अध्यक्ष के पी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कहा भारत विश्व में अपनी अलग एक पहचान बना ली आर्थिक स्थिति देश चैथे स्थान पर पहुंच गया ।

बहुत जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने के करीब है भारत के प्रधान मंत्री की देन दुनिया में भारत के प्रधान मंत्री को सम्मान मिल रहाऑपरेशन सिन्दूर सभी ने देखा पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। विशिष्ट अतिथि डालते कहा गांव में अन्तिम पायदान तक सरकारी करोड़ों महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का काम प्रधान मंत्री ने किया।

## भाजपा सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनायीं



**सफीपुर, उन्नाव**। मोदी जी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर की उपस्थित में भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। क्षेत्र के ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प सभा में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने कहा कि 11 वर्षों में प्रधामनंत्री मोदी ने गरीब के जीवन मे परिवर्तन व खुशहाली लाने का कार्य किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अन्तिम पंक्ति में बैठे गरीबो के लिए विभिन्न योजनाएं है। जिनमें गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन योजना, हर घर जल योजना, मुद्रा योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, मेट्रो योजना आदि गरीबो के कल्याण के लिए योजनाएं चलाकर अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को लाभ पहुचाया। उन्होंने कहा 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। इस मौके पर कंचन गुप्ता, दीपक विमल, राहुल सिंह, आशीष कनौजिया, विनीत सिंह, कुलदीप तिवारी, हसबुद्दीन, पम्मू गौड़, दिनेश यादव, पुष्पेंद्र कुमार आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन मलखान सिंह ने किया।

## ग्राम समाज की जमीन पर हुआ युवती का अंतिम संस्कार

**महमूदाबाद (सीतापुर)**। शमसानघाट और कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। अफसर मौके पर पहुंचे पैमाइश हुई उसके बाद युवती का संस्कार ग्राम समाज की जमीन पर करवाकर विवाद को शांत किया गया। करीब चार घंटे तक चली बातचीत के बाद विवादित भूमि पर दोनों पक्षों के दखल न देने पर सहमति बनी। वहीं किशोरी के शव का अंतिम संस्कार दूसरे स्थान पर किया गया। पैंतेपुर चैकी इलाके के केदारपुर निवासी ओम प्रकाश गौतम की पुत्री सरोजनी देवी (17) की बीमारी से शुक्रवार सुबह मौत हो गई थी। मृतका का दाह संस्कार करने के लिए परिजन उसे लेकर श्मशान पहुंचे। वहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने यह कहते हुए दाह संस्कार करने से मना कर दिया कि यहां पहले कब्रिस्तान था। इस मामले में उन लोगों ने सिविल कोर्ट महमूदाबाद में वाद भी दायर किया है। देखते ही देखते दोनों समुदाय के सैकड़ों की तादाद में लोग जमा हो गए और बहस शुरू हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अनिल कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों की बात सुनी। अफसरों ने सिविल कोर्ट में दायर वाद के कागज भी देखे। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि विवादित भूमि की पैमाइश कराकर वहां शवों के अंतिम संस्कार करने पर रोक लगा दी गई है। किशोरी के शव का पास में ही स्थित ग्राम समाज की जमीन पर दाह संस्कार कर दिया गया।

## युवक के शव को लेकर कोतवाली पहुंचे

**सीतापुर**। शहर निवासी सुरक्षाकर्मी की बिजनौर में मौत होने के बाद बृहस्पतिवार को परिजन शव लेकर कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानीय पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार कराया। पुलिस के मुताबिक शहर के मोहल्ला शमशेरबाग निवासी राकेश मिश्र (40) बिजनौर के स्योहारा शुगर मिल में सुरक्षाकर्मी थे। बृहस्पतिवार को उनकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मिल में डिस्टलरी के गेट पर ड्यूटी करते समय वह अचानक गिर गए।स्टाफ ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। मुरादाबाद के एक अस्पताल में राकेश को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद सुरक्षा एजेंसी ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही राकेश के शव को सीतापुर भेज दिया।परिजन शव लेकर कोतवाली पहुंच गए और पोस्टमार्टम कराने की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

## आखिर कमरे में कहां से आया देशी तमंचा

**सीतापुर**। देशी तमन्चे से चली गोली से किशोर घायल हुआ उसका उपचार चल रहा है तहरीर के आधार पर पुलस कार्यवाही कर रही है लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कमरे में देशी तमन्चा आया कहां से? पुलिस भी इस सवाल का जवाब तलाशने में जुटी हुई है। गौरतलब हो कि कायस्थटोला में रात एक कमरे में अचानक गोली चल गई। गोली लगने से एक किशोर जख्मी हो गया। उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। कायस्थटोला स्थित एक घर में सुहैल (16) अपने साथी जीशान और आदिल के साथ बैठा था। इसी बीच कमरे में तमंचे से अचानक गोली चल गई। फायर लगने से सोहेल गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया इंस्पेक्टर राकेश सिंह का कहना है कि मामले में सुहैल की मां की तहरीर पर जीशान और आदिल पर केस दर्ज कर लिया गया है। तमंचा कहां से आया, इसके अलावा घटना कैसे हुई है। इस सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पीड़ित किशोर का भी बयान दर्ज किया जाएगा।

## जिला कारागार का किया निरीक्षण





**सीतापुर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अपर जिला जज सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। जिला कारागार साप्ताहिक निरीक्षण के समय सुरेश कुमार सिंह जेल अधीक्षक व अरविन्द श्रीवास्तव, जेलर, जिला कारागार एवं जिला कारागार का अन्य समस्त स्टाफ तथा रितिकेश श्रीवास्तव, लिपिक भी उपस्थिति रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पाकशाला व महिला बैरक व किशोर बैरक के साथ-साथ जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक तथा जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उचित पाई गयी व बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नही कराया गया।

## रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

**सिधौली(सीतापुर)**। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में ह्यूमेन फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक कपूर कुमार रहे। उन्होंने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में अवश्य रक्तदान करना चाहिए। इससे हम अनजाने में कई लोगों की जान बचा सकते हैं।पुलिस उपाधीक्षक ने संस्था की डायरेक्टर अस्मा हसन खान की सराहना करते हुए कहा कि वे एक ऐसे क्षेत्र में कार्य कर रही हैं जहां लोगों में जागरूकता पैदा करना अपने आप में एक चुनौती है। उन्होंने संस्था के सभी कार्यक्रमों में सहयोग का भरोसा भी दिलाया।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आनंद एवं सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी बदरूल हसन खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ के ब्लड बैंक की टीम ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। शिविर में लगभग 100 लोगों ने रक्तदान किया जबकि 50 रक्तदाताओं को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से अखिलेश यादव, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शशांक सिंह, अब्दुल्ला सिद्दीकी, अरबाज सिद्दीकी, मिन्हाज, संजय कुमार, आदि है।

संक्षेप

## पुलिस ने किया 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार

**बांदा।** एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते पैलानी पुलिस ने 25 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना पैलानी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बीते 31 मार्च को थाना पैलानी में सूचना दी कि थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम नांदादेव निवासी रोहित सिंह ने उसकी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पैलानी पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। एसपी ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस की सुरागरसी के चलते और मुखबिर की सूचना पर आरोपी रोहित सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी नांदादेव को शनिवार को सिंधनकला गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुखराम, हेड कां. महेश्वर त्रिपाठी, प्रवेश पटेल व महिला कां0 अंशू सिंह रहीं।

## लखनऊ, कानपुर, फतेहपुर के लिए आज बंद रहेंगे भारी वाहन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में चयनित आरक्षियों को रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र देंगे। आयोजन को देखते हुए सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर बांदा से लखनऊ की ओर जाने वाले मार्गों पर विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने आदेश जारी कर 14 जून की शाम से 15 जून की रात तक भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। लखनऊ, कानपुर, रायबरेली और फतेहपुर जाने वाले मार्गों पर यह रोक लागू रहेगी। पपरेंदा से चिल्ला और बांदा से बेंदाघाट की ओर मोरम और गिट्टी से लदे ट्रकों के आवागमन पर रोक रहेगी। लोगों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने कहा है कि हल्के वाहन, प्राइवेट कारें, मोटरसाइकिलें और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन चलते रहेंगे। परिवाहन निगम की बसों पर रोक नहीं रहेगी। प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वह लखनऊ और कानपुर की यात्रा के लिए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का ईस्तेमाल करें। प्रयागराज व चित्रकूट मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी।

## एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय, हवालात आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिए। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने आदि के सम्बंध में निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फरार्टे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## पुलिस कप्तान ने चार क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिले के चार क्षेत्राधिकारियों के सर्किल में बदलाव किया है। पुलिस महकमे से जारी सूची के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक रक्षपाल सिंह को क्षेत्राधिकारी महरौनी से क्षेत्राधिकारी तालबेहट भेजा गया है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक आशीष मिश्रा को क्षेत्राधिकारी तालबेहट से क्षेत्राधिकारी महरौनी, पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा को क्षेत्राधिकारी यातायात से क्षेत्राधिकारी मड़ावरा एवं पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव को क्षेत्राधिकारी मड़ावरा से क्षेत्राधिकारी यातायात बनाया गया है।

# डीएम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकार जसजीत कौर द्वारा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित बनाए रखने के लिए जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने पैथालॉजी लेब को देखा और वहां की जाने वाली जांच और रिपोर्टिंग के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकार जसजीत कौर ने शनिवार को जिला अस्पताल के सिटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण किया उन्होंने सीटी स्कैन संचालित करने वाले टेक्नीशियन से सिटी स्कैन में लगने वाले समय तथा मरीज को उपलब्ध कराए जाने वाली रिपोर्ट की अवधि के बारे में मालूमात हासिल कीं। इस अवसर पर उन्होंने वहां मौजूद मरीजों से सीटी स्कैन फीस तथा सुविधाओं के बारे में पूछे जाने पर मरीजों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराने तथा बिना किसी दुश्वार के जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराना बताया गया। सीटी स्कैन कक्ष के सामने फर्श टूटा हुआ पाए जाने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि इस स्थान की पैमाइश हो चुकी है और जल्द ही इसकी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल में कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए स्थापित एनआरसी केंद्र का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि एनआरसी केंद्र के अंदर छोटे बच्चों की रुचि के अनुसार सुन्दर चित्रों एवं आकृतियों वाली वॉल पेंटिंग कराएं तथा वहां पर बच्चों के लिए बनाए गए प्ले स्टेशन को पूर्ण मानकों के अनुसार संचालित करें ताकि वहां भर्ती बच्चों को पौष्टिक आहार तथा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ मनोरंजन का सुन्दर और आकर्षक माहौल भी उपलब्ध हो सके। अस्पताल की निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा दुष्यंत पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से किताबों की उपलब्धता, सुविधाओं तथा समस्याओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिशासी नगर पालिका बिजनौर का निर्देशित किया कि पूर्ण मानक के अनुसार पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले युवाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर विकास कुमार, पैथोलॉजिस्ट सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों मौजूद थे।

## घर से चोरी हुई सोने की चेन का खुला राज



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** बीते माह की बीस तारीख को घर में चोरी हुयी सोने की चैन के प्रकरण में सीसीटीवी के जरिए पकड़े गये युवक को लेकर जाखलौन पुलिस शनिवार को सराफा बाजार पहुंची, जहां उन्होंने सोना परीक्षण की दुकान पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। पुलिस के दुकान पर आने के बाद

- घर से दूधिया ही उठा ले गया था चैन, बेंच दी थी एक व्यापारी को

पूरे कटरा बाजार में तमाम प्रकार की चचाओं का बाजार गर्म हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सराफा व्यापारियों ने भी उक्त दुकान तक पहुंच कर जानकारी जुटाई। प्रकरण को लेकर थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम धौर्रा निवासी विपिन जैन ने बताया कि उसके घर से बीते माह मई की 20 तारीख को सोने की चैन जिसका अनुमानित वजन करीब ढ़ाई तौला बताया जा रहा है अचानक से गायब हो गयी थी। सोने की चैन यहां वहां खोजने पर भी नहीं मिली। लेकिन परिजन कुछ दिनों तक तो यही समझते रहे कि चैन कहीं रखी होगी, फिर मिल जायेगी। लेकिन काफी समय तक जब सोने की चैन नहीं मिली तो विपिन जैन ने अपने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाये, जिससे पूरा प्रकरण खुल सका। विपिन जैन के अनुसार बीते दो-तीन दिन पहले दूध वाला आया और उनके घर में ऊपर की ओर चला गया, यह घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में देखकर उन्होंने उक्त युवक को पकड़ लिया और उससे जब पूछा कि चैन तुम्ही ने चुराई है तो उक्त युवक ने बात कबूल कर ली। चैन के बारे में पूछा तो पकड़े गये युवक ने बताया कि उसने उक्त चैन को जाखलौन ले जाकर बेच दिया। जब वह युवक को लेकर उक्त दुकानदार के पास पहुंचा तो वहां जानकारी हुयी कि चैन खरीदने वालों में कुछ और लोग भी शामिल थे, जहां उक्त दुकानदार ने चैन खरीदने से इंकार कर दिया था, लेकिन थाने में शिकायत करने के बाद जब पुलिस ने उक्त लोगों से पूछताछ की तो उक्त लोगों ने पूरा सच बता दिया कि उन्होंने ही चैन खरीदी थी और ललितपुर के कटरा बाजार स्थित एक टेस्टिंग शॉप पर ले जाकर सोने की टंचिंग करायी गयी। इसी मामले की जानकारी करने के लिए जाखलौन पुलिस ललितपुर आयी हुयी थी, यहां टेस्टिंग करने वाले दुकानदार ने बताया कि उसने जाखलौन के सराफा व्यापारी का काम किया है। इसके अलावा कोई अन्य व्यक्ति का कार्य नहीं किया है। पूछताछ करके पुलिस मौके से चली गयी। समाचार लिखे जाने तक इस प्रकरण में आगे कार्यवाही जारी थी।

## समर कैम्प आयोजन से पहले कबड्डी खिलाड़ियों को किट वितरित



**बाँदा।** समर कैंप आयोजित होने से पहले कबड्डी खिलाड़ियों को किट एवं टी शर्ट का वितरण किया गया। जिला कब्बड्डी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम कबड्डी खिलाड़ियों का 15 जून से समर कैंप आयोजित होगा। समर कैंप के तहत बच्चों को विभिन्न स्थलों में भ्रमण कराया जाएगा। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल सिंह यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी सरदार वल्लभभाई स्टेडियम में बालक बालिकाओं के कबड्डी समर कैंप का उद्घाटन 15 जून को सुबह 6 बजे आयोजित होगा। समर कैंप उद्घाटन से पूर्व सभी छोटे बड़े बच्चों को कबड्डी किट तथा टीशर्ट वितरित की गई है। किट मिलने पर बच्चों ने प्रसन्नता जताई। इस दौरान महेंद्र सोनी, अंकित कुशवाहा, पुरुषोत्तम पुरवार, सुनील सक्सेना, अनिल शिवहरे, शिवकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद शुक्ला, महेंद्र देवपुरिया, नरेंद्र दीक्षित, बच्चा त्रिपाठी, श्याम सिंह, श्याम बाबू तिवारी, कपिल गुप्ता ने आगंतुकों का स्वागत किया।

## ट्रक की टक्कर से मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रजवारा निवासी भरत पुत्र प्यारेलाल लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 3 जून की शाम करीब 7.30 बजे उसके बड़े भाई का साला थाना बार के ग्राम गदयाना निवासी कृष्णपाल पुत्र रामसिंह मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 36 एम.के. 1157 पर उसकी पत्नी चन्दा को बैठाकर रामेशरा गांव से रजवारा आ रहे थे। वहीं दूसरी मोटर साइकिल पर वह भी पीछे से आ रहा था। बताया कि वह ग्राम प्रधान बिरारी के मकान के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रहे ट्रक संख्या एम.पी. 09 एच.जी. 6538 के चालक ग्राम बुढ़वार निवासी रामकिशोर पुत्र मंजू राय ने तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी व साला गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया कि ट्रक चालक मौके पर 2 मिनिट रूकते हुये भाग गया। इसी बीच रजवारा गांव के कई लोगों ने घटना को देखा और उसकी पत्नी को घायलावस्था में नरेश की कार में जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के दौरान पत्नी चंदा को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# दुकान पर नाबालिग से लिया जा रहा था शराब

जिला संवाददाता



ललितपुर। जिले के बानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयपुरा में एक चैंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां देशी शराब और ठंडी बियर की कम्पोजिट दुकान पर नाबालिग बच्चे द्वारा शराब बेचने और ओवर रेटिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना तब सामने आई है, जब जिला प्रशासन द्वारा बाल श्रम निषेध सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकाली जा रही है और बाल श्रम को रोकने के लिए कानूनी प्रावधानों पर जोर दिया जा रहा है। इस घटना ने न केवल बाल श्रम कानून की खुलेआम अवहेलना को उजागर किया है, बल्कि आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि उदयपुरा में संचालित एक देसी शराब और ठंडी बियर की कम्पोजिट दुकान पर एक नाबालिग बच्चा ग्राहकों को शराब परोस रहा है।

- शराब बिक्री और ओवर रेटिंग का वायरल वीडियो ने उजागर की हकीकत
- जनपद में बाल श्रम कानून की उड़ रही धज्जियां

न केवल यह बच्चा शराब बेचने का काम कर रहा है, बल्कि दुकान पर ठंडी बियर को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है, जो ओवर रेटिंग का स्पष्ट उल्लंघन है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह दुकान लंबे समय से इस तरह के गैरकानूनी कार्यों में लिप्त है, लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (जिसे 2016 में संशोधित किया गया) के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के रोजगार में नियोजित करना पूर्णतरू निषिद्ध है। इसके अतिरिक्त, 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को खतरनाक कार्यों या प्रक्रियाओं में नियोजित करना भी गैरकानूनी है। शराब की बिक्री, जो न केवल खतरनाक है, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी संवेदनशील है, में नाबालिग का नियोजन इस कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 और संबंधित नियमों के तहत शराब की दुकानों पर नाबालिगों को नियोजित करना और ओवर रेटिंग करना गंभीर अपराध है। नियमों के अनुसार, ऐसी दुकानों का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा सकता है। फिर भी, उदयपुरा की इस दुकान पर खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

विडंबना यह है कि ललितपुर जिला प्रशासन द्वारा बाल श्रम निषेध सप्ताह के तहत रैली निकाली गई, जिसमें जिला अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने का दावा किया। सूचना विभाग की विज्ञप्ति में भी इस रैली को बाल श्रम रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। लेकिन उदयपुरा की इस घटना ने प्रशासन के इन दावों की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह जागरूकता केवल कागजी दिखावा है, क्योंकि जमीनी स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। वायरल वीडियो के बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान पर नाबालिगों का उपयोग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। एक स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने कहा कि जब प्रशासन को सब कुछ पता है, फिर भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती? यह दुकान खुलेआम कानून तोड़ रही है, और बच्चे गलत रास्ते पर जा रहे हैं। इसके अलावा ढावों एवं किराना दुकानों पर भी अवैध शराब बिक्री खबरें एवं वीडियो वायरल हो चुके हैं।

### आबकारी विभाग की चुप्पी

इस मामले में आबकारी विभाग की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। नियमों के अनुसार, शराब की दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ऐसी दुकानें बेरोकटोक चल रही हैं। वायरल वीडियो के बाद भी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान या कार्रवाई की सूचना नहीं मिली है।

## पोषण ट्रेकर पर होगा चेहरा प्रमाणीकरण

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रेकर मोबाइल एप्लीकेषन पर आधार एवं फेस कैप्चर के माध्यम से चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। जानकारी देते हुये जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत उपरोक्त श्रेणी के समस्त लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य सम्बन्धित आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा पोषण ट्रेकर पर 30 जून 2025 तक पूर्ण किया जाना है। 01 जुलाई 2025 से आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत उपरोक्त लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण तभी किया जायेगा जब सम्बन्धित लाभार्थी का पोषण ट्रेकर पर चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण हो गया हो। चेहरा प्रमाणीकरण के लिए लाभार्थी को अपने गांव, मोहल्ला के आंगनबाड़ी केन्द्र पर अपना आधारकार्ड, आधारकार्ड से लिंक्ड क्रियाशील मोबाइल नम्बर लेकर जाना है तथा सम्बन्धित आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा लाभार्थी का ई-केवाईसी एवं चेहरा प्रमाणीकरण किया जायेगा। अतएव जनपद में संचालित समस्त 1124 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों यथाबच्चों के आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक्ड क्रियाषील मोबाइल नम्बर के साथ अपने गांव/मुहल्ला के आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाकर सम्बन्धित आंगनबाड़ी कार्यकत्री से पोषण ट्रेकर मोबाइल एप्लीकेषन पर अपना चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण करायें।

## समाधान दिवस में 122 शिकायतें, 47 निस्तारित



**बांदा।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिले में 122 शिकायतें प्राप्त हुईं, इनमे 47 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए टीमें गठित की गईं। थाना बिसंडा मे जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण के लिए अधिकारियो को निर्देश दिए। जनपद के सभी थानों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जनसुनवाई की तथा जनता की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण किया। थाना कोतवाली देहात में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे ने लोगों की शिकायतें सनीं। थाना गिरवां में एसडीएम अमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी नरैनी व थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश तिवारी के अलावा थाना बिसंडा, बबेरू, तिंदवारी, जसपुरा, पैलानी व मटौंध में भी लोगों की जन समस्याएं सुनीं गयीं और कुछ का निस्तारण करने के साथ पुलिस व राजस्व की संयक्त टीमों का गठन किया गया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक की मौत

**ललितपुर।** शनिवार को आकाशीय गर्जना के साथ बूंदाबादी हुई। इस दौरान कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने के समाचार भी प्राप्त हुये हैं। तहसील मड़ावरा के ग्राम सोल्दा में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक मौत हो गयी है। वहीं एक व्यक्ति घायल बताया जा रहा है, जिसे उपचार के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भेजा गया है। बताया जा रहा है कि गांव के पास गिरवर बाबा के चबूतरा के पास दाल बाटी बनाने गए थे। दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदल दी, जिस में हल्की बूंदाबांदी के साथ तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गयी, जिस में तीस वर्षीय संतोष पुत्र सुखलाल व 29 वर्षीय पुष्पेंद्र यादव पुत्र रामचरन यादव चपेट में आ गये, जिसमें संतोष सहरिया की मौके पर मौत हो गयी, जबकि पुष्पेंद्र घायल हो गया। जिस का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में चल रहा है। मौके पर तहसीलदार मड़ावरा मनोज श्रीवास्तव व राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार पांडे आदि अधिकारी ने मौके पर मुयायना किया।

# जिला अस्पताल में 10 लोगों ने किया रक्तदान



जिला संवाददाता

**बांदा।** विश्व रक्तदाता दिवस पर सेवर्स ऑफ लाइफ के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, विशिष्ट अतिथि डॉङ्गआरङ्गएनङ्गप्रसाद, एसीएमओ, डॉङ्ग शबाना रफीक संरक्षक, डॉङ्ग एस एन त्रिपाठी सीएमएस, कुलदीप कुमार सीओ अग्निशमन, सेवर्स ऑफ लाइफ अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, डॉङ्ग अंकित सिंह प्रभारी ब्लड बैंक, पीआरओ प्रमोद द्विवेदी, सचिन चतुर्वेदी, संजय काकोनिया की उपस्थिति में फीता काट कर शुभारंभ किया गया। संदीप केला सिटी मजिस्ट्रेट, कुलदीप कुमार सीओ अग्निशमन, सचिन चतुर्वेदी बुंदेलखंड न्यूज, अभय प्रताप सिंह, शुभम सिंह, राहुल ओमर, पूजा निगम, अभिषेक यादव, रफीक अहमद ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। अतिथियों को बुके, बैज लगा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं जिन्होंने रक्तदान किया उन्हें प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। रक्तदान शिविर में डॉक्टर शबाना रफीक, डॉक्टर एस डी त्रिपाठी, अंकित सिंह सलमान खान, सुनील सक्सेना, अभय सिंह अशफाक अहमद, मिथुन पुरुषवानी, आमिर खान, आसिफ अंसारी, आदित्य मिश्रा, शेष नारायण मिश्रा, राहुल सिंह, देवेश कुमार मोनू, प्रदीप द्विवेदी, संदीप शमीम, प्रमोद यादव, पंकज जयसवाल व स्टाफ मौजूद रहा। संचालन संजय ककोनिया ने किया।

# विश्व रक्तदान दिवस पर किया रक्तदान

जिला संवाददाता

ललितपुर। विश्व रक्तदान दिवस पर बल्ड बैंक में आयोजित सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर विधायक रामरतन कुशवाहा के साथ-साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा जैन युवा संगठन के रक्तदाता बंधुओं के उत्कृष्ट कार्य 108 यूनिट रक्तदान करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था की रक्तदाता नीता जैन को 16 बार एवं बंदना जैन को 12 बार रक्तदान करने के लिये सम्मानित किया गया। संस्था के रक्तदान प्रभारी गौरव जैन टोनू ने बताया कि रक्तदान के लिये जैन युवा संगठन के संरक्षण प्रदीप सतरवांस ने 18 वर्ष पूर्व भगवान महावीर स्वामी जन्मजयंती पर रक्तदान शिविर को प्रारम्भ किया था, जो आज जनपद में सर्वाधिक रक्तदान करने वाला संगठन बन गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में बढ़ती हुई जनसंख्या और दूर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की कम दो बार रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेगे और साथ ही अन्य संगठनों से रक्तदान करने कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# डीएम ने की अस्पताल में डायलिसिस के दौरान युवक की मौत पर कार्रवाई की संस्तुति

**बिजनोर।** मेडिकल अस्पताल बिजनौर मे डायलिसिस के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने और वैकल्पिक व्यवस्था (जनरेटर) मे डीजल उपलब्ध न होने के कारण एक युवक की मौत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एजेंसी के खिलाफ एफआईआर एवं ब्लैक लिस्टेड करने तथा प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की है।

जानकारी के अनुसार थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा निवासी सरफराज (26 वर्ष) पुत्र निसार 13 जून 2025 को डायलिसिस के लिए बिजनोर मेडिकल अस्पताल में भर्ती था। उपचार के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति ठप हो गई और जनरेटर चालू नहीं होने से डायलिसिस प्रक्रिया रुक गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के समय जिला मुख्य विकास अधिकारी, सीडीओ भी निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद थे, जिससे प्रशासनिक लापरवाही और चिकित्सा अव्यवस्था की स्थिति और उजागर हो गई। घटना के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ0 तारिक जकी राष्ट्रीय महासचिव, वर्ल्ड एक्रेडिटेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स द्वारा राज्य मानवाधिकार आयोग को शिकायती पत्र भेजा गया है शिकायत में उन्होंने इसे घोर चिकित्सा लापरवाही और मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन बताते हुए संबंधित अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने व मृतक के परिवार को 25 लाख का मुआवजा प्रदान करने, तथा स्वतंत्र न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में हुई मौत को गंभीरता से लेते हुए स्वयं जांच की गई तथा डायलिसिस सेंटर संचालित करने वाली संस्था के विरुद्ध एफआईआर एवं उसको ब्लैक लिस्ट करने तथा प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज के खिलाफ कार्यवाही करने के संस्तुति कर दी गई है।

## जेल का निरीक्षण कर पुलिस उप महानिरीक्षक कारागार ने सुरक्षा व्यवस्था को परखा



**बिजनौर।** पुलिस उप महानिरीक्षक कारागार बरेली द्वारा जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप महानिरीक्षक कारागार द्वारा कारागार की सभी बैरकों, पाकशाला, जेल चिकित्सालय एवं महिला वार्ड का निरीक्षण किया गया। उप महानिरीक्षक कारागार ने बीते दिन निरीक्षण के दौरान बन्दियों से उनकी समस्याओं, दवा, भोजन आदि के विषय में जानकारी हांसिल की। उप महानिरीक्षक कारागार द्वारा बन्दियों हेतु तैयार किये गये भोजन की गुणवत्ता की जॉच की गयी। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था की निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा कारागार कार्मिकों हेतु नवनिर्मित 12 आवासों एवं निमार्णाधीन डोरमेट्री का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश सहकारी संघ लि० (पैक्सफेड) इकाई-बिजनौर कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के उपरान्त उपमहानिरीक्षक कारागार द्वारा परिसर में फलदार पौधो का रोपण भी किया गया। कारागार की समस्त व्यवस्थायें सन्तोष जनक मिली। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव, जेलर रविन्द्रनाथ सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

## अज्ञात युवक का मिला शव

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र में रसूलपुर डगरा मदरसा से कुछ कदम की दूरी पर झाड़ियों में सड़क के किनारे एक युवक का शव मिलने पर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गयी। शरीर पर चोट के निशान पाए जाने पर हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका करते हुये ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव को दी। सूचना मिलने पर मौके पर दल बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पहले तो पहचान कराने का प्रयास किया।

# अलीगढ़ में बनेगा ताला संग्रहालय

## 27 करोड़ के लागत प्रस्ताव को योगी सरकार की हरी झंडी

**डेढ़ सौ साल पुराने ताला उद्योग की जड़ों का प्रदर्शन ही मकसद**

जिला संवाददाता



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार ने अलीगढ़ नगर निगम के ताला संग्रहालय की स्थापना के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है, जिसका उद्देश्य 150 साल से अधिक पुराने ताला उद्योग की जड़ों को प्रदर्शित करना है। अलीगढ़ के नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीना ने शनिवार को बताया कि ताला और तालीम के नाम से पहचाने जाने वाले अलीगढ़ की आने वाले दिनों में लॉक म्यूजियम के नाम से नयी पहचान बनने जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत लगभग 27 करोड़ की लागत से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में सबसे बड़ा ताला संग्रहालय (लॉक म्यूजियम) बनने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ताला संग्रहालय की कार्य योजना की स्वीकृति नगर विकास मंत्रालय द्वारा दे दी गई है तथा अब संग्रहालय बनाने के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाएगी और शासन से वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद ताला संग्रहालय बनाने की कवायद जोर पकड़ेगी। मीना ने कहा कि अलीगढ़ का पुराना ताला उद्योग भविष्य में यहां उद्योग और रोजगार को सुनहरा अवसर देने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ताला संग्रहालय शहर के विकास के लिए एक मिसाल बनेगा, इसकी डीपीआर एक अनुभवी विशेषज्ञ द्वारा तैयार की जाएगी, बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन को अंतिम रूप देकर शासन को भेजा जाएगा और शासन से मंजूरी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आने वाले 6-7 महीनों में ताला संग्रहालय का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। मीना ने कहा कि हस्तनिर्मित तालों से शुरू होने वाले ताला निर्माण उद्योग के पूरे इतिहास का पता लगाने के अलावा, संग्रहालय परियोजना में एक विशेष खंड की परिकल्पना की गई है, जो ताला उद्योग के आधुनिकीकरण एवं अत्याधुनिक तकनीक के साथ इसे अद्यतन करने के उद्देश्य से पहल के लिए एक मंच प्रदान करेगा। संग्रहालय दुनिया भर के तकनीकी विशेषज्ञों को भारत के ताला शहर में आमंत्रित करेगा। मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि अलीगढ़ में ताला संग्रहालय अलीगढ़ नगर निगम का एक सराहनीय अभिनव प्रयास है। उनका कहना है कि ताला संग्रहालय अलीगढ़ के उद्योग जगत को नई दिशा देने में भी उपयोगी साबित होगा। ताला संग्रहालय के निर्माण से देश-विदेश से लोग अलीगढ़ आएंगे। अलीगढ़ के आसपास के कई जिलों के नागरिक, व्यापारी और स्कूली बच्चे इस संग्रहालय में विभिन्न प्रकार के ताले बनाने की यात्रा देख सकेंगे। मंडलायुक्त के अनुसार इसके साथ ही इस संग्रहालय में बच्चों के खेलकूद, मौज-मस्ती, फूड क्राफ्ट की भी व्यवस्था होगी और यह पूरी तरह से आत्मनिर्भर होगा। महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि ताला संग्रहालय इस (नगर निगम) बोर्ड के कार्यकाल की सबसे अच्छी सौगात होगी।

अग्रणी ताला निर्माता विजय कुमार बजाज ने कहा कि ताला संग्रहालय एक बहुत ही दिलचस्प नवाचार है, जो इस क्षेत्र में नई ऊर्जा बहाल करने के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में काम कर सकता है।

बजाज का परिवार 75 वर्षों से अधिक समय से इस उद्योग से जुड़ा हुआ है, और अलीगढ़ में ताले बनाने के अग्रदूतों में से एक हैं।

संक्षेप

### सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प सभा आयोजित

चरगांवा, गोरखपुर ।विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान पर भारतीय जनता पार्टी के चरगांवा मंडल द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन नाहरपुर स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान में किया गया । यह कार्यक्रम सेवा ,सुशासन व गरीब कल्याण के ११ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, विशिष्ट अतिथि पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह, चंद्र भूषण मिश्रा जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ ,वरिष्ठ भाजपा नेता लालजी गुप्ता वकसिस अहमद वारसी सदस्य अल्पसंख्यक आयोग ,जिला मंत्री नरेंद्र सिंह, रामानंद यादव, निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास खण्ड चरगांवा दया शंकर मिश्रा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, अजय प्रकाश यादव, जिला महामंत्री अनुसूचित प्रकोष्ठ संजीव पासवान, जिला पंचायत सदस्य राम उग्रह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह सैथवार ,रामभोग सिंह , रणजीत सिंह , प्रधान संघ अध्यक्ष जगदम्बा दूबे, राम भवन शर्मा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, आशुतोष चौहान मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा आदि शामिल रहे।

### अमरमणि ने नीट में ऑल इंडिया में 36 वां रैंक लाकर बढ़ाया गोरखपुर का गौरव

चरगांवा, गोरखपुर । शाहपुर के जेल बाई पास सड़क स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम निवासी शिक्षक रमेश मणि त्रिपाठी व बंदना त्रिपाठी का पुत्र अमर मणि त्रिपाठी ने नीट परीक्षा 2025 में सामान्य पीडब्लूडी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 36 वां प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है । अमर मणि त्रिपाठी 508 अंक प्राप्त करके सामान्य श्रेणी में 16308 रैंक तो वही अपने श्रेणी पीडब्ल्यूडी सामान्य में 36 वां रैंक प्राप्त किया है । अमर मणि ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता , पूरे परिवार सहित गुरुजनों को दिया है । इस सफलता पर शकुंतला त्रिपाठी, रमेश मणि त्रिपाठी, बंदना त्रिपाठी, शिवानन्द मणि त्रिपाठी, धर्मेश मणि त्रिपाठी, अमरेश मणि त्रिपाठी, आशुतोष मणि त्रिपाठी, प्रणव मणि त्रिपाठी, मंजू त्रिपाठी, रूपम त्रिपाठी, नंदनी त्रिपाठी, निधि त्रिपाठी, अर्नव मणि त्रिपाठी, श्रेष्ठ ,अस्तित्व सिंह, अग्रिम शुक्ला, ओम सिंह, नंदनीष त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्र, सतीश तिवारी, सौरभ तिवारी, पंकज मिश्र, अमित त्रिपाठी से सैकड़ो शुभचिंतकों ने बधाइयां दी है ।

### दरवाजे पर भैंस बांधने से मना करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र में दरवाजे पर भैंस बांधने से मना करने पर मनबढ़ों ने परिवार को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हैं। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के गौसपुर निवासी मंसूर अली ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही फैसल, गुलाम नवी, कुर्बान अली तथा गनी द्वारा दरवाजे पर ही भैंस बांध रहे थे।

## डीएम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### दस दिनों में खड़ंजा ठीक करने के दिया निर्देश



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 ने ग्राम पंचायत गौर डीह विकासखंड खुनियांव में मस्जिद से लेकर ट्रांसफार्मर तक लगाए गए खंडजा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान खड़जा बैठ गया था। जिलाधिकारी ने 10 दिन मे जहा जहा खड़जा बैठ गया है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उसे 10 दिन में सही कराने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात बबलू के घर से घुघरू के घर तक कराये गए इंटर लॉकिंग सड़क का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान इंटर लॉकिंग की गुणवत्ता ठीक नही पाया गया। बगल मे नाली का पानी सड़क पर भरा था जिलाधिकारी ने इंटर लॉकिंग सड़क को पुनः बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क पर पानी नही भरना चाहिए। सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड से खाते से गये 40 हजार रुपये वापस




सिद्धार्थनगर- साइबर फ्रॉड का एक मामला सामने आया। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खड़कुईयाँ की निवासी निरमली देवी के बैंक खाते से आधार कार्ड (अएढर) के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति ने 40 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता को जैसे ही फ्रॉड का पता चला, उन्होंने तुरंत साइबर सेल सिद्धार्थनगर को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी अपराध अरुणकान्त सिंह के पर्यवेक्षण में टीम ने कार्यवाही शुरू की। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम ने 14 जून 2025 को पीड़िता के खाते में पूरी धनराशि वापस करा दी। टीम में मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी, आरक्षी आशुतोष जायसवाल, रामप्रवेश यादव, राहुल मौर्या, विशाल तिवारी और महिला आरक्षी प्रियंका व पूजा यादव शामिल थे। पीड़िता ने धनराशि वापस मिलने पर साइबर सेल की कार्यवाही की सराहना की। यह मामला साइबर फ्रॉड के खिलाफ पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का उदाहरण है।

## आंख के इलाज में लापरवाही का लगा आरोप

### 15 हजार रुपये लेकर डॉक्टर ने बिगाड़ी आंख की रोशनी



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज कस्बे में स्थित एक आई हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का मामला सामने आया है। बेतनार की रहने वाली नूरजहां ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया है। नूरजहां ने बताया कि फरवरी में वह आंख के इलाज के लिए डुमरियागंज के आई हॉस्पिटल गई थी। डॉक्टर ने आपरेशन किया और इलाज के नाम पर 15 हजार रुपए लिए। इलाज के बाद उनकी आंख की स्थिति पहले से भी ज्यादा खराब हो गई है। पीड़िता ने न्याय की मांग करते हुए आंख की रोशनी ठीक करने की गुहार लगाई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा के अधीक्षक डॉक्टर विकास चौधरी ने कहा कि उन्हें मीडिया से इस मामले की जानकारी मिली है। वे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

## रिश्ता टूटने से नाराज युवक ने युवती का गला रेता

सिद्धार्थनगर- जिले के लोटन थाना क्षेत्र के तरघौना गांव में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। घर के बरामदे में सो रही 22 वर्षीय युवती पर धारदार हथियार से हमला किया गया। गला रेतकर जान से मारने की कोशिश करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गला कटने से तड़पती युवती की आवाज सुनकर परिजन जाग गए और भाग रहे आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल बेटी को इलाज के लिए सीएचसी लोटन ले जाया गया। लोटन सीएचसी में युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पहले सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज और फिर वहां से गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। फिलहाल युवती की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई जा रही है।

युवती के पिता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी का विवाह महराजगंज के कोल्हुई थाना क्षेत्र के बेलवा बकहनिहां गांव में तय हुआ था, लेकिन किसी कारणवश रिश्ता टूट गया। इससे आक्रोशित युवक हथियार लेकर गुरुवार रात उनके घर पहुंचा और सो रही बेटी का गला रेत दिया। शनिवार को सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में बच्ची की मौत

सिद्धार्थनगर- खुनियांव ब्लॉक में शनिवार दोपहर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। धोबहा कठेला मार्ग पर ट्रक और मोटरसाइकिल की आपसी टक्कर में एक लगभग 18 वर्षीय बालिका की मौके पर मौत हो गई। हादसे के समय मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे। इनमें एक लड़का, एक महिला और एक लड़की शामिल थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लड़की ट्रक के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में महिला का पैर टूट गया और लड़के को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

## सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पर कार्यशाला




मुसाफिरखाना, अमेठी। मुसाफिरखाना के नगर पंचायत हाल में मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल और कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र मिश्रा को अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार मिश्र, जिला मंत्री अतुल सिंह , प्रभात शुक्ल, सुरेश तिवारी, हरिशंकर दुबे ने संबोधित किया। जिला प्रतिनिधि महेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में देश की दशा और दिशा बदलने वाली अनेकों योजनाएं चलाई गई हैं जैसे स्वच्छ भारत मिशन उज्ज्वला योजना आयुष्मान भारत योजना किसान सम्मन निधि गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को मुफ्त राशन मिलता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष वंचितों की सेवा, महिलाओं को सशक्त बनाने, युवाओं को अवसर देने और किसानों को सम्मान दिलाने की गौरव गाथा है। जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा और जिला मंत्री अतुल सिंह, प्रभात शुक्ल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में नारी शक्ति सम्मान, मध्यमवर्ग को रोजमर्रा की जिंदगी में सम्मान मिला है। व्यापार को नई उड़ान दी है सबका साथ सबका विकास की भावना से हर क्षेत्र में मोदी जी ने कार्य करने का काम किया है। इस अवसर पर अनिल मिश्र, जीत बहादुर सिंह, करुणा तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, अखिलेश पांडेय, धनंजय तिवारी , जगदीश यादव, देव नारायण यादव, प्रेम नाथ वर्मा , मृदुल मुकेश संजय धुरिया, सुमित, मूर्ता देवी, आशा अरविंद तिवारी , केसरी सिंह , राम शब्द निषाद ,राम शंकर निषाद, श्याम लाल यादव, ध्रुव राज यादव विजय शंकर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राधेश्याम शुक्ल ने किया

कार्यशाला के समापन के उपरांत मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल ने मंडल मुसाफिरखाना के मंडल पदाधिकारी की घोषणा किया। कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र कुमार मिश्र ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत कर उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया।

## ज्योति कलश का स्वागत कर पूजन करने को अयोध्या रवाना हुए गायत्री परिजन




अमेठी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आई हुई ज्योति कलश यात्रा के स्वागत के लिए गायत्री शक्तिपीठ अमेठी से सैकड़ो परिजनों का इज्जत था शनिवार सुबह तीन बसों के जरिए अयोध्या के लिए रवाना हुआ अमेठी के परिजनों ने ज्योति कलश यात्रा का पूजन अर्चन करते हुए अयोध्या धाम के साथ अयोध्या में स्थापित गायत्री शक्तिपीठ का भी दर्शन करेंगे। शनिवार सुबह गायत्री शक्तिपीठ अमेठी से सैकड़ो परिजनों का जत्था अयोध्या के लिए प्रस्थान किया। तीन बसों के जरिए गायत्री परिजन अयोध्या पहुंचकर शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का स्वागत करेंगे। अयोध्या के लिए प्रस्थान करने वाले परिजनों में खासा उत्साह दिखाई दिया। भीषण गर्मी को दरकिनार करते हुए गायत्री परिजन गायत्री मंत्र और भगवान राम का जयघोष करते आगे बढ़े। गायत्री परिवार अमेठी के जिला समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह ने बताया कि गायत्री परिजन शक्ति कलश का पूजन करके लता मंगेशकर चौक पहुंचेंगे। वहां से वंदनीया माता जी एवं अखंड ज्योति की शताब्दी के अवसर पर जन जन को जागृत करने के निकली ज्योति कलश यात्रा के शक्ति कलश के साथ अयोध्या धाम के विविध स्थलों पर जायेंगे।

## बिजली पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों ने जीटी रोड जाम किया

इटावा। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली और पानी की किल्लत लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। शनिवार को इसी संकट से परेशान आनंद नगर वार्ड के लोगों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। नाराज नागरिकों ने फ्रेंड्स कॉलोनी व कोतवाली क्षेत्र के आगरा कानपुर राजकीय मार्ग जीटी रोड को जाम कर दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की वहीं क्षेत्रीय जनता ने वार्ड की सभासद पर भी गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में तीन दिनों से बिजली की लगातार कटौती हो रही है वहीं नगर पालिका की ओर से लगे ट्यूबवेल से भी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस कारण नहाने पीने से लेकिन दैनिक कार्यों तक में दिक्कत हो रही है। थाना फ्रेंडस कालोनी व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और लोगों को आश्वासन दिया गया कि बिजली और पानी की समस्या नहीं होगी। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि वे बाल्मीकि समाज से है और दिनभर डयूटी करने के चलते सफाई कार्य करती है। थककर जब घर लौटती है तो न बिजली होती है और न ही पानी। ऐसे में परिवार की देखभाल करना मुश्किल हो रहा है। करीब पौने घंटे तक चला प्रदर्शन टैफिक के लिए परेशानी का कारण बना रहा। जैसे ही सूचना पुलिस को मिली फ्रेंडस कालोनी और कोतवाली टीम मौके पर पहुंची और समझाकर शांत किया। प्रशासन ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग सड़क से हटे और मार्ग पुनः सुचारू हुआ।

## जिला अस्पताल ब्लड बैंक में हुआ रक्तदान




इटावा। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर डा. भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय में के ब्लड बैंक में छात्रों, शिक्षकों, व्यापारीयों सहित सभी वर्गों के लोगों ने रक्तदान किया, इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डा. प्रीती दुबे ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए, उन्होंने बताया कि इस प्रमाण पत्र के बदले तीन महीने के अन्दर बैंक से ब्लड लिया जा सकता है, उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष डॉ आलोक दीक्षित ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अन्त राल में ब्लड दान कर सकता है, इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के रामप्रकाश चित्रवंशी, विकलांग ऐसोसिएशन के महामंत्री संतोष त्रिवेदी सहित एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी अधिकारियों ने भी रक्तदान किया।

## आचार्य ने कन्हैया के जन्म की कथा का श्रवण कराया

उदी, इटावा। बढ़पुरा विकासखंड के ग्राम गाती में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य पूरन नारायण दास धमना ने अपने मुखारबिंद से भक्त प्रहलाद व कन्हैया के जन्म की कथा का श्रवण कराया। कथामृत पान कर श्रोता गण भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। कथा व्यास जी ने भक्त प्रहलाद की भक्ति भाव को अद्भुत और पूर्व जन्म से ही नारायण भक्ति भाव में सराबोर बताया। उन्होंने कहा कि वह गर्भावस्था में ही नारायण का जाप करते थे, जन्म के बाद धरातल पर उन्होंने पिता राजा हिरणाकश्यपु जो स्वयं को भगवान मान रहे थे को समझाया लेकिन अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा था , उन्होंने प्रह्लाद को यातनाएं देना शुरू किया यहां तक कि अग्नि में जलाने का प्रयास किया जो असफल रहा ,तो एक दिन स्वयं हिरणाकश्यपु ने प्रह्लाद को मारने को गर्म खंभे में बांधने लगा लेकिन प्रह्लाद जो नारायण का पूर्ण समर्पित भाव से भक्त था को खंभे में चींटी दिखी तभी पिता ने प्रह्लाद से कहा कि अब बुला अपने भगवान को यह कहकर तलवार से बार करना चाहा लेकिन तभी खंभे से नरसिंह रूप में प्रकट हुए भगवान विष्णु ने अपने नख से राजा हिरनयकश्यप का शरीर फाड़कर अंत कर दिया और संकेत दिया कि भक्त को पीड़ा प्रदान करने वाले का यहीं हश्र होता है। आचार्य जी ने समुद्र मंथन, राजा बलि के उद्धार की कथा सुनाई और भगवान कृष्ण के अवतरण का प्रसंग सुनाया। भगवान कृष्ण जन्म पर बधाई गीतों पर श्रोता गण जमकर थिरकने को विवश हुए। कथा के परीक्षित बने गाती के पूर्व प्रधान शिक्षक मान सिंह चैहान ने अपने अनुजो सहित भव्य आरती कर आम जनमानस से इस पुनीत मोक्ष दायिनी भागवत कथा का अमृतपान करने की लोगो से अपील की।

## योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम स्थलो की सूची बनाई जाए एवं पद यात्रा भी निकली जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करें एवं योग के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कराया जाए एवं कार्यक्रम का समय 6 से 8 बजे तक निश्चित है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से प्रारंभ होकर 21 जून तक मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा गाड़ी पर बैनर व साउंड लगवाकर योग दिवस के संबंध में बजाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राहुल मिश्रा के शतक की बदौलत जीता भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी



अमेठी । जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रथम स्वर्गीय निर्मला मौर्या स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का छठा दिन आज का मैच भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी एवं द क्रिकेट स्कूल जगदीशपुर के बीच खेला गया भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करा और 29.1 ओवर मे 10 विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाये भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी के लिए सर्वाधिक रन राहुल मिश्रा ने 109 रन बनाये उनके अलावा सचिन ने 32 रन तेजस ने 12 रन बनाये द क्रिकेट स्कूल जगदीशपुर की तरफ से कश खान ने 5 विकेट, सहबाज ने 3 और राजवीर ठाकुर और प्रशांत कुमार को एक एक विकेट मिला जवाब मे उतरी द क्रिकेट स्कूल जगदीशपुर ने शोएब खान ने 100, अदिल अहमद ने 10 इन दोनों बल्लेबाज को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज विकेट पर खड़ा नहीं हो पाया टीम 14 ओवर्स मे ही 132 रनो पर ही ऑल आउट हो गयी भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी की तरफ से यश मौर्या ने 3 आभास पांडेय ने 3 , आदित्य दुबे ने 2 और आदित्य ने 1 विकेट लिया मैच मे मैन ऑफ द मैच राहुल मिश्रा फाइटर ऑफ द मैच शोएब खान, बेस्ट बैट्समैन सचिन, बेस्ट बॉलर कश खान रहे मैच मे अवाड्र्स देने के लिए संजय मोबाइल शॉप गौरीगंज के ओनर श्री अरुण यादव मौजूद रहे एवं पांडेय पुस्तक भंडार के ओनर राकेश पांडेय मौजूद रहे जिला क्रिकेट संघ अमेठी के उपाध्यक्ष गोविन्द मौर्या एवं तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे ।

संक्षेप

## आपात स्थिति में रक्तदान वरदान है: बलरामाचारी दूबे

**अयोध्या।** आपात स्थिति में रक्तदान नागरिकता के लिए सच्चा वरदान है इसकी सहायता से एक व्यक्ति अन्य चार की जान बचा है। सभी को इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग करना चाहिए । उक्त विचार जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में श्री अग्रवाल सभा एवं नागरिक सुरक्षा संगठन की ओर से लगाए गए रक्तदान शिविर में पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) बलरामाचारी दुबे ने व्यक्त किए। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल एवं डिविजनल वार्डन उत्तम बंसल ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सीएमओ डॉ नानक शरण एवं चीफ वार्डन अतुल सिंह भी मौजूद रहे।कार्यक्रम संयोजक बालकृष्ण अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 35 रक्तदानियों ने अपना पंजीकरण किया। जिसमें 26 लोगों ने अपने रक्तदान कर मिसाल कायम की। श्री अग्रवाल सभा द्वारा समाज सेवा के कार्यों में अपने भागीरथ प्रयासों द्वारा सदैव सक्रिय सहयोग प्रदान किया जाता है। नागरिक सुरक्षा संगठन के डिप्टी चीफ वार्डन अनूप मल्होत्रा ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन में योगदान देने के लिए तैयार करता है।

# अयोध्या की सुरक्षा और पुख्ता होगी लगेंगे एक हजार सीसीटीवी कैमरे

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रामनगरी अयोध्या को स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने योगी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। योगी सरकार के नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

- पुलिस विभाग द्वारा चिह्नित स्थानों पर लगाये जायेंगे कैमरे
- स्मार्ट सिटी के तहत नगर के महत्वपूर्ण जगहों पर लगेंगे कैमरे
- मॉनीटरिंग के लिए सिविल लाइन्स में बनेगा कंट्रोल रूम
- पूरे प्रोजेक्ट पर खर्च किये जायेंगे तकरीबन 56 करोड़ रुपये

पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर ये कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।योगी सरकार की इस पहल के तहत सिविल लाइन्स में नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के संयुक्त कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी।

यह कंट्रोल रूम न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि शहर की विभिन्न समस्याओं जैसे जलभराव, खराब स्ट्रीट लाइट्स, और पेयजल संकट की त्वरित मॉनिटरिंग और समाधान में भी सहायक होगा। अयोध्या में पहले से ही सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 1300 से अधिक सीसी कैमरे को अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में आईटीएमएस से इंटीग्रेट किया जा चुका है। इनमें निजी घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कैमरे शामिल हैं। इसका मकसद भी अयोध्या की सुरक्षा को मजबूत करना है। नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा ने बताया कि शासन से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद इस परियोजना पर तेजी से काम शुरू होगा। यह योजना न केवल अयोध्या को सुरक्षित और स्मार्ट बनाने में योगदान देगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में भी योगी सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## नीट यूजी 2025: अयोध्या की अद्रिका श्रीहर्ष ने हासिल की ऑल इंडिया 188 रैंक

**अयोध्या।** देशभर में परीक्षा तैयारी सेवाओं की अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने शनिवार को गर्व के साथ घोषणा की है कि उसकी अयोध्या शाखा के 9 छात्रों नेनीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप स्कोरर्स की सूची में अपनी जगह बनाई है। यह शानदार उपलब्धि छात्रों की लगन, अनुशासन और, एईएसएल की वर्ल्ड-क्लास कोचिंग व पर्सनल गाइडेंस का परिणाम है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इस परीक्षा के परिणाम जारी किए।

- आकाश एजुकेशनल संस्था के 8 अन्य छात्र भी बने टॉप अचीवर्स

अद्रिका श्रीहर्ष, अयोध्या ब्रांच की होनहार छात्रा, ने ऑल इंडिया रैंक 188 हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। उनके साथ अन्य सफल छात्रों की रैंकिंग में प्रखर सिंह (एआईआर 3444), श्रेय श्री श्रीवास्तव श्रीवास्तव (एआईआर 4900), प्रांजल वर्मा (एआईआर 5654), सारा खातून (एआईआर8212), स्कंद प्रताप मिश्रा (एआईआर 26073), रिचा यादव (एआईआर 29862), अनुराग अस्थाना (एआईआर 31953), मो. अब्दुल अजलख (एआईआर 33425) शामिल है। ये सभी छात्र आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्लासरूम प्रोग्राम का हिस्सा रहे हैं, जिसे खासतौर पर नीट जैसे चुनौतीपूर्ण एग्जाम की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा दी गई मजबूत अकादमिक नींव, कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और निरंतर व अनुशासित पढ़ाई को दिया।

छात्रों ने साझा किया कि हम आकाश के मार्गदर्शन और लगातार सपोर्ट के लिए बेहद आभारी हैं। उनकी स्ट्रक्चर्ड स्टडी मैटेरियल, एक्सपर्ट टीचिंग और पर्सनल मेंटरशिप ने हमें जटिल विषयों को भी आसानी से समझने में मदद की। बिना एईएसएल के यह सफलता मुमकिन नहीं थी। रीजनल डायरेक्टर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, डी.के. मिश्रा ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन वास्तव में गर्व की बात है।इतने प्रतिस्पर्धी माहौल में टॉप रैंक हासिल करना आसान नहीं होता।

यह न सिर्फ.उनकी मेहनत और समर्पण को दशार्ता है, बल्कि पैरेंट्स के सहयोग और हमारी टीचिंग टीम की प्रतिबद्धता को भी प्रमाणित करता है। हम सभी सफल छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है।

## थाना समाधान दिवस का जायजा लेने खैरीघाट पहुंची डीएम

**बहराइच।** शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों की कड़ी में थाना खैरीघाट में आयोजित समाधान दिवस का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद के साथ थाना खैरीघाट पहुंचकर कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि बेनामी जमीन, चकमार्ग के विवाद व पटाई, पैमाईश कराने, आबादी की जमीन में निर्माण सम्बन्धी विवाद, सरकारी भूमि, कुएं आदि पर कब्जे तथा रास्ते व भूमि से सम्बन्धित अन्य प्रकार के विवादों से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्रों में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर तत्काल कार्यवाही करे तथा आम जनमानस को विभिन्न विभागों की लाभपरक योजनाओं से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का यथासंभव न्यूनतम समय में निस्तारण करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें।

तहसीलदार व लेखपालों को निर्देश दिया गया कि गांवों में जाकर अंश निर्धारण से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करायें।इस प्रकार की दूसरी समस्याओं का भी प्रभावी ढंग से समाधान हो सके।

# नजूल भूमि पर बनेगा आधुनिक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** नगर के हृदय स्थल चैक क्षेत्र में नजूल की 9275.23 वर्ग मीटर भूमि पर एक भव्य व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, पार्किंग सुविधा और फूड कोर्ट के निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना की जिम्मेदारी अयोध्या विकास प्राधिकरण को सौंपी गई है। यह परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था, शहरी सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित व्यावसायिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।प्रस्तावित योजना के तहत दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए आधुनिक पार्किंग सुविधा, भू-तल, प्रथम और द्वितीय तल पर 200 से अधिक दुकानों का निर्माण और शीर्ष तल पर फूड कोर्ट की व्यवस्था होगी। यह काम्प्लेक्स स्थानीय व्यापारियों को नए अवसर प्रदान करेगा और निवासियों को विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव देगा। साथ ही चैक बाजार की पार्किंग समस्या का स्थायी समाधान होगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण, नजूल विभाग और नगर निगम के संयुक्त सर्वे में 189 प्रभावित संपत्तियों की पहचान की गई, जिनमें दुकानें, चबूतरे और आवास शामिल हैं। 12 जून को नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस और प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने नजूल भूमि पर मौजूद नगर निगम के जर्जर और अस्थायी ढांचों के साथ-साथ 9 जर्जर दुकानों को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त किया। परियोजना से प्रभावित दुकानदारों के लिए पुनर्वास की व्यापक योजना बनाई गई है। चिन्हित दुकानदारों को नवनिर्मित व्यावसायिक काम्प्लेक्स में दुकानें आवंटित की जाएंगी। निर्माण कार्य के दौरान व्यवसायिक गतिविधियों के लिए परियोजना स्थल के समीप अस्थायी व्यवस्था की जाएगी। आवासीय संरचनाओं को पुनर्वास के बाद ही हटाया जाएगा, जिससे प्रभावित लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।अयोध्या विकास प्राधिकरण ने जिला प्रशासन के साथ हुई बैठक में इन सभी फैसलों को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने कहा की यह परियोजना अयोध्या के शहरी विकास और आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास सुचारू रूप से हो और परियोजना समयबद्ध पूरी हो।

# परमहंस महाविद्यालय में लगा मेधावियों का कुंभ, 50 विद्यार्थी सम्मानित

जिला संवाददाता




**अयोध्या।** श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण पीजी कालेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अंशु यादव, भार्गवी एवं सोनल राज ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर यूपी व सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर सहित 50 से अधिक मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रथम महापौर एवं महाविद्यालय के प्रबंधक ऋषिकेश उपाध्याय व वंदना उपाध्याय ने मेधावियों को मेडल पहनाकर, उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि ने कहा कि लक्ष्य को निधार्रित करके अगर परिश्रम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। लेकिन इसके लिए परिश्रम के साथ अनुशासन व शिक्षको से मिले मार्गदर्शन को समाहित करना जरुरी होता है। वंदना उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को किसी भी क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा सकता है। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश एवं सीबीएसई बोर्ड के जिन छात्रों ने जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया, उन्हें क्रमशः ग्यारह हजार, पांच हजार एक सौ एवं दो हजार एक सौ रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावियों को पांच सौ रुपये व बैग किट देकर सम्मानित किया गया। सभी को प्रमाण पत्र, उपहार एवं मेडल पहनाया गया। हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अनूप कुमार को ग्यारह हजार, कसफ फातिमा को पांच हजार रुपये, अनुष्का को दो हजार एक सौ रुपये, इंटरमीडिएट में दिव्या उपाध्याय को ग्यारह हजार, सुमन कुमारी को दो हजार एक सौ रुपये एवं सीबीएसई बोर्ड में उत्तीर्ण ओजस्वी वेद को ग्यारह हजार, जोहा फातिमा को पांच हजार एक सौ रुपये व अभिनव पांडेय को ग्यारह हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई।कार्यक्रम में नाका हनुमान गढ़ी के महंत रामदास महाराज, भाजपा महानगर महामंत्री परमानंद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, कमलेश श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विष्णु तिवारी, रोहित पांडेय, सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डा. अमरजीत पांडेय, डा. सैयद जुल्फकार हैदर, अंजनी कुमार शुक्ला, दुर्गेश्वरी त्रिपाठी, दीक्षा पांडेय, रूबी पांडेय, मौजूद रहे। प्राचार्य डा. सुनील कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक

**बहराइच ।** चकबन्दी कार्यो की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, बहराइच ने बताया कि तहसील कैसरगंज के अन्तर्गत ग्राम मीरपुरकोनिया में धारा 9 का प्रकाशन किया जा चुका है तथा ग्राम मंझारातौकली में धारा 9 के वादों का निस्तारण सहायक चकबन्दी अधिकारी व चकबन्दी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है, यह ग्राम प्रदेश में चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रचलित ग्रामों में सबसे बड़ा ग्राम है। तहसील महसी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बभनौटी शहर उर्फ गोलागंज के धारा-10 का प्रकाशन किया जा चुका है आकार पत्र 23 लिखा जा रहा है तथा मैकूपुरवा के चक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। तहसील पयागपुर के अन्तर्गत ग्राम लक्खारामपुर का जोत चकबन्दी आकार पत्र 23 तैयार किया जा चुका है। ग्राम उधरानाठकुराइन धारा 23 का प्रकाशन माह मार्च में किया जा चुका है। इसी प्रकार ग्राम गांगूदेवर में कब्जा परिवर्तन का कार्य अन्तिम चरण में है। तहसील नानपारा के ग्राम बल्दूपुरवा में तरमीम का कार्य पूर्ण किया जा चुका है पड़ताल का कार्य प्रारम्भ है। ग्राम चैकसाहार के तरमीम का कार्य किया जा रहा। जिलाधिकारी द्वारा कार्य सन्तोषजनक होने के कारण निर्देश दिये गये कि आने वाले समय में ग्रामों की आगे की कार्यवाही कार्य मानक कार्यगुजारी के अनुसार करते हुए लक्षित समय में कार्य पूर्ण करायें तथा चकबन्दी न्यायालयों में लम्बित वादों में शासन की मंशा के अनुरुप प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्णित वाद पत्रावलियों को राजस्व अभिलेखागार में संचित करायें।

## दलित मुसलमानों, ईसाइयों को अनुसूचित जातियों की मान्यता मिले: वसीम राईन

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** भारत की सामाजिक संरचना में एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो देश की रीढ़ तो है, परंतु नीतियों और सत्ताओं की छांव से हमेशा वंचित रहा है। यह वर्ग है अति पिछड़ा वर्ग, पसमांदा मुसलमान जिसकी आबादी

- नीतियों और सत्ताओं की छांव से हमेशा वंचित रहा पसमांदा समाज

क्रमशः देश की कुल जनसंख्या का लगभग 42 प्रतिशत और मुस्लिम समुदाय का 85 प्रतिशत मानी जाती है। इनमें वे जातियां शामिल हैं जो पीढ़ियों से मेहनतकश, दस्तकार, कारीगर, किसान, मजदूर और शिल्पी रही हैं। उक्त विचार आल इंडिया पसमादा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। उन्होंने अपने बयान में कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा लंबे समय से इन वर्गों की अनदेखी की जाती रही है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे अशराफ (सैयद, शेख, पठान, मुगल) वर्गों ने पसमांदा मुसलमानों की आवाज को हमेशा दबाने की कोशिश की। यहां तक कि जब 2001 में अति पिछड़े वर्ग के लिए पृथक आरक्षण की बात उठी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने गृहयुद्ध की धमकी देकर इस प्रयास को कुचलने की कोशिश की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने समाज की जरूरतों को रखते हुए कहा कि अति पिछड़ों के लिए पृथक आरक्षण को लागू किया जाए। दलित मुसलमानों और ईसाइयों को अनुसूचित जातियों की मान्यता मिले। पसमांदा वर्ग को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रतिनिधित्व दिया जाए। दस्तकारी और पारंपरिक रोजगारों को सरकारी संरक्षण मिले। यह विषय सिर्फ एक वर्ग का नहीं, देश के सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का भी है। अब आवश्यकता है कि यह मुद्दा सिर्फ अखबारों की सुर्खियों में ही नहीं, नीति निमार्ताओं के एजेंडे में भी स्थान पाए।

# अंतर्राष्ट्रीय भाषा का केंद्र बन सकता है श्रावस्ती: प्रोफेसर रवि शंकर

जिला संवाददाता



**बहराइच ।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह ने कहा कि श्रावस्ती अंतर्राष्ट्रीय भाषा का केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य की शुरूआत मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की ओर से कर दी गई है इस विश्वविद्यालय में अब धर्म संस्कृति और भाषा को पाठ्यक्रम में जोड़ा जाएगा। इस अभिनव पहल से तमिल उड़िया कन्नड़ जैसी भाषाओं को भी पढ़ाया जाएगा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी रोटी बेटी का रिश्ता भाषा और संस्कृति के आधार पर स्थापित किया जाएगा। पत्रकारों के सवाल पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से शोध कार्य के लिए प्रवेश परीक्षा कराई जा रही है। यह विश्वविद्यालय की अभिनव पहल है इसके अतिरिक्त दोहरा पाठ्यक्रम का प्रयोग भी विश्वविद्यालय की ओर से किया जा रहा है। प्रोफेसर रवि शंकर ने कहा कि इस दोहे पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थी एक पाठ्यक्रम कैंपस में और एक ऑनलाइन कर सकता है जैसे वह बीए के साथ एल एल बी बीएससी के साथ एल एल बी जैसे पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कडक के प्राचार्य को विश्वविद्यालय पर नियमावली निर्धन समिति का सदस्य बनाया गया है। यह पूछे जाने पर की विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियां में किसान पीजी कॉलेज के शिक्षकों का प्रतिनिधित्व नहीं है इस पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के ऑटोनॉमस होने के कारण यहां विभिन्न प्रकार की समितियां सक्रिय रहती है जिनमें महाविद्यालय के शिक्षक होते हैं ऐसे में विश्वविद्यालय उन्हें समितियां में नहीं रखता है उन्होंने कहा कि किसान पीजी कॉलेज के प्रति उनके मन में कोई दुर्भावना नहीं है उसका प्रमाण उनके इस महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की शिक्षक व परीक्षा प्रणाली पूरी तरह से पारदर्शी तथा गुणवत्ता युक्त होगी इसके लिए वह लगातार जिलों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान पीजी कॉलेज में 45 महाविद्यालय हैं जबकि पूरे देवीपाटन मंडल में 171 महाविद्यालय मां पार्टी श्री विश्वविद्यालय से संबद्ध हुए हैं। अवैध नियुक्तियों तथा अन्य शिकायतों के निस्तारण संबंधी प्रश्न पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिकायत प्रकोष्ठ है जिसे किसी भी प्रकार की शिकायत होगी वह इस प्रकोष्ठ में अपनी बात कहेगा जांच के आधार पर शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा। देवीपाटन मंडल के युवा शिक्षा के लिए बाहर पलायन करते हैं इस सवाल पर कुलपति ने कहा कि वह युवाओं का आह्वान करते हैं कि वह उनकी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अपना भविष्य निर्धारण करें उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाएगी और समाज का उपयुक्त नागरिक बनाया जाएगा।

इस मौके पर मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुल सचिव एसडीएम इकौना, किसान पीजी कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना रिसिया डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। इसके उपरान्त कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह ने कमेटी हॉल में जिले के विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक को संबोधित किया। यहां उन्होंने समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश लेने तथा उसके सदुपयोग की जानकारी देते हुए नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया को लागू करने तथा गुणवत्ता पर शिक्षण प्रणाली का आह्वान किया। इस मौके पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रक्तदान से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है: डीएम




**बाराबंकी।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला चिकित्सालय के पैथालॉजी विभाग मे जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस लोगों को जागरूक करने के लिये मनाया जाता है। रक्तदान एक बहुत ही नेक काम है। इसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति द्वारा अपना रक्त निकालकर जरूरतमंद मरीज को चढ़ाया जाता है। यह कई बार जान बचाने में मददगार साबित होता है। रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। अपर जिजा जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति जो स्वस्थ है और अपना रक्त दान कर सकता है उसको रक्तदान करना चाहिये जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 डी0के0 श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 वी0पी0 सिंह, चिकित्सक राजेश कुशवाहा सहित भाकियू पदाधिकारी, समाजसेवी मौजूद रहे।

## इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी की चुनाव प्रक्रिया हुई निरस्त

**बहराइच।** मुख्य चिकित्साधिकारी/सचिव इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी शाखा, बहराइच ने बताया कि इण्डियन रेडकास सोसाइटी जनपद शाखा बहराइच के प्रबन्ध कार्यकारिणी गठन हेतु 02 जून 2025 से प्रारम्भ की गई चुनाव प्रक्रिया को कतिपय कारणों से निरस्त किया जाता है।

## विकसित भारत संकल्प सभा का शुभारम्भ



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नियामतगंज बाजार में विकसित भारत संकल्प सभा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे राज्यमंत्री श्री शर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। इस अवसर पर अभिषेक मौर्य, वीरेंद्र पांडेय, राकेश शुक्ला, पंकज मिश्रा, तेजनारायण जायसवाल, राम सुरेश गुप्ता, अमित मौर्य, रमाशंकर लोधी, लीलाधर मिश्रा, राम अक्षयबर लोधी, श्याम नाथ साहू, बिपिन द्विबेदी आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव किया हासिल




**बाराबंकी।** विश्व रक्तदान दिवस पर आलापुर स्थित नन्दलाल प्रभू इंस्टीट्यूट एण्ड़ हास्पिटल पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे ब्लड़ सेन्टर एम0डी प्रदीप कुमार की देख-रेख मे 15 लोगो ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इस मौके पर एमडी श्री कुमार ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना जाता है। अस्पतालों को लोगो की जान बचाने के लिये ब्लड की जरूरत होती है। रक्तदान से हम किसी का जीवन बचा सकते है। शिविर मे रक्तदात करने वाले वालो को प्रमाण पत्र एंव पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अ वसर पर सुशील कुमार, प्रमोद कुमार, रंजू, विनीत वर्मा, आशीष, सुरेश, डा0 नीता आदि मौजूद रहे।

## साइबर सेल टीम ने 69,508 रुपये कराये वापस



**बाराबंकी।** ऑनलाइन गेमिंग एप में टास्क पूरा करने के नाम पर ठगे रुपयो को साइबर सेल टीम ने पीड़ित को वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आनलाइन 1930 के माध्यम से पीड़ित अभिषेक गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला ने ऑनलाइन गेमिंग एप मे टास्क पूरा करने के नाम पर 69,508 रुपए फ्रॉड किये जाने की शिकायत की। शिकायत मिलने पर साइबर सेल टीम प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, उ0नि0 सत्येंद्र पांडेय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, जितेंद्र, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, मनोज कुमार, आरक्षी पंकज सिंह, आरक्षी अनुराग सिंह, आरक्षी अंकित कुमार की टीम ने त्वरित पत्राचार करते हुये सम्पूर्ण धनराशि को पीड़ित के खाते मे वापस करवाया।

## अनूप तिवारी ने नीट में हासिल की 59वीं रैंक

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के परसपुरसथरा पूरे सर्वजीत तिवारी के निवासी होनहार छात्र अनूप तिवारी ने नीट 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 59 हासिल की है। अनूप ने 720 में से 668 अंक प्राप्त किए, जिसके साथ उनकी कैटेगरी रैंक 16 रही। इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। अनूप तिवारी, जिनके पिता पेशे से पशु-चिकित्सक विनोद तिवारी हैं, ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने शिक्षकों व परिवार के समर्थन को दिया।

अनूप ने बताया, ह्लमैंने दिन-रात एकाग्रचित होकर पढ़ाई की और नियमित रूप से मॉक टेस्ट देकर अपनी कमियों को सुधारा। मेरे माता-पिता और गुरुजनों एवं मेरे अपनों का मार्गदर्शन मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा।ह्लअनूप तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके पिता विनोद तिवारी ने गर्व जताते हुए कहा, ह्लअनूप ने हमेशा से ही पढ़ाई में उत्कृष्टता दिखाई है। उसकी मेहनत और लगन को देखकर हमें विश्वास था कि वह बड़ा मुकाम हासिल करेगा।ह्ल स्थानीय समुदाय और स्कूल के शिक्षकों ने भी अनूप की इस उपलब्धि की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा में इतनी ऊंची रैंक हासिल करना अनूप तिवारी की प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है। उनकी इस सफलता ने अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का काम किया है। अनूप का सपना देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर एक कुशल चिकित्सक बनना है।

संक्षेप

## एनटीपीसी में रक्तदान शिविर संपन्न



**रायबरेली।** रक्तदान एक तरह से संजीवनी बूटी है जिससे किसी की भी जान बचाई जा सकती है। उक्त भाव एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। ऊंचाहार परियोजना में जीवन ज्योति चिकित्सालय के सौजन्य से तथा एम्स रायबरेली के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में एनटीपीसी तथा सीआईएसएफ के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। विशेष बात यह रही कि प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव तथा मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने भी रक्तदान किया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनकी सराहना की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु सिंह ने सभी का स्वागत किया। रक्तदान शिविर में महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन आशुतोष विश्वास, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी, सीआईएसएफ के अधिकारी डॉक्टर्स तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

## आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अभी तक नहीं की कार्रवाई

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज के क्षेत्र के पिलखा गांव की एक महिला ने पूरे कलिका बक्स मजरे ऐहार गांव के संतोष के खिलाफ महिलाओं के ऊपर छींटाकशी करने के बाबत पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। लेकिन पुलिस के द्वारा उस युवक के खिलाफ कोई कार्यवाही न किए जाने के कारण पिलखा गांव की महिलाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं के अपराध को लेकर सदैव संवेदनशील रहती है। सरकार के सख्त निर्देश हैं कि महिलाओं के साथ अपराध करने वालों को कतई बक्सा ना जाए और उनके खिलाफ तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

## किसान ने तमंचा से गोली मारकर की आत्महत्या

**टूंडला।** रात को खेत पर जानवरों की रखवाली कर रहे किसान ने तमंचा से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मामला पचोखरा थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी निर्भय का है, जहां शुक्रवार रात्रि सर्वेश उर्फ पप्पू 40 गांव में आयोजित दावत खाकर लौटे थे। रात्रि में वे अपने खेत पर सोने चले गए थे। खेत पर आने वाले जानवरों की रखवाली कर रहे थे। साथ ही वे वहीं सोते वक्त अपने साथ हथियार असलाह रखते थे। रात्रि में उन्होंने अपने असलाह से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सुबह होते ही उनकी भतीजी लक्ष्मी खेत पर गई, तो उसके होश उड़ गए। लक्ष्मी ने घटना की जानकारी परिजनों दी।

# सदर विधायक का जनसंपर्क अभियान

- समस्याओं के समाधान की दिशा में मजबूत कदम



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए एक बार फिर सक्रिय कदम उठाए हैं। आज उन्होंने रायबरेली जनपद के राही विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मोहिद्दीनपुर, गुलिहा, मजरेठिया, मौहारी और कचैंदा सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया जनता से सीधा जुड़ाव और समस्याओं का समाधान को लेकर

अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य न केवल जनता से सीधा जुड़ाव स्थापित करना है, बल्कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना भी है। उन्होंने कहा, जनता की सेवा ही मेरा सर्वोच्च संकल्प है। जनसंपर्क के माध्यम से हम न केवल लोगों की समस्याओं को समझते हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए तत्परता से काम भी करते हैं। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न मुद्दों जैसे सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, और स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। अदिति सिंह ने इन समस्याओं को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों के बीच उत्साह और विश्वास जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने अदिति सिंह के इस प्रयास की सराहना की। मोहिद्दीनपुर गांव के लोगो ने कहा कि विधायक जी गांव-गांव जाकर हमारी बात सुनती हैं। इससे हमें विश्वास होता है कि हमारी समस्याओं का समाधान होगा। वहीं, गुलिहा की रहने वाली सरिता देवी ने बताया कि पेयजल की समस्या को लेकर उन्होंने विधायक से बात की, और उन्हें आश्वासन मिला कि जल्द ही इस दिशा में काम शुरू होगा। अदिति सिंह रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र में अपनी सक्रियता और जनता के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिनमें सोलर बेस्ड आर.ओ. वाटर प्लांट्स का लोकार्पण शामिल है। इसके अलावा उन्होंने मनरेगा के तहत कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया और जनसंपर्क के माध्यम से सशक्त रायबरेली अदिति सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी इस जनसंपर्क अभियान की जानकारी साझा की।

## मौरंग मंडी राजघाट में खनन अधिकारी के चालान पर हंगामा, चालकों ने किया घेराव

**रायबरेली।** षहर के राजघाट मौरंग मंडी में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब खनन विभाग के अधिकारी ईश्वर चंद अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे। मौरंग से भरी गाड़ियों का चालान करने की प्रक्रिया शुरू होते ही ट्रक चालकों और स्थानीय लोगों ने इसका तीखा विरोध किया। चालकों ने खनन अधिकारी का घेराव कर लिया और नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई, जब एक चालक ने विरोध जताने के लिए खनन अधिकारी की गाड़ी के सामने लेटकर नाटकीय प्रदर्शन किया और कहा, चालान से गाड़ी चढ़ा दीजिए। सूत्रों के अनुसार खनन विभाग को लंबे समय से राजघाट मौरंग मंडी में अवैध खनन और मौरंग के परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर खनन अधिकारी ईश्वर चंद अपनी टीम के साथ मंडी में पहुंचे और मौरंग से भरी गाड़ियों की जांच शुरू की। जांच के दौरान कई गाड़ियों में रॉयल्टी और परमिट से संबंधित अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद अधिकारी ने चालान की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई से नाराज चालकों ने तर्क दिया कि मंडी के अंदर गाड़ियां खड़ी हैं और यह मंडी का कार्यक्षेत्र है, जहां चालान करना उचित नहीं है। चालकों का कहना था, मंडी से बाहर सड़क पर गाड़ियां पकड़िए, यहां तो हमारा माल लोड हो रहा है। चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि खनन विभाग बिना उचित जांच के चालान कर रहा है, जिससे उनकी आजीविका पर असर पड़ रहा है। जैसे ही चालान की प्रक्रिया शुरू हुई, मौके पर मौजूद दर्जनों चालकों और स्थानीय लोगों ने खनन अधिकारी और उनकी टीम को घेर लिया। नारेबाजी और तीखी बहस के बीच एक चालक ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। उसने खनन अधिकारी की गाड़ी के सामने लेटकर कहा, अगर चालान करना है तो गाड़ी मेरे ऊपर से चढ़ा दीजिए। इस घटना से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। मौके पर मौजूद अन्य चालकों ने भी चालान के खिलाफ नारेबाजी की और कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की। इस अवसर पर खनन अधिकारी ईश्वर चंद ने बताया कि उनकी कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत थी।

# आकाश के 15 छात्रों ने पाया उत्कृष्ट स्थान



- एजुकेशनल सर्विसेज लि. के छात्र बने टॉप अचीवर्स में शामिल

**रायबरेली।** देश की प्रमुख टेस्ट प्रिपरेटरी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ घोषणा की है कि रायबरेली शाखा के 15 छात्रों ने नीट 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और आकाष द्वारा प्रदान की गई उत्कृष्ट कोचिंग व मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आज घोषित किए गए।

ब्रांच हेड संतोष सर ने बताया कि इनके अलावा अन्य कई छात्रों ने भी परीक्षा उत्तीर्ण की है जो न केवल संस्था बल्कि पूरे रायबरेली क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। मेडिकल हेड सौरभ सिंह ने बताया कि छात्र आकाष के क्लासरूम प्रोग्राम का हिस्सा थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय आकाष की ठोस शैक्षणिक नींव, कॉन्सेप्ट्स की स्पष्टता और नियमित व अनुशासित पढ़ाई को दिया। आकाष के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि नीट में हमारे छात्रों का शानदार प्रदर्शन हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस परीक्षा में देशभर से 23 लाख से अधिक छात्र भाग लेते हैं और उनमें से टॉप रैंक प्राप्त करना एक असाधारण उपलब्धि है। यह न केवल छात्रों की मेहनत, बल्कि उनके माता-पिता के सहयोग और हमारे शैक्षणिक दल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम उन्हें उनके मेडिकल करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।नीट परीक्षा, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रति वर्ष आयोजित की जाती है।

**प्रमुख सफल छात्र**

प्रणय गुप्ता- आल इंडिया रैंक- 4069 अनादि मिश्रा- आल इंडिया रैंक- 6395, सार्थक दीक्षित- आल इंडिया रैंक- 10740, अथर्व श्रीवास्तव- आल इंडिया रैंक- 11303, अर्चिता दीक्षित- आल इंडिया रैंक -14195।

## प्रधान पुत्र समेत दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला

जिला संवाददाता (vol)

**लंभुआ, सुलतानपुर।** गांव के ही आधा दर्जन से ज्यादा लोगों पर दलित युवक एवं प्रधान पुत्र की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया और दूसरे पक्ष की तरफ से सात लोगों को आरोपी बनाए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू की। दोनों पक्ष के इस घटना में पांच लोग घायल हुए। जिसमें गंभीर हालत होने पर प्रधान पुत्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गोपाल रायपुर निवासी दलित अरविंद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे गांव के ही प्रदीप जायसवाल के साथ उनके नलकूप पर बैठे हुए थे। उसी समय गांव के ही चित्रसेन सिंह, अरविंद सिंह चैहान, जंगशेर सिंह, राजबहादुर, विजय बहादुर, दिनेश तिवारी उर्फ राजन, प्रवीण पाल हाथ में लाठी डंडा तथा धारदार हथियार लेकर आ गए जाति सूचक शब्दों की गाली दिए। विरोध करने पर लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से मारने लगे। प्रदीप जायसवाल द्वारा बीच बचाव करने पर उसके सर पर धारदार हथियार से हमला कर दिए। जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया। बेहोशी हालत में लंभुआ सीएचसी पर लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सभी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

- पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ दर्ज किया दलित उत्पीड़न का मुकदमा
- दूसरे पक्ष में भी सात लोगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

वहीं दूसरे पक्ष के चित्रसेन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह कुछ लोग के साथ रात में ही शौच के लिए गए हुए थे। वही गांव में स्थित तालाब की प्रधान पुत्र प्रदीप द्वारा जेसीबी मशीन से अवैध खुदाई कराई जा रही थी। खुदाई का वीडियो बनाने पर प्रधान पुत्र समेत आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने लाठी डंडे तथा तमंचे की बट से हम लोगों को मारने लगे। जिसके कारण साथ में गए तीनों लोगों को सर में चोटें आ गई। पुलिस ने चित्रसेन सिंह की तहरीर लेकर जांच शुरू की।

# थाना दिवस पर फरियादियों की भीड़, राजस्व अधिकारियों की गैरमौजूदगी से रही मायूसी



**कूरेभार, सुलतानपुर।** थाना दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, लेकिन विभागीय तालमेल की कमी से यह उद्देश्य अधूरा दिखता नजर आ रहा है। जिसकी बानगी जून माह के पहले समाधान दिवस पर 14 जून को शनिवार को कूरेभार थाने पर आयोजित समाधान दिवस पर देखने को मिली जहां भीषण गर्मी के वावजूद अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग समस्याएं लेकर पहुंचे, लेकिन राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों की अनुपस्थिति ने फरियादियों को निराश कर दिया।

थाना दिवस पर पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में लगभग दो दर्जन मामलों की सुनवाई की गई, लेकिन अधिकांश प्रकरण जमीन विवाद और राजस्व से संबंधित होने के कारण लंबित रह गए। लोगों ने शिकायत की कि राजस्व विभाग से जुड़े उच्च अधिकारियों के न आने से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। निदूरा गांव निवासी मो0 कासिम जमीनी विवाद मामले में बीते एक महीने से थाना दिवस का चक्कर लगा रहे है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हो पाया। जबकि पिपरी साईनाथ के दूबेपुर मौजे के शिव किशोर बीते दो माह से जमीनी विवाद मामले में दौड़ रहे है इनका भी अभी तक समाधान नही हो सका है। समाधान दिवस में पहुँचे सोनी पाण्डये,राम कृष्ण तिवारी गुप्तारगंज, छोटेलाल, ओम प्रकाश महाबीर आदि का कहना था कि थाना दिवस पर राजस्व विभाग के बड़े साहब के न आने से जमीन से जुड़े मामलों का समाधान नही हो पा रहा है। आने वाले थाना दिवस पर सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ताकि मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण हो सके। समाधान दिवस के दौरान राजस्व निरीक्षक अभिषेक जायसवाल थाने में बने चबूतरे पर नींद पूरी करते नजर आए। इस दौरान कुछ राजस्व कर्मी भी नदारद रहे। थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि लंबित मामलों को शीघ्र ही संबंधित विभागों के समन्वय से सुलझाया जाएगा।

## समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने एसपी डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना खीरों में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायतें आईं। डीएम ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। डीएम ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

**शिकायत के निस्तारण में कोई लापरवाही नहीं : एसडीएम**

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 15 राजस्व विभाग से संबंधित और तीन पुलिस विभाग से संबंधित रही। दो शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर रवाना कर दी गई है। एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शेष सभी शिकायतें समय सीमा में निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, अन्यथा की दशा में अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। एसडीम सचिन यादव ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस का लाभ लोगों को मिल सके।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर मनाया रक्तदान महोत्सव




**सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले में रक्तदान महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की कई सामाजिक संस्थाओं और समर्पित रक्तदाताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने की। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने रक्तदान को जीवनदायिनी सेवा बताते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में नई कणिकाओं का निर्माण होता है और यह दीर्घायु के लिए लाभकारी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. मिश्रा ने रक्तदान को मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए कहा कि जब समाज में सहयोग की भावना प्रबल होती है, तभी रक्तकोष प्रभावी ढंग से संचालित हो पाता है। इस अवसर पर 104 बार रक्तदान कर चुकीं सहायक कमांडेंट व ब्लड आइकॉन लेडी जहां आरा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित संस्थाओं में शहीद स्मारक सेवा समिति, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ, अंकुरण फाउंडेशन, आजाद समाज सेवा समिति, घर फाउंडेशन व रोटरी क्लब आदि शामिल रहीं।

## ओम कुमार बने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, नई दिल्ली की सुलतानपुर इकाई का विस्तार करते हुए ओम कुमार वर्मा को जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। विवेक नगर निवासी ओम कुमार वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने संगठन के उद्देश्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जाएगा। ओम कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त अन्याय, भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठाना है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को न्याय दिलाने और उनकी मदद करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के अन्य पदाधिकारियों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकारों को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिला और सभी ने मिलकर संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

## परशुराम युवा वाहिनी के जिला मीडिया प्रभारी बनाये गये संतोष पाण्डेय

**सुलतानपुर (वीओएल)।** परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चैक रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी द्वारा संतोष कुमार पाण्डेय को संगठन का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारिता के क्षेत्र में श्री पाण्डेय की सच्चाई, निष्पक्षता और सद्भाव को देखते हुए उन्हें जनपद का मीडिया प्रभारी नियुक्त कर एक बड़ा दायित्व सौंपा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि संतोष कुमार पाण्डेय संगठन में पहले से ही जुड़े हुए थे, उनके सेवा भाव को देखते हुए संगठन ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आगे कहा कि उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि श्री पाण्डेय सदा समाज और संगठन के मान सम्मान को बनाए रखेंगे और कभी किसी को आंच नहीं आने देंगे। मीडिया प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि समाज को हमेशा अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्य का भी पालन करना चाहिए। आज के समय में देखा जा रहा है कि समाज में हर वर्ग के लोग अपने अधिकारों की बात तो करते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति ध्यान नहीं देते।

## नीट की परीक्षा हर्षित को मिली 6180वीं रैंक, खुशी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** नीट यूजी 2025 का परीक्षा परिणाम 14 जून 2025 को घोषित किया गया, जिसमें जनपद के हर्षित पाण्डेय ने नीट यूजी की परीक्षा परिणाम में 6180 रैंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। हर्षित पाण्डेय के पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि हर्षित कोटा में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहा था स बेटा पढ़ाई में प्रारंभ से ही मेधावी था। पिता ने कहा कि हर्षित ने अपने माता पिता के सपनों को साकार किया है। परीक्षा परिणाम की सूचना मिलते ही हर्षित के परिजनों ,रिश्तेदारों, व गांव के लोगों ने सफलता की बधाई दी। हर्षित के परिवार में छाई खुशियां में अमर नाथ पाण्डेय बाबा (सेवा. शिक्षक) अनिल कुमार पाण्डेय (शिक्षक), सुनील कुमार पाण्डेय (प्रधानाध्यापक) पिता, विपिन पाण्डेय चाचा, विवेक पाण्डेय चाचा (शिक्षक) ने लोगों का मुंह मीठा कराया सहर्षित जनपद सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत डोभियारा पूरे राम प्रसाद के मूल निवासी हैं। हर्षित पाण्डेय की माता तारा देवी गृहणी हैं। हर्षित पाण्डेय की इस शानदार उपलब्धि पर संतोष पाण्डेय, उमेश तिवारी , प्रमोद पाण्डेय, पंकज तिवारी, वरुण तिवारी, कृष्णा पाण्डेय, क्रांति पाण्डेय ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ब्राह्मण एकता परिषद के जिला उपाध्यक्ष पद पर दीपक पांडेय हुए मनोनीत

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ क्षेत्र के करनपुर निवासी दीपक पांडे को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद सुल्तानपुर का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। परिषद के जिला अध्यक्ष अंकुर पांडे द्वारा श्री पांडे को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। मनोनीत होने पर श्री पांडे ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे बखूबी निभाऊंगा और ब्राह्मण समाज की एकता पर बल दूंगा, तथा उनकी सुरक्षा एवं हित की लड़ाई के लिए संघर्ष करता रहूंगा। श्री पांडे के मनोनयन पर बृज लाल यादव, नीरज शर्मा, हिमांशु सिंह आदि क्षेत्र वासियों ने खुशी जाहिर की है।

## विक्रांत बने सुभासपा बौद्धिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के बौद्धिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बृज भूषण मिश्र ने शनिवार को सुलतानपुर में बड़ा राजनीतिक ऐलान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनते ही प्रदेश में शराबबंदी लागू की जाएगी और गरीबों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। यह घोषणा पयागीपुर स्थित एक निजी मैरिज लान में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान की गई, जिसका आयोजन सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा के संयोजन में हुआ। समारोह में पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश अध्यक्ष मिश्र ने कार्यकर्ताओं को जनता से जुड़ने के कई व्यावहारिक सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि सुलतानपुर अब पार्टी का मॉडल जिला बन गया है और इसकी झलक 29 जून को अमेठी के जगदीशपुर में होने वाली महारैली में देखने को मिलेगी। इस अवसर पर जिले के विक्रांत दुबे को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई और उन्हें बौद्धिक प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# यातायात पुलिस के लिए मानवीय पहल

- सिविल लाइन चैराहे पर गर्मी से राहत के लिए छाते और पानी की बोतलें वितरित



**रायबरेली।** जिले के सिविल लाइन चैराहे पर भीषण गर्मी के बीच यातायात पुलिस कर्मियों के लिए एक सराहनीय और मानवीय पहल देखने को मिली। ट्रेनी क्षेत्राधिकारी रितिक कपूर और यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निदेर्शानुसार, यातायात पुलिस कर्मियों को कड़ी धूप और तपती गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए छाते और पानी की बोतलें वितरित कीं। यह पहल न केवल पुलिस कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि उनके कठिन परिश्रम और समर्पण को भी सम्मान देती है। सिविल लाइन चैराहा, रायबरेली षहर का एक प्रमुख यातायात केंद्र है, जहां हर दिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। यातायात पुलिस कर्मी दिन-रात, चाहे बारिश हो या भीषण गर्मी, सड़कों पर तैनात रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखते हैं। इस जून की तपती गर्मी में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है, इन पुलिस कर्मियों का चैराहों पर खड़े रहना किसी चुनौती से कम नहीं। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण ही आम जनता को जाम की समस्या से निजात मिलती है और सड़कों पर सुरक्षित आवागमन संभव हो पाता है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने यातायात पुलिस कर्मियों की कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक यातायात पॉइंट पर तैनात कर्मियों के लिए छाते और पानी की बोतलें वितरित करने का निर्देश दिया। इस निर्देश के तहत, ट्रेनी क्षेत्राधिकारी रितिक कपूर और यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने सिविल लाइन चैराहे सहित अन्य प्रमुख यातायात बिंदुओं पर यह राहत सामग्री वितरित की। छाते पुलिस कर्मियों को तेज धूप से बचाने में मदद करेंगे, जबकि पानी की बोतलें उन्हें डिहाइड्रेशन से सुरक्षित रखेंगी।

इस अवसर पर ट्रेनी क्षेत्राधिकारी रितिक कपूर ने यातायात पुलिस कर्मियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए कहा, आखिर चैराहों पर इस तन झुलसाने वाली गर्मी में खड़े यातायात पुलिसकर्मी भी तो हमारे भाई हैं। उन्हें भी गर्मी लगती है। दिन भर यातायात व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए वे चैराहों पर तैनात रहते हैं। उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारा भी कर्तव्य बनता है। उन्होंने आगे कहा कि यह छोटी सी पहल पुलिस कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और उनके कल्याण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने इस पहल के दौरान जनता से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा, हमारे यातायात पुलिस कर्मी आपकी सुविधा और सुरक्षा के लिए हर दिन कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। हम आम जनता से अनुरोध करते हैं कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें, और सड़क पर अनुशासन बनाए रखें। इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि हमारे कर्मियों का कार्यभार भी कम होगा।

## नाली विवाद को लेकर प्रधान के पति को अराजकतत्वों ने लाठी-डंडों से पीटा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्राम पंचायत द्वारा जल निकासी की पुरानी नाली के मरम्मत कार्य को लेकर ग्राम प्रधान के पति/प्रतिनिधि को पड़ोसियों ने लाठी-डंडे, लात-घूसों व ईंट से जमकर मारा पीटा। पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि ने थाने पर लिखित शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोतिगरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत लामा बनकठा में ग्राम प्रधान मीरा सिंह द्वारा जल निकासी के लिए बनी नाली का मरम्मत कार्य ग्राम पंचायत से कराया जा रहा था। शनिवार सुबह 10 बजे प्रधान के पति/प्रतिनिधि माता प्रसाद सिंह द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी इंद्रजीत सिंह ने सरकारी नाली की मरम्मत का विरोध करते हुए गालियां देने लगे। मना करने पर उनके लड़के राहुल सिंह, अमरजीत पुत्र रामलखन सिंह व अवनीश सिंह एक राय होकर माता प्रसाद सिंह को लाठी-डंडे व ईंट-पत्थरों से मारने लगे। बीच बचाव करने पहुँची बेटी महिमा सिंह को ही आरोपियों ने मारापीटा। मारपीट में पिता-पुत्री को काफी चोटें आई है। पीड़ित माता प्रसाद सिंह का आरोप है कि आरोपियों जान से मारने की धमकी देने के साथ ही सरकारी कार्य मे बांधा डाली जा रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष भरत सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर बीएनएस की धारा 324(4), 115(2), 352, 351(3) व 125 के तहत केस दर्ज करने के साथ ही आरोपियों का शांति भंग में चालान किया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## आयशर ट्रैक्टर्स का मेगा इम्प्लीमेंट डेमो व किसान गोष्ठी कार्यक्रम

**मथुरा।** आयशर ट्रैक्टर्स द्वारा आयोजित किसान दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सहार गाँव में सामापन हुआ जिस मे 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन कुमार (ए.वी.पी सेल्स एवं मार्केटिंग-आईसर ट्रैक्टर्स) विशिष्ट अतिथि अभिषेक पाल (क्षेत्रीय प्रबंधक सेल्स आयशर ट्रैक्टर्स) उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना एवं कृषि क्षेत्र में आये नये उपकरण और तकनीकों से अवगत कराना था। टैफे ग्रुप के नवीन कुमार (ए.वी.पी सेल्स एवं मार्केटिंग-आईसर ट्रैक्टर्स ने बताया कि यह समारोह कंपनी द्वारा पिछले 16 वर्षों से संपूर्ण भारत में आयोजित होता रहा है। कार्यक्रमों के माध्यम से आयशर ट्रैक्टर्स हमेशा सामाजिक उत्थान हेतु सक्रिय रहता है और विशेष तौर पर बालिकाओं को शिक्षा में परस्पर रूप से सहयोग एवं प्रोत्साहन करता आया है। इस किसान दिवस पर प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

## कला के माध्यम से बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश

**मथुरा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर, एस.एफ हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा द्वारा संचालित एसएफ स्ट्रीट स्कूल में एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने रक्तदान के महत्व को समझा और अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता के माध्यम से प्रेरणादायक चित्र बनाए। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता ने बताया कि यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि एक ऐसा मंच था जहाँ बच्चों ने यह सीखा कि एक छोटी सी पहलकृरक्तदानकृकिसी की जान बचा सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विचारों और चित्रों ने यह स्पष्ट कर दिया कि रक्तदान महादान है। संगठन की अध्यक्ष श्रीमती शिखा बंसल ने इस पहल का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रक्तदान के सामाजिक महत्व से अवगत कराना, उनके मन में सेवा और सहायता की भावना का विकास करना, उन्हें कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से सामाजिक जागरूकता से जोड़ना है। समाजसेवी पियूष बंसल ने बताया कि वे अब तक 52 बार रक्तदान कर चुके हैं और यह अनुभव साझा किया कि रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

## मंदिर संरक्षकों के रूप में सेवायतों की भूमिका महत्वपूर्ण

**वृन्दावन।** बहुचर्चित प्रस्तावित बांके बिहारी कॉरिडोर निर्माण के संदर्भ में श्री राधावल्लभीय सम्प्रदाय के पीठाधीश्वर एवं अंतरराष्ट्रीय सेवायत परिषद के संरक्षक श्रीहित आचार्य प्रेमकुमार गोस्वामी महाराज ने कहा कि मंदिर संस्कृति के संरक्षक स्वरूप में सेवायतों की महत्वपूर्ण भूमिका नकारी नहीं जा सकती। सदियों से अपने आराध्य के सेवार्थ समर्पित इन सेवायतों के परिवारों को विश्वास में लेकर ही संबंधित आस्था स्थलों का सर्वांगीण विकास सम्भव है। उन्होंने कहा कि बाँकेबिहारी महाराज के सेवायत गोस्वामी समाज की ओर से आराध्य के सुगम दर्शनार्थ की व्यवस्था तथा कई अन्य सुझाव - समाधान भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं। सरकार को खुले दिल से सहानुभूति पूर्वक सभी प्रस्तावों पर विचार करके ही उक्त मुद्दे पर उचित निर्णय करना चाहिए।

# बांकेबिहारी मंदिर का अधिग्रहण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं



**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ की एक धर्म सभा हनुमान टेकरी आश्रम वृन्दावन में महंत दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। धर्म सभा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक अध्यादेश जारी कर बांके बिहारी मंदिर के सरकारी करण और अधिग्रहण का विरोध कर भारी आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में पधारे सभी संतों और वृजवासियो ने बांके बिहारी मंदिर के अधिग्रहण को तुगलकी फरमान बताया।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा की धर्म रक्षा संघ ने 2015-16 में भी तत्कालीन अखिलेश सरकार के द्वारा बांके बिहारी और विंध्याचल मंदिर के अधिग्रहण का पुरजोर विरोध किया था और अंततः अधिग्रहण के आदेश को वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर कर दिया, उन्होंने कहा कि आज भी सरकार को मंदिर अधिग्रहण का आदेश वापस लेना पड़ेगा। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य ज्ञानेश महाराज ने कहा कि किसी भी सनातनी मंदिर का अधिग्रहण करना घोर अन्याय पूर्ण कार्यवाही है जिसका पूरी ताकत के साथ विरोध किया जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर ही नहीं भारत वर्ष में किसी भी मंदिर का सरकारी अधिग्रहण औरंगजेबी कार्यवाही मानी जाएगी,मंदिरों की आमदनी में भ्रष्टाचार करने के लिए इस प्रकार के अधिग्रहण की कार्यवाही सरकार द्वारा की जा रही है। महंत अतुल कृष्ण दास महाराज ने कहा कि मथुरा जिले के स्थानीय अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी को गुमराह करके बांके बिहारी मंदिर का अधिग्रहण करने के लिए अध्यादेश जारी कराया है संत समाज इस प्रकार के तुगलकी आदेश को मानने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है, और आने वाले समय में इस अध्यादेश के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत आनंदवल्लभ गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान में मथुरा जिले के अधिकारी वृंदावन की संस्कृति सभ्यता और परंपरा को नष्ट करने पर उतारू हैं तभी कुंज गलियां समेत वृन्दावन के अनेक प्राचीन महत्वपूर्ण स्थान का विध्वंस कर कॉरिडोर के नाम पर बृज की संस्कृति और परम्पराओं को नष्ट-भ्रष्ट कर बृजवासियों को उजाड़ना चाहते हैं। धर्म सभा में महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज, महंत मधु मंगल शुक्ला, महंत देवानंद महाराज, श्रीदास प्रजापति, अजय शर्मा पप्पी भैया, अमरेश पुण्डीर, समीर शुक्ला, नीरज गौतम, गोविंद खंडेलवाल, आकाश गोस्वामी, आलोक शर्मा, देव गोस्वामी, आशीष वशिष्ठ, विवेक सारस्वत दिव्यांशु शर्मा, हेमंत गोपाल आदि उपस्थित थे।

# जगदीशपुरा में घर में घुसकर मां-बेटे को लाठी से पीटा

**आगरा।** घर में घुसकर मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। पहले तो दो पक्षों में गली में कहासुनी होती है। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने अपने पिता के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर लाठी बरसाई दीं। वीडियो में पीड़ितों की चीख-पुकार साफ सुनाई दे रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बेटी से छेड़छाड़ का विरोध किया आरोपियों ने घर में घुस मारपीट कर दीं। आरोपी युवक के खिलाफ थाना जगदीशपुरा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटना गुरुवार की है। मामला थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में बिचपुरी रोड स्थित विष्णु विहार कॉलोनी का है। लड़की की मां का आरोप है कि पवन दुबे नामक युवक उनकी बेटी पर 5-6 महीने से परेशान कर रहा है। उनकी बेटी मुंबई में जॉब करती है। आजकल वह घर आई हुई है। आरोप है कि पवन ने गुरुवार को उनके घर में घुसकर लड़की पर गलत नीयत से हाथ मारा। जब उन्होंने उसका विरोध किया तो उसने जान से मारने की नीयत से सिर पर लाठी मारी। इतना ही नहीं जब बीच-बचाव करने के लिए लड़की का भाई आया तो पवन ने उसके भी लाठी मारी, जिससे उसके खून निकल आया। दोनों ही घायल हो गए। पुलिस ने लड़की की मां द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं दूसरी ओर पूर्व प्रधान के बेटे की शादी वाले घर में दबंगों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने तहरीर के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। आगरा के खंदौली क्षेत्र के एक गांव में दलित पूर्व प्रधान के बेटे की शादी वाले घर में घुसकर दबंगों ने छेड़खानी की। विरोध पर महिलाओं की पिटाई भी की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

**बेटी से छेड़छाड़ के विरोध पर हमला, मोहल्ले में दौड़ा-दौड़ाकर मारा**

पूर्व प्रधान के बेटे की बरात बृहस्पतिवार को अलीगढ़ गई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व उनके घर पर शादी की तैयारियों के साथ देवी जागरण का कार्यक्रम चल रहा था। घर पर रिश्तेदार भी थे। आरोप है कि मंगलवार की दोपहर गांव के 5 युवक उनके घर में घुस आए। महिलाओं से छेड़खानी करने लगे। विरोध पर गाली-गलौज करते हुए महिलाओं की पिटाई की। गांव में शादी नहीं करने की धमकी दी, जिससे परिवार के लोग दहशत में आ गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सूचना पर पीआरवी पहुंची लेकिन बिना कोई कार्रवाई के लौट गई।

# पुलिस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस व एल0टी0 शिक्षक के पदों पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी विज्ञापन व दस्तावेज के माध्यम से धोखाधड़ी कर आवेदक उसके परिवारीजन सगे सम्बन्धियों एवं विद्यालय स्टॉफ सहित अनेकों अभ्यर्थियों से मोटी रकम हड़पने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण आवेदकों से नौकरी लगवाने के नाम पर मोटी रकम वसूल कर फर्जी नियुक्ति पत्र प्रदान करते हैं तथा फर्जी ट्रैनिंग सैन्टरो के कॉल लैटर प्रदान कर विभिन्न विभागों जैसे शिक्षा और पुलिस विभाग आदि के फर्जी नियुक्ति पत्र देते हैं। आवेदक राकेश कुमार पुत्र शौकीराम निवासी ग्राम अरमराजद थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद द्वारा एक प्रार्थना पत्र गंगादत्त पुत्र चन्द्रदत्त निवासी ऐरवा टिकटा थाना ऐरवा कटरा जनपद औरैया एवं नीलम देवी पत्नी गंगादत्त निवासी ऐरवा टिकटा थाना ऐरवा कटरा जनपद औरैया द्वारा उ0प्र0 पुलिस व एल0टी0 शिक्षक के पदों पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी विज्ञापन व दस्तावेज के माध्यम से धोखाधड़ी कर उससे व उसके परिवारीजन सगे सम्बन्धियों एवं विद्यालय स्टाफ कुल 24 अभ्यार्थियों से मोटी रकम हड़पने व रुपये मांगने पर गाली गलौज व धमकी देने के संबंध में दिया गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 13.06.25 को थाना मक्खनपुर पर अभियुक्तगण गंगादत्त व नीलम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी ने थाना मक्खपुर पुलिस टीम को अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें गंगादत्त पुत्र चन्द्रदत्त निवासी ऐरवा टिकटा थाना ऐरवा कटरा जनपद औरैया नामजद अभियुक्त एवं विवेचना के दौरान अन्य प्रकाश में आए अभियुक्तगण ,मीरा देवी पत्नी प्रमोद कुमार निवासी ऐरवा टिकटा थाना ऐरवा कटरा औरैया,विजेन्द्र उर्फ निक्कू पुत्र योगेन्द्र बहादुर निवासी ऐरवा टिकुर थाना ऐरवाकटरा जिला औरैया को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी के आधार पर थाना पुलिस ने अन्य विधिक कार्यवाही की है। और वाँछित अन्य अपराधियों की गिरफ्तार हेतु पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही है।

## विधायक श्रीकांत शर्मा ने स्वामी घाट से बंगाली घाट तक किया श्रमदान, दिया स्वच्छता का संदेश

**मथुरा।** प्लास्टिक मुक्त घाट मथुरा-वृन्दावन अभियान को जनसहयोग से गति देने के उद्देश्य से मथुरा-वृंदावन नगर निगम द्वारा द्वारा शनिवार प्रातः एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे श्री यमुना जी के पावन तट पर स्थित स्वामी घाट से किया गया, जो बंगाली घाट तक चला। वहीं पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकान्त शर्मा ने यमुना की स्थिति पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि यमुना केवल एक नदी नहीं, हमारे श्रद्धा और संस्कृति की जीवनधारा है। लेकिन आज जिस प्रकार उसमें प्लास्टिक, केमिकल, और गंदगी प्रवाहित की जा रही है, वह हमारी असंवेदनशीलता को दशार्ता है ।उन्होंने कहा कि यमुना की दुर्दशा देखकर कृष्ण की नगरी की आत्मा कह रही है। श्रद्धालुओं की आस्था और यमुना जी की पवित्रता तभी बनी रह सकती है, जब हम खुद जिम्मेदारी लें। केवल सरकारी योजनाएं नहीं, जनसहभागिता ही असली समाधान है,विधायक श्री कांत शर्मा ने अधिकारियों से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने और उद्योगों पर निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए , साथ ही लोगों से अपील की कि वे पूजन सामग्री, प्लास्टिक, और गंदगी यमुना में न डालें ।उन्होंने कहा नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण विभाग से अपेक्षा जताई कि नालों की रोकथाम, कचरा प्रबंधन और घाटों की सफाई में तत्परता लाई जाए ।भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा यमुना की हालत देखकर मन व्यथित होता है। मथुरा-वृन्दावन जैसे तीर्थ में आकर जब कोई श्रद्धालु गंदे पानी में स्नान करता है, तो यह केवल धार्मिक ही नहीं, सामाजिक विफलता भी है ।उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल अभियान नहीं, व्यवहार परिवर्तन की जरूरत है ।हर नागरिक, हर दुकानदार, हर मंदिर, हर होटल द्द सबको मिलकर यह ठानना होगा कि यमुना को अब और गंदा नहीं होने देंगे। इस अवसर हेमंत खंदौली कुंज बिहारी भारद्वाज पार्षद विजय शर्मा भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा नरेश शर्मा बब्बू अखिलेश मिश्रा आशीष शर्मा नट्टू पंडित विवेक शर्मा सर्वेश चतुर्वेदी अजय चतुर्वेदी अंकित चतुर्वेदी अपर नगर आयुक्त अनिल अग्रवाल गोपाल गर्ग महेश काजू आदि मौजूद थे।

# नोडल अधिकारी ने जल जीवन मिशन से संबंधित की समीक्षा



**फिरोजाबाद/टूंडला।** भारत सरकार से आए नोडल अधिकारी कैच दरेन व जल जीवन मिशन शशांक मिश्रा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे भूजल वैज्ञानिक विकास कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम तथा संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील टूंडला के सभागार कक्ष में जल जीवन मिशन से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई,नोडल अधिकारी ने मानसून के बारे में जल निगम के अधिकारियों से जानकारी ली,इस पर नोडल अधिकारी को बताया गया कि मानसून आने से पहले ही जल निकायों का प्लान तैयार कर लिया गया है,जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जगह-जगह चेकडैम भी बनाए गए है, वन विभाग द्वारा प्रत्येक विभाग को पौधरोपित करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है,जिसमें आम,नीम,पाखड,पीपल, शीशम आदि पौधे लगाए जाएंगे,बैठक में नोडल अधिकारी को मनरेगा के अधिकारी ने बताया कि जनपद में अमृत सरोवर तालाब बनाए गए हैं और तालाबों का जीर्णोद्धार भी कराया गया है,तालाबों में रिचार्ज शाफ्ट भी बनाए गए हैं, साथ ही साथ सिरसा नदी के दोनों किनारो पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है, जिस पर नोडल अधिकारी ने छायादार वृक्ष लगाए जाने पर जोर दिया। इसके बाद नोडल अधिकारी पारस कोल्ड स्टोरेज मोहम्मदाबाद टूंडला में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निरीक्षण करने गए,विकासखंड हाथवंत के ग्राम पंचायत निकायों में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करने नोडल अधिकारी पहुंचे वहां पर उपस्थित ग्राम वासियों से यह जानकारी ली कि उनके घरों में टंकी का पानी पहुंच रहा है,या नहीं गांव के लोगों ने बताया कि पेयजल की आपूर्ति सुचारु रूप से हो रही है,गांव में 486 घरों को पाइपलाइन कनेक्शन से जोड़ा गया है और पानी ठीक प्रकार से मिल रहा है,उन्होंने पानी की शुद्धता की भी जांच कराई, जिस पर पाया कि समरसिबल के पानी से टंकी का पानी अच्छा मिला,उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर योजना का लाभ सभी लोग उठायें ।

# नदी से निकल कर महिला को पानी में खींच ले गया मगरमच्छ, नहीं चला पता

**आगरा।** महिला नदी के किनारे पशुओं को पानी पिला रही थी। तभी नदी से निकलकर मगरमच्छ आ गया। महिला पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे मुंह में दबाकर नदी में खींच ले गया। थाना खेडा राठौर के भगवानपुरा गांव में शनिवार सुबह 9 बजे पशुओं को पानी पिला रही महिला सिरोमनी (60) को मगरमच्छ चंबल नदी में खींच ले गया। साथी चरवाहों की चीख पुकार पर पहुंचे ग्रामीण महिला की नदी में तलाश कर रहे हैं। पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। भगवानपुरा गांव की सिरोमनी पत्नी रामप्रकाश साथी महिला चरवाहों के साथ अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए चंबल नदी पर गई थी। पशु चंबल नदी में पानी पी रहे थे। पास में खड़ी सिरोमनी पर अचानक हमला कर मगरमच्छ उनको चंबल नदी में खींच ले गया। साथी चरवाहों की चीख पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों ने सिरोमनी की चंबल नदी में तलाश शुरू कर दी। प्रधान बच्छराज सिंह की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जाल आदि डाल कर महिला की तलाश की जा रही है। गौसिंली में बकरी को मगरमच्छ द्वारा चंबल नदी में खींचे जाने की घटना हुई। कैंजराघाट पर नहाते समय गौसिंली और बिचोला के युवक मगरमच्छ के हमले में घायल हुए। हमलों के बाद भी चरवाहे और ग्रामीण सबक नहीं ले रहे। बाह के रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि नेस्टिंग से लेकर हैचिंग तक मगरमच्छ अपने नेस्ट और अंडों के नुकसान के अंदेशे में हमला कर देते हैं। नदी किनारे की बालू में मगरमच्छों के नेस्ट हैं, हैचिंग पीरियड चल रहा है। बार बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी नदी किनारे जाने से ग्रामीण बाज नहीं आ रहे।

# अवैध निर्माणों पर एडीए की सेलेक्टिव कार्यवाही

- जहां से मिला सुविधा शुल्क वह माफ, नहीं दिया तो सबकुछ साफ, डूब क्षेत्र के निर्माण जीवंत सबूत



**आगरा।** शहर भर में तमाम इलकों में हजारों अवैध निर्माण लगातार एडीए की साख पर बट्टा लगा रहे हैं। एडीए की सलैक्टिव कार्यवाही इस बात का सबसे बड़ा सबूत है। हरीपर्वत एक व दो हो ताजगंज जोन हो या छत्ता जोन या फिर कोतवाली, लोहामंडी जोन सभी में सैकड़ो अवैध निर्माण खड़े हुए हैं। तमाम निमार्णों को नोटिश भी दिया गया लेकिन वह निर्माण नोटिश के बाद भी पूरे हो गये। महिनों जबाव न मिलने पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नहीं होती। चांदी के जूते के चलते जिम्मेदार अधिकारी हजारों वर्गमीटर में बन रही अवैध कालोनियों के निर्माण व विकास पर महिनों तक चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। वहीं जब सुविधा शुल्क मिलना बंद होता है तो कार्यवाही का डंडा चलाया जाता है। हरीपर्वत जोन में यमुना के डूब क्षेत्र में हजारों वर्गगज की जमीनों पर कालोनी बनाकर प्लाट काटे जा रहे हैं लेकिन एडीए को यह नहीं दिखते वहीं मनोहरपुर में तीन हजार वर्ग मीटर की अवैध कालोनी इस लिए दिखती है क्यों कि वहां से सुविधा शुल्क नहीं मिलता। इस बात का सबसे बड़ा सबूत है बल्केश्वर के राधानगर यमुना तट के डूब क्षेत्र में ग्रीन एरिया जिसमें अभी हाल में खड़ी की गई चार हजार मीटर से भी अधिक की भूमि पर खड़ी की गई दीवार व उस पर हो रहा व्यवसायिक व आवासीय भवनों का निर्माण। वहीं कोतवाली में घने बाजारों में चल रहे कारखाने व बहुमंजिला मार्केट एडीए के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं। छत्ता क्षेत्र में जोंस मिल से लेकर यमुनापार तक हुए अवैध निर्माण एडीए व उसके अधिकारियों के लिए सबसे बड़ा आईना हैं, जिनमें इन लोगों का काला चेहार साफ नजर आता है। एडीए उपाध्यक्ष से लेकर सभी अधिकारी इन मामलों में वर्षों से मलाई काटने का कार्य करते आ रहे हैं। आपको बता दें कि हरीपर्वत जोन में एडीए ने बल्केश्वर के मनोहरपुर में अवैध कालोनी ध्वस्त की थी इसके बाद गुरुवार को भी एडीए की टीम ने एक अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। यहां सड़क और नाली बनाकर अवैध कॉलोनी में प्लॉटिंग की जा रही थी। एडीए की टीम ने इसे ध्वस्त कर दिया। छत्ता वार्ड के शाहदरा चुंगी से आशीर्वाद हॉस्पीटल की तरफ 3000 वर्गमीटर में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहां सड़क और नाली बनाकर प्लॉटिंग की जा रही थी। एडीए को जब इसकी सूचना मिली तो विकसित हो रही इस कॉलोनी के बारे में छानबीन की गई। पता चला कि यह कॉलोनी एडीए की बिना परमिशन के ही विकसित हो रही है। इस पर एडीए की टीम गुरुवार दोपहर को बुलडोजर लेकर पहुंच गई। टीम ने देखते ही देखते पूरे प्रोजेक्ट पर बुलडोजर चला दिया। सड़क और नालियां ध्वस्त कर दीं। प्लॉटों की बाउंड्री भी ढहा दी। एडीए ने यह कार्रवाई उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-27 के तहत की गई है। पिछले 3 दिनों से अवैध कॉलोनियां एडीए के निशाने पर हैं। इससे पहले ताजगंज व रोहता क्षेत्र में अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चल चुका है। ताजगंज वार्ड में तो 20 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। एडीए ने अवैध निर्माणकर्ताओं को सख्त चेतावनी दी है। कहा है कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं इन कार्यवाही पर इस लिए सबाल उठ रहे हैं कि एडीए को इन मामलों की शिकायतें लोागों द्वारा महिनों पूर्व की गई थी लेकिन एडीए महिनों चुप्पी साधे रहा।

## विश्राम घाट पर आग लगने से अफरा-तफरी

**मथुरा।** शहर के विश्राम घाट पर शनिवार दोपहर भीषण आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। आग यमुना मंदिर के स्टोर रूम में लगी, जिससे मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। यमुना मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी एल्पाइन ने बताया कि दोपहर लगभग 1 बजे आग की लपटें देखी गई और चारों ओर धुआं फैल गया। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड और 112 नंबर पर दी गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मोटर पंप की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस और गेट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों की सहायता से समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। हालांकि, स्टोर रूम में रखे सामान को भारी नुकसान हुआ है। आग की लपटों से सीसीटीवी सिस्टम, इनवर्टर और अन्य कई जरूरी उपकरण जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति उत्तर प्रदेश व मां वैष्णों द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लाइफ केयर चैरीटेवल ब्ल्ड बैंक मथुरा पर आयोजित किया विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ चैयरमेन उमाशंकर अग्रवाल एडवोकेट के द्वारा फीता काटकर किया, व सभी रक्त दाताओं को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट प्रदान किये । सर्वप्रथम बृज यातायात महिला युवा टीम से पूजा सिसौदिया ने 30 वां अपना रक्तदान करते युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया शिविर में अतिथि के रूप में शामिल भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए आज जो भी रक्तदाता रक्तदान कर रहे हैं उन्होंने उनके पुनीत कार्य के लिए सभी रक्तदाताओं को दी बधाई आज में महिला भी रक्तदान कर रही हूँ। इसके लिए सभी महिलाएं और रक्तदाता बधाई के पात्र हैं क्योंकि आपका रक्त जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा । महिला प्रदेश अध्यक्ष पूर्व पार्षद श्वेता शर्मा ने कहा है हमारी समिति विश्व रक्तदाता दिवस बड़े उत्साह के साथ उत्सव के रूप में मनाती है इसके कारण हमारे सभी रक्तदान शिविर सफल रहते हैं इसके लिए उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी ! संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति लगभग 14 वर्षों से रक्तदान शिविर आयोजित करती रही है इन रक्तदान शिविरों में अब तक 6377 रक्तदानों की मदद से रक्त उपलब्ध करवा चुके हैं आज हमारी समिति के द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्त मिला ! रक्तदान शिविर के संयोजक गगन अग्रवाल ने सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में पूजा सिसौदिया, रजत शर्मा , भगवती प्रसाद शर्मा, देवा , हर्षित कृष्ण अग्निहोत्री , मनजीत अली, विमल किशोर सारस्वत , राजकुमार राज , गोविंद सिंह आदि रक्त वीरों ने अपना रक्तदान।

## कॉलेज में पढ़ने वाले बेटे ने पिता को जीवनदान देने के लिए अपना आधा लिवर दान किया

**मथुरा।** फादर्स डे के अवसर पर पिता-पुत्र के अटूट प्रेम की मिसाल पेश करते हुए एक कॉलेज में पढ़ने वाले बेटे ने अपने बीमार पिता को जीवन-दान देने के लिए अपना आधा लिवर दान किया। यह लिवर प्रत्यारोपण मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो उन्नत लिवर केयर और ट्रांसप्लांट सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र है। 51 वर्षीय हरियाणा निवासी श्री जोगिंदर चावला पिछले दो वर्षों से पुरानी लिवर बीमारी से जूझ रहे थे। लगातार पीलिया, पेट में पानी भरना और आंतों से रक्तस्त्राव जैसी गंभीर समस्याएँ उनकी हालत को दिन-प्रतिदिन बिगाड़ रही थीं। तमाम इलाज के बाद भी जब लिवर पूरी तरह विफल होने लगा, तो प्रत्यारोपण ही आखरिी विकल्प बचा। उपयुक्त डोनर की तलाश के दौरान, श्री चावला के कॉलेज-पढ़ने वाले बेटे का रक्त-समूह मेल खा गया और उसने आगे बढ़कर अपने जिगर का एक हिस्सा दान करने का निश्चय किया। भावुक परिवार के लिए यह फैसला आसान नहीं थाकृएक ओर बेटे के स्वास्थ्य की चिंता, दूसरी ओर पिता को बचाने की तात्कालिक आवश्यकता। परंतु बेटे के अडिग संकल्प ने सबको हौसला दिया। उसने शांत स्वर में कहा, पापा हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं, अब मेरी बारी थी। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद के डॉ. पुनीत सिंगला, प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर ट्रांसप्लांट व एचपीबी सर्जरी, के नेतृत्व में बहु-विषयक टीम ने इस जटिल शल्य-क्रिया को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ अंजाम दिया, जिससे रक्तस्त्राव न्यूनतम रहा और दोनों मरीजों की रिकवरी तेज हुई। डॉ. सिंगला ने कहा, ह्लइस प्रत्यारोपण की सफलता केवल शल्य-कौशल पर नहीं, बल्कि इस परिवार की मानसिक-भावनात्मक दृढ़ता पर भी निर्भर रही। लिविंग-डोनर लिवर ट्रांसप्लांट तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण होते हैं, पर आधुनिक प्रगति और अनुभवी टीम के साथ परिणाम बेहद सुरक्षित और प्रभावी हैं।

# भाजपा की विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित



**फिरोजाबाद।** जसराना विधानसभा के सभी मंडलों में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का भव्य आयोजन किया गया। मंडल स्तर पर 12 से 15 जून 2025 तक विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका व केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां विषयांतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में सभी मंडलों में मुख्य वक्ता के रूप में क्रमशः जसराना मंडल में जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व पूर्व विधायक जसराना रामगोपाल लोधी एका मंडल में प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा सत्य पाल राजपूत व जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अमलेंद्र लोधी रानी अवंती बाई नगर मंडल में जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह पूर्व विधायक जसराना रामगोपाल उर्फ पप्पू लोधी अवनीश गुप्ता पूर्व चेयरमैन व सत्यपाल राजपूत प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा पाढ़म मंडल में रामगोपाल उर्फ पप्पू लोधी व सुरेंद्र सावन झा फरिहा मंडल में जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान खैरगढ़ मंडल में शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष व विश्वदीप सिंह रहे। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अवंती बाई नगर मंडल के बझेरा में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा वंचितों को सम्मान दिलाने के क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ प्लस मकान बनाए गए। घर-घर जल योजना के अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल मिला है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 68 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बिना जमानत ऋण प्राप्त हुआ है। जसराना विधायक रामगोपाल उर्फ पप्पू लोधी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत को विकास में बदलने के क्रम में अयोध्या में भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, और महाकाल लोक सहित प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों का विकास हुआ है। प्रसाद योजना के तहत सांस्कृतिक स्थलों के विकास में लगभग 1900 करोड़ का अंशदान दिलाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। वक़्फ संशोधन अधिनियम 2025 के तहत वक़्फ संपत्तियों की पारदर्शिता जवाबदेही को बढ़ावा दिया गया है। पूर्व विधानसभा संयोजक सुरेंद्र सावन ने कहा कि 11 साल में अन्य देशों द्वारा भारत को चोरी हुई 642 कलाकृतियां वापस लौटाई गई। 2013 तक सिर्फ 13 ही वापस आ पाई थी। सभी संकल्प सभाओं में संयुक्त रूप से देवेंद्र पालीवाल, जसराना ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी, एका चेयरमैन माया देवी सागर मंडल अध्यक्ष अमलेश राजपूत शीलू राजपूत रामप्रकाश लोधी ओमेंद्र पाल बघेल आदि उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों की छुट्टियां 30 तक बढ़ीं

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज लू की विकराल स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने परिषदीय विद्यालयों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि को 15 जून से बढ़ाकर 30 जून 2025 कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा भेजे गए अत्यंत संवेदनशील एवं तथ्यपूर्ण पत्र के बाद लिया गया, जो मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव को संबोधित था। उक्त पत्र में सदस्य द्वारा प्रदेश के विभिन्न अंचलों में बढ़ते तापमान जलवायु की विषम परिस्थितियों और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों का उल्लेख करते हुए अवकाश की अवधि में विस्तार की अपील की गई थी। उन्होंने यह रेखांकित किया कि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुँच चुका है और आगामी दिनों में और वृद्धि की संभावना है, जो विशेषकर छोटे बच्चों की सेहत के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर सकती है ।राज्य सरकार ने इस पत्र का संज्ञान लेते हुए गहन विचार-विमर्श के उपरांत आदेश जारी किया कि अब प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश 30 जून 2025 तक रहेगा। शिक्षा विभाग ने इस निर्णय की पुष्टि करते हुए सभी जिला अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी कर दिए हैं।

संक्षेप

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक सुदूर इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि थानामंडी के इस्लामपुर इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों द्वारा चलाये गये संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने की तलाशी में 400 ग्राम विस्फोटक सामग्री, मशीन गन की 48 गोलियां, पिस्तौल की पांच गोलियां, एके-47 की एक गोली और एक आंसू गैस का गोला बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया हालांकि अभियान के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

## मध्य प्रदेश में एनआईए का छापा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है। बयान के अनुसार एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है। बयान में कहा गया है युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित एक इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था।

## भारत में परिसर स्थापित करेगा एबरडीन विश्वविद्यालय

नयी दिल्ली। स्कॉटलैंड स्थित एबरडीन विश्वविद्यालय को भारत में शाखा परिसर स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। इसी के साथ यह भारत में परिसर खोलने की मंजूरी प्राप्त करने वाला पहला स्कॉटिश विश्वविद्यालय बन गया है। विश्वविद्यालय को मुंबई में अपना शाखा परिसर स्थापित करने के लिए आशय पत्र प्रदान किया गया, जिसके 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। प्रस्तावित परिसर में शुरू में विद्यार्थियों को कंप्यूटिंग और डेटा विज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन, अर्थशास्त्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में पाठ्यक्रम की पेशकश की जाएगी। इसके अलावा, यह गणित, अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय प्रबंधन और सूचना प्रणाली, सार्वजनिक स्वास्थ्य, फिल्म अध्ययन और मनोविज्ञान में भविष्य के विस्तार के साथ एमबीए कार्यक्रम की भी पेशकश करेगा।

## हिरासत में वांछित मादक पदार्थ तस्कर

मुंबई। मुंबई पुलिस ने सांगली मेफेड्रोन बनाने के मामले के आरोपी ताहिर सलीम डोला को हिरासत में ले लिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल के माध्यम से यूएई से उसका प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया है। अधिकारी ने बताया कि ताहिर कथित तौर पर सांगली में एक सिंथेटिक मादक पदार्थ बनाने का कारखाना चलाता था, जहां छापेमारी के दौरान 252 करोड़ रुपये मूल्य का 126.141 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि ताहिर विदेश से कारखाना चला रहा था और सीबीआई ने पुलिस के अनुरोध पर इंटरपोल के माध्यम से 25 नवंबर, 2024 को रेड नोटिस जारी करवाया। अधिकारी ने कहा कि एनसीबी-अबू धाबी ने 27 जनवरी को सीबीआई को सूचित किया कि ताहिर को यूएई में गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद मुंबई पुलिस द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के माध्यम से यूएई को प्रत्यर्पण अनुरोध भेजा गया था। उन्होंने बताया कि सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से ताहिर को बृहस्पतिवार को भारत लेकर आई।

# मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को संस्थागत मध्यस्थता की वकालत करते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। इससे पहले ओएनजीसी के चेयरमैन ने मध्यस्थता की कार्यवाही को समयबद्ध बनाने का आग्रह किया। संस्थागत मध्यस्थता पर यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि संगठनों को समय की जरूरत के हिसाब से लचीला और कठोर होने के लिए तैयार रहना चाहिए, ताकि उनके हितों की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित हो सके।

मेघवाल ने कहा कि अधिकारियों को जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने संगठन के वित्तीय हितों को सुनिश्चित करने के लिए प्रचलित रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। मेघवाल ने अफसोस जताया कि मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा थी, लेकिन कहीं न कहीं यह अवधारणा बाधित हो गई और अन्य देश अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के केंद्र बन गए। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के नए केंद्र के रूप में उभरेगा।



इस मौके पर सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा कि समय ही धन है, इसलिए मध्यस्थता की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने की जरूरत है, न कि अंतहीन। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक विवादों का समयबद्ध तरीके से निपटारा कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जरूरी है। सिंह ने कहा कि विवाद मुख्यतः तीन कारणों से उत्पन्न होते हैंः अधिकारियों का अत्यधिक रूढ़िवादी होना जो अपनी जान बचाने के लिए जिम्मेदारी दूसरे पर डाल देते हैंअ विक्रेताओं का अत्यधिक आशावादी होना जो कम बोली पर अनुबंध लेते हैं और बाद में काम पूरा करने में विफल हो जाते हैं और स्थिति से बचने के लिए विवाद पैदा करते हैंअ और अनुबंधों में कठोरता, जो कार्यों को पूरा करना कठिन बना देती है। विधि सचिव अंजू राठी राणा ने कहा कि सरकार मध्यस्थता और बीच-बचाव प्रक्रियाओं को तेज और आसान बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने विधि मामलों के विभाग के एक हालिया निर्देश को याद किया, जिसमें न्यायिक हस्तक्षेप को कम करने और तदर्थ मध्यस्थता के बजाय संस्थागत मध्यस्थता का उपयोग करने पर जोर दिया गया है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के चेयरमैन न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हेमंत गुप्ता ने कहा कि वाणिज्यिक विवादों को निपटाने के लिए तदर्थ प्रणाली के बजाय संस्थागत मध्यस्थता को अपनाने के लिए पक्षों की मानसिकता में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को न्यायालय द्वारा नियुक्त मध्यस्थता की तुलना में संस्थागत मध्यस्थता के लाभों को समझना होगा।

# मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली ढेर

एजेंसी

बालाघाट (मप्र)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक ग्रेनेड लांचर, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर), दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझीरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा, इस सफलता के लिए हमारे अदम्य साहसी जवानों और राज्य के वरिष्ठ पुलिस



अधिकारियों को हार्दिक बधाई। बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मारे गये नक्सलियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग से लगभग 40 किलोमीटर दूर रूपझर थाना क्षेत्र में घटनास्थल पर नक्सलियों के खिलाफ अभियान अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि कल शाम उनकी गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था।

## बीमा कंपनियों ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा प्रक्रिया आसान की

नयी दिल्ली। बीमा कंपनियों - एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है।

एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने एक बयान में कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई।

एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्तिाकानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

## स्पाइसजेट का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपये पर

मुंबई। किफायती एयरलाइंस स्पाइसजेट ने शनिवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च 2025 तिमाही में उसका कर पश्चात एकल मुनाफा लगभग तीन गुना होकर 324.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 119 करोड़ रुपये था। स्पाइसजेट ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर I,446.37 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में I,719.3 करोड़ रुपये था।



वित्त वर्ष 2024-25 में स्पाइसजेट ने 58.74 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में उसे 409 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस अवधि में परिचालन राजस्व 25 प्रतिशत घटकर 5,284 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 में 7,050 करोड़ रुपये था। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 319 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक तिमाही लाभ दर्ज किया और पूरे साल का शुद्ध लाभ 48 करोड़ रुपये रहा, जो सात साल में पहला है, जो इसकी वित्तीय और परिचालन बदलाव रणनीति की सफलता को रेखांकित करता है। प्रवर्तक समूह ने 500 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश पूरा कर लिया है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 294.09 करोड़ रुपये की अंतिम किस्त भी शामिल है।

यह कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण और क्षमता में उसके मजबूत विश्वास को दर्शाता है।

## मनोहर लाल ने फतेहाबाद परमाणु ऊर्जा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को हरियाणा के फतेहाबाद जिले में परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत एनपीसीआईएल द्वारा क्रियान्वित की जा रही परमाणु विद्युत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना का दौरा किया और उत्तर भारत के पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र की प्रगति की समीक्षा की। पूरा होने पर उत्पादित बिजली का 50 प्रतिशत हरियाणा को आवंटित किया जाएगा। खट्टर ने भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड के प्रयासों की सराहना की और देश के भविष्य के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और विश्वसनीय ऊर्जा प्राप्त करने में परमाणु ऊर्जा के महत्व को दोहराया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी मौजूद थे। इस परियोजना में 700 मेगावाट क्षमता के चार पीएचडब्ल्यूआर प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर) स्थापित करना शामिल है, जिसकी कुल परियोजना लागत 41,594 करोड़ रुपये है। वाणिज्यिक परिचालन मार्च 2031 तक शुरू होने की उम्मीद है। मनोहर लाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल हरियाणा और उत्तर भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधानों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगी।

# विमान दुर्घटना : अब तक 11 लोगों की डीएनए से हुई पहचान

एजेंसी

अहमदाबाद। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के प्राधिकारियों ने 12 जून को हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए 11 लोगों के शवों की डीएनए जांच के जरिए पहचान कर ली है और उन्हें उनके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. रजनीश पटेल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक शव शनिवार को उसके परिवार को सौंप दिया गया, जबकि अन्य दो शव दिन के अंत तक सौंपने की बात कही थी। उन्होंने कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के अब तक 11 शवों के डीएनए का उनके परिजनों के डीएनए से मिलान हो चुका है। उन्होंने कहा कि डीएनए मिलान होते ही



सिविल अस्पताल परिवारों से संपर्क करेगा और उन्हें अस्पताल आने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जिन आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। गुजरात के राहत आयुक्त एवं राजस्व सचिव आलोक पांडे ने बताया कि हादसे में मारे गए राज्य के लोग गुजरात के 18 जिलों के थे।

उन्होंने बताया कि परिवारों से समन्वय के लिए 230 टीम बनाई गई हैं और इस त्रासदी में मारे गए 11 विदेशी नागरिकों के परिजन से भी संपर्क किया गया है। लंदन जाने वाली उड़ान में सवार 242 लोगों में 241 लोग मारे गए हैं। एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। चिकित्सकों ने शनिवार को बताया कि विमान दुर्घटना स्थल से अब तक करीब 270 शव अस्पताल लाए जा चुके हैं। डॉ. पटेल ने कहा कि लंदन जा रही एअर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त हुई उड़ान में सवार 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर घायलों को छुट्टी दे दी गई है तथा एक या दो की हालत गंभीर बनी हुई है। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद बी जे मेडिकल कॉलेज छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। चूंकि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षत-विक्षत हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है।

## सीबीआई ने धोखाधड़ी के आरोप में सुपरटेक प्रवर्तक आरके अरोड़ा के खिलाफ केस दर्ज

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी





अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ज्ण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी।

एफआईआर के अनुसार, बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी और उसके निदेशकों ने झूठे बहाने के तहत ज्ण सुविधाएं हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज पेश किए। सीबीआई ने कहा कि ज्ण खाते को बाद में जानबूझकर चूक करने वाला घोषित कर दिया गया और धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को कथित तौर पर 126.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## पेज एक का शेष

### ब्लैक बॉक्स

बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और मेघाणी नगर क्षेत्र में स्थित सरकारी बीजे मेडिकल कॉलेज के परिसर में गिर गया था तथा उसमें आग लग गई थी। बीजे मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धवल गामेती ने बताया विमान दुर्घटना स्थल से अब तक करीब 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए जा चुके हैं। अधिकारियों ने पहले बताया था कि तीन दशकों में देश में हुए सबसे भीषण विमान हादसे में मरने वालों की संख्या 265 है। जांचकर्ता दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं, जिनमें 11 वर्ष पुराने विमान के दोनों इंजनों में गति की कमी, कई पक्षियों का टकराना या फ्लैप में संभावित समस्या शामिल है।

नायडू ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि ब्लैक बॉक्स की जांच से पता लगेगा कि त्रासदी से कुछ क्षण पहले क्या हुआ था। डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर), जिसे आमतौर पर ब्लैक बॉक्स के रूप में जाना जाता है, शुक्रवार को दुर्घटना स्थल पर छात्रावास भवन की छत से बरामद किया गया था। अब तक एक और ब्लैक बॉक्स- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीबीआर) की बरामदगी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह उपकरण कॉकपिट में रेडियो प्रसारण और अन्य आवाज़ें रिकॉर्ड करता है, जैसे पायलटों के बीच बातचीत और इंजन की आवाजें। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी।

### इजरायल-ईरान

द्वारा संचालित मीज़ान समाचार एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया, रविवार की वार्ता के बारे में फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को एक संदेश में कहा हम उन्हें इस अपराध के बाद बच कर नहीं निकलने देंगे। ईरान ने शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह इजराइल पर मिसाइलों की बौछार की। शनिवार सुबह ईरान के लोगों को सरकारी टेलीविजन पर इजराइल पर हमलों की बार-बार क्लिप दिखाई गई, साथ ही लोगों के खुशी मनाते और मिठाइयां बांटने के वीडियो भी दिखाए गए। इजराइल की सेना ने कहा कि शनिवार तड़के मृत सागर के पास और अधिक ड्रोनों को रोका गया। ईरान की तरफ से दूसरे दिन किए गए हमलों में घायल हुए सात लोगों का तेल अवीव के एक अस्पताल में इलाज किया गया। घायलों में एक की हालत गंभीर है। इजराइल की अग्निशमन और बचाव सेवाओं ने कहा कि प्रक्षेपास्त्र के एक इमारत से टकराने के कारण ये लोग घायल हुए। बेइलिन्सन अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि एक महिला की मौत हो गई। इजराइल की पैरामेडिक सेवा मैगन डेविड एडोम के अनुसार कुछ घंटों बाद एक ईरानी मिसाइल मध्य इजराइली शहर रिशोन लेज़ियन में घरों के पास गिरी, जिससे दो और लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। इजराइल की अग्निशमन और बचाव सेवा ने कहा कि चार घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, शनिवार आधी रात के बाद मध्य तेहरान में विस्फोटों और ईरानी हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा लक्ष्यों पर की गई गोलीबारी की आवाजें गूंजने लगीं। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने तेहरान के मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लगने की खबर दी है, साथ ही एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया जिसमें धुएं का गुबार और लपटें उठती दिखाई दे रही हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने तेहरान के क्षेत्र में हवाई सुरक्षा सहित दर्जनों लक्ष्यों पर रात भर हमले किए। इजराइल की स्वास्थ्य सेवाओं ने कहा कि तेल अवीव में हुए हमले में 34 लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। अमेरिका के एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी हवाई रक्षा प्रणाली ईरान की ओर से इजराइल पर जवाबी कार्वाई में दागी गई मिसाइल को रोकने में मदद कर रही है। कई देशों ने इजरायल के हमले की निंदा की है साथ ही दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आग्रह किया। इजराइल लंबे समय से इस तरह के हमले की धमकी दे रहा था, वहीं अमेरिका इसे रोकने की कोशिश कर रहा था क्योंकि उसे डर था कि इससे पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष भड़क जाएगा और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रुकवाने में मुश्किल आएगी। इजराइल ने जिन स्थानों पर हमला किया उनमें नतांज में ईरान का मुख्य परमाणु-संवर्धन केन्द्र शामिल है। एक खबर के अनुसार इजराइल ने तेहरान से लगभग 100 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित फोर्डो में एक अन्य परमाणु-संवर्धन केन्द्र पर भी हमला किया है।

### इजरायल और

रहा है। प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह के सदस्यों में रूस, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अन्य एससीओ सदस्यों को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है तथा बयान पर चर्चा में भाग नहीं लिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एससीओ ने इजराइल और ईरान के बीच हालिया घटनाक्रम पर एक बयान जारी किया है। इस मामले पर भारत की अपनी स्थिति 13 जून 2025 को हमारे द्वारा स्पष्ट की गई थी, और यह वही है।

### नीट-यूजी

के आधार पर एक मेधा सूची तैयार करेंगे। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल I,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं। दंत चिकित्सा, आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी नीट परिणामों का उपयोग किया जाता है। एनटीए ने चार मई को भारत के 552 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में स्थित 5,468 केंद्रों पर नीट का आयोजन किया। परीक्षा 13 भाषाओं- असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, उर्दू, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और ओडिया में आयोजित की गई थी। अठारह लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने अंग्रेजी में परीक्षा देने का विकल्प चुना था, जबकि 2.28 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने हिंदी में परीक्षा देने का विकल्प चुना था।

### आकाशीय बिजली

पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया जिसका इलाज चल रहा है। समोगरा गांव के पश्चिम सिवान में आकाशीय बिजली गिरने से रिजवान उर्फ कल्लू (40) और सतीश यादव उर्फ लाला (35) की मौत हो गयी। सभी घटनाए बांसी कोतवाली क्षेत्र में घटित हुई है। सूचना प्राप्त होने के बाद मौर्2392ी पर बांसी पुलिस व तहसील प्रशासन बांसी के लोग पहुंचे हैं और मामले में अग्रिम कानूनी कार्वाई की जा रही है। बांसी के तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव और बांसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने मौर्2392ी पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने घटना में मारे गए लोगो की पुष्टि की है। अधिकारियों की मौजूदगी में शवों का पंचायतनामा भर कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। तहसीलदार श्रीवास्तव ने कहा कि शासन से मृतकों के परिजनों को अनुमन्य मुआवज़ा की धनराशि यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी सुरेंद्र कुमार प्रजापति की पत्नी राधा (35) बकरियां लेकर खेतों में गई थी। आज शाम लगभग चार बजे बिगड़े मौसम के बाद गिरी आकाशीय बिजली से उसकी खेत में ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अनूप सिंह ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्तम के लिए भेज दिया है।

### अमित शाह

नवचयनित पुलिस कांस्टेबलों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की भव्य तैयारियां चल रही हैं। चयनित अभ्यर्थियों में पुरुष और महिला शामिल हैं। हर जिले के कोने-कोने से चयनित अभ्यर्थी लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए जिलों से परिवहन की समुचित व्यवस्था भी की गई है। उनके रहने, खाने और गर्मी को ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी विभागों के अधिकारी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि इस परीक्षा को पारदर्शिता से कराना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस परीक्षा से पहले तमाम परीक्षाएं हुई थीं, जिसमें कई सवाल खड़े हऐ थे। विभागीय अधिकारियों ने इसे चैलेंज के रूप में लिया और परीक्षा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। चयनित अभ्यर्थियों को रविवार नियुक्त पत्र दिया जाएगा। इस आयोजन को देखते हुए यातायात निदेशालय ने लखनऊ, कानपुर समेत 10 जिलों में यातायात रूट डायवर्ट कर दिया है। लखनऊ में भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। गृह मंत्री की लखनऊ में मौजूदगी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। सभी रूटों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल पर मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन लगाए जाएंगे। सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के एडीजी मुथा अशोक जैन, अशोक कुमार सिंह समेत तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने 13 मार्च 2025 को आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों का अंतिम परिणाम घोषित किया था।

### अमेरिका में

की तलाश कर रहे हैं। इवांस ने कहा कि चोटों की गंभीरता का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा, लेकिन हॉर्टमैन और उनके पति की मौत गोली लगने से हुई है। सार्वजनिक सुरक्षा आयुक्त बॉब जैकबसन ने कहा कि संदिग्ध व्यक्ति खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बता रहा था। उन्होंने कहा, संदिग्ध ने हमारी वर्दी के भरोसे का फायदा उठाया। यह विश्वासघात बहुत परेशान करने वाला है। पुलिस प्रमुख मार्क ब्रुले ने बताया कि पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद संदिग्ध हॉर्टमैन के घर के पीछे से भाग गया। ब्रुले ने कहा कि संदिग्ध व्यक्ति अधिकारी की तरह वर्दी पहने हुए था और एक वाहन चला रहा था जो बिल्कुल एक एसयूवी स्क्वाड कार जैसा दिख रहा था। वाहन में लाइट, आपातकालीन लाइट लगी थी और वाहन बिल्कुल एक पुलिस वाहन जैसा दिख रहा था। एफबीआई के उप निदेशक डैन बोंगिनियो द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार, एफबीआई जांच में शामिल हो गई है। मिनेसोटा हाउस स्पीकर एवं रिपब्लिकन पार्टी नेता लिसा डेमुथ ने कहा कि हॉर्टमैन और उनके पति, मार्क की हत्या से वह अत्यंत दुखी हैं। डेमुथ ने एक बयान में कहा, कानून प्रवर्तन प्रतिक्रिया जारी है और विवरण अभी भी सामने आ रहे हैं, मैं बस सभी मिनेसोटा वासियों से इस भयानक हमले के पीड़ितों के लिए प्रार्थना करने के लिए कहूंगी। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की पूर्व सदस्य गैब्रिएल गिफ़ोर्ड्स के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय बंदूक हिंसा रोकथाम संगठन गिफर्ड्स ने निम्नलिखित बयान जारी किया। गिफर्ड्स ने कहा मेरा परिवार और मैं लक्षित गोलीबारी की भयावहता को अच्छी तरह से जानते हैं। जनप्रतिनिधि के खिलाफ हमला अमेरिकी लोकतंत्र पर ही हमला है। नेताओं को बोलना चाहिए और हिंसक अतिवाद को बढ़ावा देने की निंदा करनी चाहिए जो इस देश के लिए खतरा है। गिफर्ड्स को 2011 में एक बंदूकधारी ने सिर में गोली मार दी थी, जिसने छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और 12 अन्य को घायल कर दिया था।




# दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी खिताब के 27 साल के इंतजार को किया खत्म बना चैंपियन

एजेंसी

लंदन। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए जरूरी 69 रन बनाकर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत ली। दक्षिण अफ्रीका ने 27 वर्षों में अपना पहला बड़ा क्रिकेट खिताब जीता जिसके बाद लॉर्ड्स मैदान पर टीम के खिलाड़ी और प्रशंसकों ने जम कर जश्न मनाया। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) के रूप में जीता था।

दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए चोकर्स के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिये। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिये। जोश हेजलवुड की गेंद पर प्लेयर ऑफ द मैच मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया। मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी।




बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी। लॉर्ड्स में मौजूद दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका सम्मान किया। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में अपने प्रदर्शन के स्तर को उंचा करने वाली ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को शिकस्त दी।

## एमसीसी ने बन्नी हॉप बाउंड्री कैच को अवैध माना

लंदन। क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने बन्नी हॉप यानि सीमा रेखा के बाहर कई बार हवा में उछलकर कैच करने को गैरकानूनी माना है तथा इस संदर्भ में नए नियम इसी महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के खेल की परिस्थितियों से जुड़ी शर्तों और अगले

**नया नियम इसी महीने लागू होगा**

साल अक्टूबर से एमसीसी के नियमों में शामिल कर लिया जाएगा। इस नए नियम के लागू होने के बाद बीबीएल 2023 के दौरान माइकल नेसर और 2020 में मैट रेनशॉ की मदद से टॉम बैंटन द्वारा लिए गए शानदार कैच वैध नहीं माने जाएंगे।

आईसीसी ने इस संदर्भ में अपने सदस्य बोर्ड को एक नोट भेजा है जिसने कहा गया है कि वर्तमान नियमों के अनुसार कुछ शानदार कैच देखने को मिले लेकिन इस नियम के कारण कुछ असामान्य देखने वाले कैच भी वैध मान दिए गए जो अधिकतर क्रिकेट प्रेमियों को भी अनुचित लगे। एमसीसी ने नेसर द्वारा लिए गए कैच का जिक्र करते हुए कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले बन्नी हॉप किया। नियमों के अनुसार हालांकि यह तब सही था लेकिन ऐसा लग रहा था कि फील्डर सचमुच में सीमा रेखा से कई बार बाहर निकल गया था।

## संक्षेप

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

नयी दिल्ली। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित कर दिया गया है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद यह इस आयोजन को स्थगित करने (या शायद इसे पूरी तरह से रद्द करने) का फैसला लिया गया है। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। आपसी सहमति से रद्द हुई सेरेमनी क्रिकबज के मुताबिक, ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने लॉर्ड्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। ईसीबी के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। इउउक अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था।

### दक्षिण अफ्रीका का जीत के करीब पहुंच कर हारने का रहा है इतिहास

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका वर्षों की निराशा और करीबी हार की निराशाजनक यादों को पीछे छोड़ते हुए लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका इस खिताब के जश्न में डूबा है लेकिन उसे अतीत में कई मौके पर आईसीसी टूर्नामेंटों में जीत के करीब पहुंच कर हार का सामना करना पड़ा है। पेश है ऐसे मैचों की सूची। यह परिणाम हालांकि टीम के लिए जज्बे से ज्यादा मौसम की वजह से था। दक्षिण अफ्रीका के लिए प्रमुख मौकों पर फिसलने की शुरुआत सिडनी में हुई। ब्रायन मैकमिलन और डेविड रिचर्डसन क्रीज पर थे और दक्षिण अफ्रीका को सात गेंदों पर 22 रन की जरूरत थी। बारिश ने मैच में खलल डाला और जब खेल फिर से शुरू हुआ तो टीम के सामने एक गेंद पर 22 रन बनाने की चुनौती थी। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट इतिहास का सबसे खराब दिन। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज डेमियन फ्लेमिंग द्वारा फेंके गए अंतिम ओवर में उन्हें सिर्फ नौ रन चाहिए थे।

## अवनि कोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर बरकरार



एजेंसी

हुलेनकोर्ट (बेल्जियम), 14 जून (भाषा) भारत की अवनि प्रशांत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर यहां लेडीज यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर अपनी जगह बरकरार रखी। बेंगलुरू की रहने वाली इस 18 वर्षीय खिलाड़ी का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह शीर्ष पर चल रही जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है।

कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी।

**मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद प्री-क्वार्टर दौर से मामूली अंतर से बाहर हुई**

नायरन (स्कॉटलैंड)। मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी। वह हालांकि अंतिम 16 में स्पेन की पाउला फ्रांसिस्को से मामूली अंतर से पिछड़ कर खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी।

**तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया**

ब्रनो (चेक गणराज्य)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया।

## फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय टीम

एजेंसी



लंदन। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और प्रणव के शानदार प्रदर्शन की मदद से टीम एमजीडी। फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। छठी वरीयता प्राप्त टीम एमजीडी। ने तीन दिन में 12 राउंड में 10 जीत दर्ज की और शुक्रवार को टीम हेक्सामाइंड के साथ एक करीबी मुकाबले के बाद चैंपियन बन गई। इस प्रतियोगिता में पिछले दो अवसरों पर रजत और कांस्य पदक जीतने वाली एमजीडी। ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन टीम फ्रीडम के खिलाफ़ ड्रॉ और टीम हेक्सामाइंड से हार के कारण उसे खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करने की जरूरत थी।

अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा, लियोन मेंडोंका, डेविड एंटोन गुइजारो, त्सोलाकिडो स्टोव्रोला, प्रणव, अथर्व तायडे और कप्तान श्रीनाथ नारायणन की मौजूदगी वाली एमजीडी। ने अंतिम चार राउंड में जीत दर्ज करके चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अर्जुन और प्रणव की जीत आखिर में निर्णायक साबित हुई। नारायणन ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह जीत बेहद खास है। ओलंपियाड में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार थी लेकिन यहां एमजीडी। को छुपा रुस्तम माना जा रहा था। इस सब के बावजूद हम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। टीम एमजीडी। ने 21 अंक हासिल किए, जो टीम हेक्सामाइंड से एक अंक अधिक था। विश्वनाथन आनंद की टीम फ्रीडम 17 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन टीम एमजीडी। के लिए अंतिम दिन के स्टार रहे। उन्होंने चार में से 3.5 अंक बनाए। प्रणव ने अंतिम दिन अपनी सभी चार बाजियां जीती।

**अभिजीत गुप्ता दिल्ली जीएम ओपन के चैंपियन बनें**

नयी दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 10 में से 8.5 अंक हासिल करते हुए एशिया के इस प्रतिष्ठित आयोजन में अपना चौथा खिताब जीता। छत्तीस साल के गुप्ता ने 10 दौर के मुकाबले में अजेय रहे।

उन्होंने नौवें दौर में बेलारूस के ग्रैंडमास्टर मिहेल निकितेंको पर जीत के बाद एकल बढ़त कायम की थी और फिर आखिरी दौर में अंतरराष्ट्रीय मास्टर अरोण्यक घोष के खिलाफ मुकाबला बराबरी पर छूटने के साथ खिताब पक्का कर लिया। निकितेंको (2520, बेलारूस) आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

उन्होंने भारतीय जीएम दीप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया। दीप्तयान ने ग्रैंडमास्टर कार्तिक वेंकटरमन पर जीत से प्रभावित करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। अपने अभियान को आठ अंक पर समाप्त करने वाले अरोण्यक और ग्रैंडमास्टर आदित्य एस सामंत टाईब्रेक पर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

## प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट में जीता कांस्य

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था। दीपा ने 2015 में हिरोशिमा में वॉल्ट में कांस्य पदक जीतने के एक साल के बाद ताशकंद में स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी प्रणति ने फाइनल में अपने शुरुआती प्रयास में 13.666 का स्कोर किया लेकिन दूसरे प्रयास में 12.866 के स्कोर ने उनके ओवरऑल स्कोर को प्रभावित किया। उन्होंने इससे पहले क्वालीफिकेशन चरण में 13.083 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में जगह पक्की की थी। प्रोतिस्ता ने 12.916 के स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## आईएसएसएफ विश्व कप : आर्या-बबूता ने जीता स्वर्ण

एजेंसी




म्यूनिख। आर्या बोरसे और अर्जुन बबूता की भारतीय जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चीन के मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन जिफेई वांग और लिहाओ शेंग की जोड़ी को 17-7 से हराकर शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। आर्या और बबूता अहम मौके पर धैर्य और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए चीन की जोड़ी को खिताबी मुकाबले में कोई मौका नहीं दिया।

भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 635.2 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया, जो वांग और शेंग (635.9) से सिर्फ 0.7 अंक पीछे था। चीन की जोड़ी का यह स्कोर क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड भी है। व्यक्तिगत तौर पर आर्या ने 317.5 का स्कोर किया, जबकि बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर किया। आर्या इस साल की शुरुआत में पेरू के लीमा में विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी है। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय जोड़ी इलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव 631.8 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रही। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने अमेरिका के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी पर 16-14 से जीत के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण और कुल चौथा पदक है। सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को स्वर्ण जीता था जबकि इस सप्ताह के शुरू में सिफ्त कौर समरा और इलावेनिल ने अपने-अपने व्यक्तिगत मुकाबलों में दो कांस्य पदक जीते थे। दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में मनु भाकर और आदित्य मालरा की जोड़ी क्वालिफिकेशन में 577 अंक के साथ छठे स्थान पर रही जबकि सुरुचि सिंह और वरुण तोमर 576 अंक के साथ 10वें स्थान पर रहे।

## हॉकी : ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा भारत

एंटवर्प (बेल्जियम)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं और शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था।

## चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पर

एजेंसी




पेरिस। लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

## जूडो खिलाड़ी ने कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने कोच पर प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक 19 वर्षीय जूडो खिलाड़ी द्वारा दायर जनहित याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई शुरू की और फिर इसे 16 जून के लिए निर्धारित कर दिया। देहरादून की रहने वाली इस खिलाड़ी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर की जूडो-कराटे खिलाड़ी है और पिछले सात वर्षों से देहरादून में सविता गुरुंग से प्रशिक्षण ले रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर वायुसेना का अद्वितीय पराक्रम

## युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ायें

एजेंसी



हैदराबाद। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने यह भी कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी। उन्होंने कहा भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ : रविशंकर



पटना। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद एक कैंसर की तरह है, जो पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से कहा हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया।

पूरी दुनिया ने एक स्वर में बात की और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं। हमने उन्हें यह भी बताया कि हम पाकिस्तान के नागरिकों के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उनके साथ समस्या यह है कि सेना के जनरल देश चलाते हैं। ये जनरल अपने नापाक कार्यों को अंजाम देने के लिए आतंकवादियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, ये पाकिस्तानी जनरल न तो जनता द्वारा चुने गए हैं और न ही वे अपने देश के लोगों के प्रति जवाबदेह हैं।

हमने दुनिया को बताया कि चाहे वह लंदन मेट्रो हमला हो, 11 सितंबर का हमला हो या बेल्जियम, जर्मनी और फ्रांस में हमले हों, सभी के तार पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों से जुड़े हैं। अब, ऐसी विनाशकारी ताकतों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि जब प्रतिनिधिमंडल से पूछा गया कि भारत ने पाकिस्तान के अंदर हमले क्यों किए, तो उन्हें बताया गया।

संक्षेप

## ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

वाशिंगटन। इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके। राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। हालांकि, ट्रंप ने यह रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए गए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केन्द्र, देश के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया।

# गाजा पर इजराइली हमलों में 16 की मौत

दीर अल बलाह। गाजा पट्टी पर शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात हुए इजराइली हमलों में कम से कम 16 फलस्तीनी नागरिक मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हमास के साथ 20 महीने से जारी युद्ध के बावजूद इजराइल ने ईरान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, जिसके जवाब में तेल अवीव और यरूशलम में ड्रोन और मिसाइल हमले हुए। इजराइल और अमेरिका समर्थित मानवीय समूह द्वारा संचालित खाद्य वितरण केंद्रों के पास रात भर हुए हमलों में 11 अन्य फलस्तीनी नागरिक मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने भीड़ पर गोलीबारी की जबकि सेना ने बताया कि चेतावनी के तौर पर केवल उन संदिग्धों के पास गोलियां चलाई गयीं, जो सैनिकों के नजदीक आए थे।

सेना ने हाल ही में हुई गोलीबारी पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ये जगह उन सैन्य क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां पर स्वतंत्र मीडिया की मौजूदगी प्रतिबंधित हैं। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने बताया कि शनिवार को इस क्षेत्र को बंद कर दिया गया।

# पीएम आज से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। मंत्रालय ने कहा, यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। बयान में कहा गया कि साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। इसमें कहा गया, यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र व यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 16-17 जून को कनाडा के कनानास्किस जाएंगे। प्रधानमंत्री लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी-7 देशों के नेताओं, अन्य आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेष रूप से एआई-ऊर्जा संबंध और क्वांटम से संबंधित मुद्दों सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे।

# जहाज में लगी आग बुझाने का काम जारी

## भारतीय तटरक्षक बल के 8 जहाज तैनात



एजेंसी

नयी दिल्ली। केरल तट के पास सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में आग लगने की घटना के पांच दिन बाद, भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के आठ जहाजों के साथ शनिवार को भी लगातार आग बुझाने का काम जारी रहा। एक कंटेनर में विस्फोट के बाद जहाज में आग लग गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इसके अतिरिक्त, आईसीजी का एक गश्ती पोत ऑपरेशन को जारी रखने के लिए एक बचाव नौका में बीच समुद्र में ईंधन भर रहा है। आईसीजी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मालवाहक जहाज एमवी वान हाई 503 पर लगी आग को बुझाने के लिए ऑपरेशन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जो नौ जून को एक कंटेनर में विस्फोट के बाद लगी थी, जब जहाज को तट से दूर रखने के लिए ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। शनिवार को भी लगातार आग बुझाने का अभियान जारी रहा। तटरक्षक के प्रवक्ता कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया, आईसीजी के आठ जहाज- सचेत, समर्थ, सक्षम, समुद्र प्रहरी, विक्रम, राजदूत, कस्तूरबा गांधी और अर्नवेश आग बुझाने के अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। यह घटना भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 9.20 बजे, केरल के कन्नूर जिले में अझिक्कल से लगभग 44 समुद्री मील दूर और कोच्चि से 130 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में घटित हुई। भारतीय नौसेना ने शनिवार को कुछ विवरण साझा किए, जिसे उसने एक दिन पहले जहाज पर बचाव दल के साहसिक कार्य के रूप में वर्णित किया।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा, त्वरित प्रतिक्रिया में बचाव दल के सदस्यों को कोच्चि स्थित आईएनएस गरुड़ पर एक हेलीकॉप्टर पर चढ़ाया गया। नौसेना के हेलीकॉप्टर ने चुनौतीपूर्ण मौसम और समुद्री परिस्थितियों तथा जहाज पर लगी आग के बीच सफलतापूर्वक दल को जहाज पर चढ़ाया।

# गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव से दूरी कायरता : कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया गाजा में युद्धविराम की मांग वाले संयुक्त राष्ट्र के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत सरकार का दूरी बनाना 'नैतिक रूप से कायरतापूर्ण कृत्यै था और मोदी सरकार के शासनकाल में विदेश नीति चरमरा गई है।

मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि पिछले छह महीनों में ऐसा क्या बदलाव आया जिसके कारण भारत ने युद्धविराम का समर्थन करना बंद कर दिया और फ़लस्तीन पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सैद्धांतिक रुख को भी छोड़ दिया? संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास एवं अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि हमारी विदेश नीति चरमरा गई है। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपनी विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर फैसला लेना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, गाजा में युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में 149 देशों ने मतदान किया। भारत उन 19 देशों में शामिल था जो अनुपस्थित रहे। इस कदम से हम वस्तुतः अलग-थलग पड़ गये हैं।

## मणिपुर में 300 से अधिक राइफल गोला-बारूद बरामद

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात खुफिया सूचना पर आधारित एक समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और सेना की संयुक्त टीमों ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, पांच कार्बाइन, दो एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की छह राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौल, एक एआर-15 और दो फ्लेयर बंदूक शामिल हैं।

इंटरटेनमेंट...

# पांच साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही काजोल



**मुंबई।** 27 जून को काजोल फिल्म 'मां' के जरिए बड़े पर्दे पर अपना कमबैक कर रही हैं। वो पांच साल के गैप के बाद स्क्रीन पर दिखने वाली है। इस बीच में उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू किया और कई अच्छे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। दिए इंटरव्यू में काजोल ने अपने कमबैक, ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और पति अजय के साथ काम करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। 'शैतान' में अजय ने जिम्मेदार पिता का रोल निभाया था।

इसकी अगली कड़ी में 'मां' के रूप में आप हैं। क्या इस ट्राइलॉजी की अगली फिल्म में आप दोनों साथ दिखेंगे? वैसे तो पता नहीं लेकिन आपके मुंह में घी-शक्कर। हम जरूर आपकी विश पूरी करने की कोशिश करेंगे। अजय बहुत अच्छे और जिम्मेदार प्रोड्यूसर हैं। वो बहुत ज्यादा इंवॉल्वड रहें। वो उन प्रोड्यूसर में से नहीं हैं कि चलो बस पेपर साइन कर दिया। स्क्रिप्ट, फिल्म का क्लाईमैक्स, वीएफएक्स इन सबमें अजय बहुत ज्यादा शामिल थे। वीएफएक्स तो एक अलग ही फिल्म है, जिसमें आपको सब कुछ इमेजिन करना पड़ता है। अजय ने सब कुछ अच्छे से किया। आपको हॉरर जॉनर की फिल्में कितनी पसंद है और असल जिंदगी में क्या आप डरती हैं? मैं बहुत ज्यादा डरती हूं इसलिए मैं हॉरर फिल्में देखती नहीं हूं। हॉरर फिल्म में काम कर लिया है, तो इसे तो अब देखना पड़ेगा। मैं बहुत बहादुर हूं। मेरे अंदर साहस ज्यादा है। मुझे कोई बोले कि किसी बिल्डिंग, गराज या किसी जगह अकेले चली जाओ तो मैं जाती हूं। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मैंने जिंदगी में ज्यादा हॉरर फिल्में देखी नहीं हैं तो ऐसी चीजें मुझे नहीं डराती हैं। मैंने अब तक हॉरर जॉर को अपनी जिंदगी से दूर ही रखा है लेकिन अब ये फिल्म मुझे देखनी पड़ेगी।

**34 साल लंबे करियर में आज भी मेरी फिल्म पर्दे पर आ रही है, खुद पर प्राउड हूं**

# आमिर ने माना 'दिल' का गाना महिला विरोधी



मुंबई । बीते साल फिल्म 'एनिमल' के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने आमिर खान की फिल्म 'दिल' की आलोचना की थी। उन्होंने फिल्म के कुछ सीन और 'खंबे जैसी खड़ी है' गाने को महिला विरोधी बताया था। अब एक्टर ने जूम को दिए इंटरव्यू में माना कि करियर की शुरूआत में उन्होंने कुछ गलत फिल्में की हैं।

जूम के इंटरव्यू में आमिर कहते हैं 'मुझसे कोई गलती हो जाए तो मुझे माफी मांगने में कोई तकलीफ नहीं है। जैसे कि मुझे लगता है कि शुरू-शुरू के करियर में मैंने कुछ चीजें की थीं, वो सही नहीं थीं। जैसे कि महिलाओं को ऑब्जेक्टिवफाई करना। मेरा गाना था खंबे जैसी खड़ी है। आप लफ्जों में महिला को ऑब्जेक्ट के साथ तौल रहे हो। इस गाने में मैंने कितने ऑब्जेक्ट के साथ लड़की की तुलना की थी। तो वो अच्छी बात नहीं है। इस बारे में मैंने अपने शो सत्यमेव जाते पर भी बात की थी। इसी इंटरव्यू में आमिर फिल्म 'जाने तू जाने ना' के उस कॉमेडी सीन का जिक्र करते हैं, जिसमें हीरो गुंडों से बचाने के लिए हीरोइन को एड्स मरीज बताता है।

## हर्षवर्धन राणे की फिल्म के सेट पर हुआ हादसा

मुंबई। एक्टर हर्षवर्धन राणे और एक्ट्रेस सोनम बाजवा जल्द ही फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में नजर आएंगे। गुरुवार को फिल्म की शूटिंग पूरी हुई, जिसके बाद टीम ने रैप-अप सेलिब्रेशन मनाया। लेकिन इसी दौरान अचानक ही हीलियम गैस के गुब्बारे फट गए और सेट पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा क्रू के साथ रैप-अप सेलिब्रेशन करते नजर आ रहे हैं। वहां खूब सारे पटाखे फूट रहे थे। इसी दौरान एक पटाखा अचानक हीलियम के गुब्बारों से टकरा गया, जिससे उनमें आग लग गई। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# अल्लू अर्जुन बनेंगे शक्तिमान ?, मुकेश खन्ना ने निभाया था किरदार



मुंबई। टीवी के सबसे लोकप्रिय शो में शुमार शक्तिमान को एक बार फिर से वापस लाने की तैयारी चल रही है। मेकर्स को इस आइकॉनिक किरदार के लिए एक नए चेहरे की तलाश थी, जो अब खत्म हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन शक्तिमान की भूमिका निभा सकते हैं।

इस बार शक्तिमान की कहानी को एक नए अंदाज में दर्शकों के सामने दिखाया जाएगा। बॉलीवुड बबल की रिपोर्ट के मुताबिक, 'शक्तिमान' को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर लाया जा रहा है। इस बार इस रोल में अल्लू अर्जुन नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि साउथ के जाने माने डायरेक्टर बेसिल जोसेफ इस प्रोजेक्ट का डायरेक्शन करेंगे। जबकि सोनी पिच्रस के बैनर तले बनाया जाएगा। इतना ही नहीं दो बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टूडियो गीता आर्ट्स के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, अभी तक इस मामले में कोई भी ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। बता दें, साल 2021 में ओटीटी पर आई फिल्म 'मिन्नल मुरली' के लिए बेसिल की खूब तारीफ हुई थी। कोरोना महामारी के कारण मजबूरन इस फिल्म को 2024 में मुकेश खन्ना ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्लू अर्जुन अगले सुपरहीरो के रोल के लिए एक अच्छा ऑपशन हो सकते हैं। एक्टर ने कहा था, 'मैं किसी भी बात के लिए प्रतिबद्ध नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अल्लू अर्जुन शक्तिमान हो सकते हैं।

उनके पास अच्छी शक्ल और लंबाई है। लेकिन पुष्पा के मेकर्स ने उन्हें खलनायक में बदल दिया है। फिर भी वो शक्तिमान के रोल में फिट बैठेंगे। हालांकि, बाद में मुकेश ने यह भी कहा था आखिरी फैसला मेकर्स का ही होगा। बता दें, पिछले एक साल से 'शक्तिमान' को लेकर विवाद चल रहा है। बीते साल मुकेश खन्ना ने एक पॉडकास्ट में खुलासा किया था कि रणवीर शक्तिमान बनना चाहते हैं। राइट्स के लिए एक्टर उनसे मिलने के लिए तीन घंटे तक इंतजार किया था। हालांकि, रणवीर से मिलने के बाद मुकेश उन्हें राइट्स देने से मना कर दिया क्योंकि उन्हें उनके चेहरे में मासूमियत नहीं दिखी।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com